RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 152
नई दिल्ली, शनिवार, 10 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित


# पायनियर




मार्गट रॉबी को है चाय की लत
विविध-12



www.dailypioneer.com


# अमेरिकी नौसेना अभ्यासः भारत की भौहें तनीं

● बिना इजाजत भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र में किया ड्रिल, नई दिल्ली ने राजनयिक चैनलों के जरिये वाशिंगटन से जताई चिंता

● अमेरिका ने अभ्यास को अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फाइल फोटो

**अमेरिकी** नौसेना द्वारा इस हफ्ते की शुरुआत में भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में नौसैनिक अभ्यास पर नई दिल्ली की भौहें तन गई है क्योंकि इस रणनीतिक अभ्यास के लिए भारत से पूर्वानुमति नहीं ली गई थी और यह अंतरराष्ट्रीय संधि के बिलकुल खिलाफ है। लेकिन अमेरिका ने दावा किया है कि यह अभियान अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप है।

भारत की बगैर अनुमति के यह अभ्यास ऐसे समय में किया गया जब दोनों देश रणनीतिक और रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसके अलावा दोनों देश, जो अब क्वाड देशों का हिस्सा हैं, पिछले साल मालाबार श्रृंखला के तहत आस्ट्रेलिया और जापान के साथ नौसैनिक अभ्यास कर चुके हैं। इस अभ्यास को अपवाद स्वरूप लेते हुए विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने राजनयिक चैनलों के जरिये अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है। मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी जहाज जॉन पॉल जोन्स पर फारस की खाड़ी से मलक्का जलडमरूमध्य की ओर जाने के दौरान लगातार नज़र रखी गई थी तथा इसके भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र से गुजरने को लेकर देश की चिंताओं से अमेरिकी सरकार को राजनयिक माध्यम से अवगत करा दिया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार का समुद्र से जुड़े कानून के बारे में संयुक्त राष्ट्र संधि को लेकर स्पष्ट रूख है कि यह किसी अन्य देश को संबंधित तटीय देश की अनुमति के बिना विशेष आर्थिक क्षेत्र में या महाद्वीपीय क्षेत्र में सैन्य अभ्यास करने को अधिकृत नहीं करता है, विशेष तौर पर ऐसे अभ्यास जिसमें हथियार या विस्फोटक शामिल हों। मंत्रालय के मुताबिक अमेरिकी जहाज जॉन पॉल जोन्स पर फारस की खाड़ी से मलक्का जलडमरूमध्य की ओर जाने पर लगातार नज़र रखी गई थी। अमेरिकी जहाज के हमारे विशेष आर्थिक क्षेत्र से गुजरने के बारे में हमने अपनी चिंताओं के बारे में राजनयिक चैनलों के माध्यम से अमेरिका को अवगत कराया है। गौरतलब है कि अमेरिकी नौसेना ने भारत की पूर्वानुमति के बिना बुधवार को लक्षद्वीप द्वीप समूह के निकट भारतीय जलक्षेत्र में नौपरिवहन स्वतंत्रता अभियान शुरू कर दिया। अमेरिकी नौसेना की सातवीं फ्लीट के कमांडर की ओर से जारी बायन में कहा गया है कि मिसाइल भेदी यूएसएस जॉन पॉल जोन्स के जरिए सात अप्रैल को यह अभियान शुरू किया गया। अमेरिकी कमांडर के बयान में कहा गया है, सात अप्रैल, 2021 को यूएसएस जॉन पॉल जोन्स (डीडीजी 53) ने भारत की अनुमति के बिना, अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र लक्षद्वीप द्वीपसमूह के पश्चिम से लगभग 130 समुद्री मील दूर नौपरिवहन अधिकार एवं स्वतंत्रता अभियान शुरू किया।

इस बयान के जारी होने के बाद अमेरिका ने अभ्यास के बारे में बताया। भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र या उपमहाद्वीपीय इलाके में सैन्य अभ्यास या अभियान के लिए उससे पूर्वानुमति लेनी होती है। अमेरिकी बयान में दावा किया गया है कि यह अभियान अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप शुरू किया गया है। बयान के अनुसार, नौपरिवहन स्वतंत्रता अभियान के तहत भारत के अत्यधिक समुद्री दावों को अंतरराष्ट्रीय मान्यता कानूनों के जरिए चुनौती देकर समुद्र के कानून संगत इस्तेमाल का अधिकार और स्वतंत्रता है। इस बयान से नई दिल्ली नाखुश है। अमेरिका भारत करीबी रणनीतिक सहयोगी है और दोनों (शेष पेज 9)

# टीके के बाद विपरीत प्रभाव के 700 गंभीर मामले आए

कोविड-19

● एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन लेने के बाद उभरी समस्या पर वैश्विक चिंता के मद्देनजर सरकार की सीधी नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एस्ट्राजेनेका**-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की वैक्सीन कोविशील्ड की खुराक लेने के बाद देश में अब तक 700 गंभीर और अति गंभीर केस उभर कर सामने आए हैं। देशभर में टीकाकरण अभियान 16 जनवरी को शुरू हुआ था और कोविशील्ड और कोवैक्सीन का टीका लगाने की इजाजत सरकार ने दी थी। कई देशों में कोविशील्ड टीका लेने के बाद खून का थक्का जमने की शिकायत मिली है। स्थानीय स्तर भी यह समस्या आई है। वैश्विक चिंता को देखते हुए केंद्र सरकार हालात पर पैनी नजर बनाए हुए है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूरोपीयन रेगुलेटर की रिपोर्ट के बाद टीका लेने के बाद कुछ लोगों को हो रही परेशानी के मामलों की निगरानी के लिए सरकार ने कमेटी बना दी है। कमेटी अपनी रिपोर्ट सप्ताह के अंत तक सौंप देगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। भारत में बड़ी संख्या में यह टीका लगाया जा रहा है। लगभग 83 मिलियन से अधिक कोविशील्ड वैक्सीन के 90 प्रतिशत टीके अब तक लगाए जा चुके हैं। शेष 8.1 मिलियन खुराक भारत बायोटेक की कोवैक्सीन की लगा जा रही है। बीते बुधवार को यूरोपियन मेडिसिन एजेंसी (ईएमए) ने पुष्टि करते हुए कहा कि कोविशील्ड की खुराक लेने के बाद खून का थक्का जमने और प्लेटलेट्स कम होने की शिकायत मिली है, लेकिन इन्हें अभी भी बहुत दुर्लभ दुष्प्रभावों के रूप में सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। वास्तव में, बीते 29 मार्च तक देशभर में 6 करोड़ से अधिक लोगों का टीकाकरण हो चुका था। इनमें लगभग 180 लोगों की मौत टीका लगने के बाद हुई और 617 लोगों में प्रतिकूल घटनाएं सामने आई हैं। इसका मतलब यह है कि प्रतिकूल मामलों में से 29.2 प्रतिशत मौतों के रूप में सामने आए। हालांकि, इनमें से एक मौत के लिए भी टीके को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। मंत्रालय ने पाया है कि जिन लोगों की मौत हुई, उन सभी को अन्य गंभीर बीमारियां थीं। टीके के बाद खून का थक्का जमने के मामलों की जांच अभी तक भारत में नहीं की गई।

## टीका लेने के बाद लापरवाही बरतने से जकड़ रहा संक्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● विशेषज्ञों के मुताबिक वायरस के खिलाफ टीका आने के बाद जोखिम लेने का यह रवैया पेल्ट्जमैन इफेक्ट है

**टीकाकरण** अभियान में तेजी के बावजूद देश में कोविड-19 के मामले प्रत्येक गुजरते दिन बढ़ते जा रहे हैं। इस बीच, सरकार को एक नई चिंता यह सताने लगी है कि बड़ी संख्या में वायरस उन लोगों को भी संक्रमित कर रहा है, जो वैक्सीन लगवा चुके हैं। इनमें बड़ी संख्या में डॉक्टर भी शामिल हैं।

दूसरी लहर के बीच उभरी इस समस्या के कारण देश में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। सफदरजंग अस्पताल में सामुदायिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. जुगल किशोर ने कहा कि टीका लगने के बाद भी डॉक्टरों को कोरोना होने से अस्पतालों में उनका काम प्रभावित हो सकता है। यदि डॉक्टर क्वॉरंटीन के लिए चले जाएंगे या बीमार पड़ जाएंगे तो स्वास्थ्य सेवाएं कौन संभालेगा। उदाहरण के लिए, दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में कम से कम 37 डॉक्टरों को कोरोना हो गया है। इनमें से पांच को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इसी तरह, शहर के एक और अस्पताल में कुछ दिन के भीतर लगभग 40 डॉक्टर पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें अधिकांश ने पहले चरण के दौरान ही वैक्सीन की खुराक ले ली थी।

अध्ययन से पता चला है कि पेल्ट्जमैन प्रभाव के कारण डॉक्टर कोरोना की चपेट में आ रहे हैं। पेल्ट्जमैन प्रभाव उस स्थिति को कहा जाता है जब सुरक्षा उपाय अपनाने वाले लोगों में खतरा कम होने की (शेष पेज 9)

# असम में कांग्रेस गठबंधन के 22 प्रत्याशियों को जयपुर लाया गया

● अगले महीने चुनाव परिणाम आने से पहले भाजपा के पाले में जाने से बचाने की कवायद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर

**असम** में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के हॉर्स ट्रेडिंग के प्रयास को विफल करने के लिए में ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) ने शुक्रवार को अपने सभी विधानसभा उम्मीदवारों को कांग्रेस शासित प्रदेश राजस्थान पहुंचा दिया है। चार्टर्ड प्लेन से लाए गए 22 प्रत्याशियों को जयपुर के होटल में ठहराया गया है।

संभवत: यह पहला मामला होगा जिसमें विधायकों के बजाय चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को पाला बदलने के डर से सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। असम में कांग्रेस के नेतृत्व वाले दस दलों के विपक्षी गठबंधन में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ भी शामिल है। जयपुर लाए गए उम्मीदवारों को उसी फेयरमाउंट होटल में रखा गया है जहां बीते साल जुलाई में कांग्रेस की आंतरिक कलह के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समर्थक विधायकों को ठहराया गया था। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा चुनाव हारने के बाद जब अन्य दलों के विधायकों को तोड़ने की कोशिश करती है तो सहयोगी दल सुरक्षा के उपाय करना चाहते हैं। अब यह एक ट्रेंड बन गया है।

ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि इन उम्मीदवारों को राजस्थान से दुबई ले जाया जा सकता है, क्योंकि असम में होने वाले चुनावों के नतीजे 2 मई को घोषित होंगे। असम मीडिया से बात करते हुए एआईयूडीएफ के एक उम्मीदवार ने कहा कि हमारे ठहरने का इंतजाम राजस्थान सरकार ने किया है। एआईयूडीएफ प्रमुख मौलाना बदरुद्दीन अजमल उनके साथ नहीं हैं, क्योंकि वे मुंबई में हैं। यहां उम्मीदवार अजमेर शरीफ (शेष पेज 9)

# नोटिसों से बेपरवाह ममता का अमित शाह पर हमला जारी

● शाह को नियंत्रण में रखने की प्रधानमंत्री से की मांग, कहा-अन्यथा वे भड़का सकते हैं दंगा

● शाह का पलटवार हार सामने देख दीदी हो चुकी हैं हताश

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता





**चुनाव** आयोग ने ममता बनर्जी के उस बयान पर, जिसमें उन्होंने अपने समर्थकों से केंद्रीय सुरक्षा बलों को घेरने के बाद वोट देने की अपील और सुरक्षा बल के जवानों को अमित शाह का आदमी बताया था पर दूसरी बार नोटिस जारी किया है।

लेकिन इससे बेपरवाह ममता बनर्जी का केंद्रीय गृहमंत्री शाह के खिलाफ हमला जारी है। उन्होंने कहा कि अमित शाह पर प्रदेश में दंगा भड़काने की साजिश के तहत पुलिस पर अनैतिक काम के लिए दबाव बना रहे हैं। वहीं ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय बलों के खिलाफ उनका गुस्सा विधानसभा चुनावों में आसन्न हार को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की निराशा का सबूत है।

मेमारी में सभा को संबोधित करने पहुंची तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने संवाददाताओं से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शाह को नियंत्रित करने को कहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि शाह राज्य में दंगा भड़का सकते हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने अपने पूरे जीवन में ऐसा गृहमंत्री नहीं देखा है। अमित शाह बाघ से भी ज्यादा खतरनाक हैं। बनर्जी ने राज्य में चल रहे विधानसभा चुनावों को बंगाल की अस्मिता की रक्षा का प्रयास बताया। चुनाव आयोग ने केंद्रीय सशस्त्र बलों पर टिप्पणी करने पर मुख्यमंत्री को शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे तक नोटिस का जवाब देने को कहा है।

वहीं ममता बनर्जी ने पूर्वी बर्धमान के जमालपुर में एक रैली में कहा, जब तक सीआरपीएफ भाजपा के लिए काम करना बंद नहीं करती, मैं उसके बारे में बोलती रहूंगी। जब वे ऐसा करना बंद कर देंगे तो मैं उन्हें सलाम करूंगी। मुझे आपके (चुनाव आयोग के) कारण बताओ नोटिसों की कोई फिक्र नहीं है। आप भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। दूसरी ओर शाह (शेष पेज 9)

## दिल्ली में अगले आदेश तक सभी स्कूल और कॉलेज बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस संक्रमण के मामलों में लगातार हो रहे इजाफे के चलते राजधानी दिल्ली में सभी स्कूल-कॉलेज अगले आदेश तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कोविड-19 के बढ़ते मामलों के कारण, दिल्ली में सभी स्कूल (सरकारी, प्राइवेट सहित), सभी कक्षाओं को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया गया है। दिल्ली सरकार शिक्षा निदेशालय के आदेश के अनुसार, 9वीं से 12वीं कक्षा के किसी भी छात्र को किसी भी काम के लिए स्कूल नहीं बुलाया जाएगा। अन्य क्लास के लिए तो पहले ही स्कूल बंद (शेष पेज 9)

## कोविड-19: बढ़ोतरी से निपटने में असमर्थ रहने पर लग सकता है लॉकडाउन: टोपे

**भाषा।** मुंबई



**महाराष्ट्र** के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा है कि कोविड-19 मामलों की वृद्धि के मद्देनजर राज्य में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए दो से तीन सप्ताह का पूर्ण लॉकडाउन आवश्यक है।

टोपे ने साथ ही कहा कि ऐसा कदम तब उठाया जा सकता है जब सरकार स्थिति से निपटने में असमर्थ हो। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्तमान समय में लागू पाबंदियों से सरकार मामलों में बढ़ोतरी से निपट सकेगी। टोपे ने यह भी स्वीकार किया कि सरकार द्वारा संक्रमण में बढ़ोतरी को काबू पाने के बाद चलता है रवैया आ गया था। टोपे ने समाचार चैनल एनडीटीवी से कहा, हमें 15 दिनों से लेकर तीन सप्ताह तक पूर्ण लॉकडाउन की आवश्यकता होगी, हालांकि मैं तत्काल उसके पक्ष में नहीं हूं।

यदि अस्पतालों में दवाओं की कमी हो और यदि सरकार रोगियों की बढ़ती संख्या का सामना करने में असमर्थ हो, तब ऐसा कदम उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए लॉकडाउन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि हम वायरस को वर्तमान (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,591 ↓ 154 | | |
| निफ्टी | 14,834 ↓ 38 | | |
| सोना | 46,257 ↑ 97 | /10g | |
| चांदी | 66,253 ↓ 275 | /kg | |

## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़ सात आतंकवादी हुए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां और पुलवामा जिलो मे सुरक्षा बलो ने दो मुठभेड़ो में आतंकवादी संगठन अंसार गजवातुल हिंद के प्रमुख इम्तियाज अहमद शाह समेत सात आतंकवादियो को मार गिराया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, शोपियां में हुई मुठभेड़ मे पांच जबकि पुलवामा जिले के त्राल इलाके के नौबाग में हुई मुठभेड़ मे दो आतंकवादी मारे गए। इससे पहले कश्मीर जोन की पुलिस ने कहा था कि बीती रात मुठभेड़ के बाद शोपियां मे एक मस्जिद मे छिपे दो आतंकवादियो को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने एक ट्वीट मे कहा, छिपे हुए आतंकवादी के भाई और स्थानीय इमाम साहब को आतंकवादी को बाहर लाने और आत्मसमर्पण करने के लिए मस्जिद के भीतर भेजा गया है।

# ब्रिटेन की महारानी के पति प्रिंस फिलिप का निधन



**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन** की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पति प्रिंस फिलिप का निधन हो गया है। वह 99 वर्ष के थे। बकिंघम पैलेस ने यह जानकारी दी।

महारानी की ओर से जारी एक बयान में राजमहल ने कहा कि प्रिंस फिलिप का शुक्रवार को सुबह विंडसर कैसल में निधन हो गया। बयान में कहा गया है, गहरे दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि महारानी के पति प्रिंस फिलिप- ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग का निधन हो गया है। उन्होंने आज सुबह विंडसर कैसल में अंतिम श्वांस ली। दस जून को प्रिंस फिलिप का 100 वां जन्मदिन होता।

पिछले दिनों उन्हें करीब एक महीने तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था जहां हृदय संबंधी बीमारी को लेकर उनका इलाज किया गया था। कोरोना वायरस (शेष पेज 9)

# जेवर एयरपोर्ट मेट्रो का खाका तैयार, अब पांच जगह बनेंगे स्टेशन

● डीएमआरसी तैयार करेगा फिजिबिलिटी रिपोर्ट और परियोजना

**रिंकू यादव।** नोएडा



**ग्रेटर** नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक प्रस्तावित मेट्रो रेल धरातल पर उतरने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया है। शासन ने डीएमआरसी से इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट व परियोजना तैयार कराने की अनुमति दे दी है। शहर के नॉलेज पार्क से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक हाई स्पीड मेट्रो रेल प्रस्तावित है।

प्रशासन का पूरा प्रयास है कि नोएडा एयरपोर्ट पर उड़ानें शुरू होने तक ग्रेटर नोएडा से वहां तक मेट्रो सेवा भी बहाल हो जाए। नॉलेज पार्क से नोएडा एयरपोर्ट की सीमा तक 35.6 किलोमीटर मेट्रो रूट प्रस्तावित है। इसे बनाने में करीब 5708 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। अब तक इस रूट पर 25 स्टेशन बनाने की योजना थी। लेकिन अब इसमें इसमें बदलाव किया गया है। दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो की तर्ज पर इसे एक्सप्रेस लाइन बनाया जाएगा। इसलिए 25 के बजाय फि लहाल अधिकतम पांच स्टेशन निर्मित किए जाएंगे। दरअसल इस रूट पर आबादी कम है।

इस वजह से भी ज्यादा स्टेशनों की जरूरत नहीं है। बड़ी बात यह है कि इस रूट की परियोजना व फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी डीएमआरसी को सौंपी गई है। शासन ने इस पर मुहर लगा दी है। 35 किलोमीटर लंबे इस मेट्रो रूट की कई खासियत होंगी। मेट्रो नेटवर्क पर 32 किलोमीटर लाइन एलिवेटेड होगा। तीन किमी लाइन भूमिगत होगी। यह रेल रूट यमुना एक्सप्रेसवे के पैरलल (शेष पेज 9)

### लाइट मेट्रो रेल का विकल्प भी है खुला

**यमुना** प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि ग्रेटर नोएडा से नोएडा एयरपोर्ट तक सामान्य मेट्रो के बजाय एक्सप्रेस लाइन बनाने का फैसला लिया गया है। शासन के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने की जिम्मेदारी डीएमआरसी को सौंपी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद इस महत्वपूर्ण रूट के बारे में सटीक जानकारी मिलेगी। ग्रेटर नोएडा से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक लाइट मेट्रो का विकल्प भी खुला है। डीएमआरसी इस रेल लाइन पर लाइट मेट्रो का भी विकल्प सुझाएगी। दरअसल लाइट मेट्रो के निर्माण में लागत बेहद कम होगी। विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य मेट्रो की तुलना में लाइट मेट्रो के निर्माण में 35.40 फीसदी कम लागत आएगी।

# कोरोना नियम तोड़े तो कंपनी-संस्थान होंगे सीज

## नोएडा के डीएम ने कांटेक्ट ट्रेसिंग व निगरानी टीम को और अधिक सक्रिय होने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बड़ा आदेश जारी किया है। अगर जिले में किसी भी संस्थान में कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन होते पाया गया तो उस कंपनी या संस्थान सीज कर दिया जाएगा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कोरोना वायरस का संक्रमण के बढ़ने पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

सुहास एलवाई ने कोविड-19 को लेकर ऑनलाइन बैठक की। डीएम ने आदेश दिया है कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी संस्थान में कोविड-19 का उल्लंघन होते हुए पाया जाए तो संस्थान को 24 घंटे के लिए सीज कर दिया जाए। डीएम ने कहा कि सभी कोविड अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पर्याप्त और समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आदेश दिया कि कांटेक्ट ट्रेसिंग और सर्विलेंस टीम को और अधिक सक्रिय करें। कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

सभी कोविड अस्पतालों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। कोरोना पेशेंट को मानकों के अनुरूप इलाज दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी दिवाकर सिंह, सभी उपजिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक अहोरी ने भाग लिया।



नाइट कर्फ्यू लगने के बाद वाहनों को रोकती नोएडा पुलिस। फोटो: दीपक यादव

### कोविड-19 की नई लहर से निपटने की तैयारी

**गाजियाबाद।** जनपद में कोरोना की नई लहर से निपटने के लिए जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे ने कोविड कंट्रोल रूम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ कोविड के बढते मामलों पर समीक्षा की। उन्होंने इस मौके पर मैसर्स आईनोक्स एयर प्रोडक्ट प्रा. लिमिटेड के अधिकारियों के साथ जनपद में ऑक्सीजन सिलेंडरों की आपूर्ति की समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि कोरोना काल में जनपद में कहीं भी ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित न हो। बता दें कि मोदीनगर स्थित आईनोक्स एयर प्रोडक्ट प्रा. लिमिटेड की इकाई से ही वर्तमान में जनपद में ऑक्सीजन की आपूर्ति हो रही है। यह इकाई प्रतिदिन 100 टन ऑक्सीजन का उत्पादन कर रही है।

### 70 के खिलाफ एफआईआर, 27 वाहन जब्त

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कोरोनावायरस का संक्रमण विकराल रूप धारण कर रहा है। दूसरी ओर आम आदमी पुलिस, प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की बात मानने के लिए तैयार नहीं है। लोग भीड़ भरे इलाकों में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे हैं। मास्क लगाने से परहेज बरतते हैं। लिहाजा, पुलिस ने सख्ती बरती है। जिले भर में हजारों लोगों के चालान काटे गए हैं। बड़ी संख्या में वाहन जब्त कर लिए गए हैं। 70 लोगों के खिलाफनिषेधाज्ञा का उल्लघंन करने पर एफआईआर दर्ज की गई है। गौतमबुद्ध नगर के पुलिस कमिश्नर आलोक कुमार सिंह ने कहा है कि नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गौतमबुद्ध नगर में फूटा कोरोना बम, 239 संक्रमण के नए मामले

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले में कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है। शुक्रवार को एक बार फिर जिले में काफी डरावने मामले आए है। शुक्रवार को जिले में 239 लोगों में कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई है। इन मामलों के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की टीम के हडकंप मच गया है।

जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि शुक्रवार को जनपद में कोरोना वायरस से 239 लोग संक्रमित हुए है। जिले के अलग.अलग अस्पतालों में इस समय 913 मरीजों का उपचार चल रहा है। अब तक जनपद में 26 हजार से ज्यादा मरीज उपचार के दौरान ठीक होकर अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं। जबकि 27 हजार से ज्यादा मरीज अब तक जिले में कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक कोविड-19 के संक्रमण की वजह से 93 लोगों की मौत हो चुकी है।



## संक्षिप्त समाचार


जिला महिला अस्पताल में इंजेक्शन लगवाती एक महिला।

### 1300 महिलाओं ने लगवाया गर्भनिरोधक इंजेक्शन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जनपद में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस और अंतरा दिवस एक साथ मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनके गुप्ता ने बताया इस विशेष अंतरा दिवस का आयोजन कोविड काल में सामुदायिक गतिविधियों के प्रभावित होने से परिवार नियोजन कार्यक्रम को गति देने के लिए किया गया । परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डा. विश्राम सिंह ने बताया जनपद में शुक्रवार को 50 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इसका आयोजन किया गया। डासना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सबसे ज्यादा 40 महिलाओं ने त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा अपनाया। दूसरा नंबर लोनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रहा, यहां 19 महिलाओं ने अंतरा अपनाया। लोनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डा. राजेश तेवतिया के निर्देशन में डा. रीता आर्या ने अंतरा को लेकर महिलाओं की शंका का समाधान किया। इस मौके पर परिवार नियोजन विशेषज्ञ खालिद हुसैन भी मौजूद रहे। डा. सिंह ने बताया विशेष अंतरा दिवस के मौके पर जनपद में कुल 130 महिलाओं को अंतरा गर्भनिरोधक इंजेक्शन लगाए गए।

### नगर निगम ने सम्पत्ति कर 15 प्रतिशत बढ़ाया

गाजियाबाद। नगर निगम प्रशासन ने भारी विरोध को दरकिनार करते हुए संपत्ति कर में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। यानी नगर निगम की सीमा में रहने वाले लोगों को अब संपत्ति कर अदा करने में ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ेगी। नगर निगम ने संपत्ति कर में 15 प्रतिशत का इजाफा किया है । संपत्ति कर में जमा करने की घोषणा खुद नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। दूसरी और कांग्रेस पार्षद मनोज चौधरी ने इस बढ़ोतरी की अव्यवहारिक बताते हुए विरोध करने की घोषणा की है। नगर आयुक्त ने बताया कि इस संबंध में कोई प्रस्ताव बोर्ड में भेजने की जरूरत नहीं है क्योंकि पूर्व में एक प्रस्ताव बोर्ड बैठक में यह स्वीकृत हो चुका है कि नगर निगम प्रत्येक वर्ष संपत्ति कर में 5 प्रतिशत बढ़ोतरी कर सकता है ।

### कार में स्कूटी टच होने पर बच्चे की पिटाई, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम इलाके में एक फॉर्च्यूनर सवार रईसजादे ने एक नाबालिग लड़के की सिर्फ इसलिए बेरहमी से पिटाई कर दी क्योंकि उसकी स्कूटी फॉर्च्यूनर से टच हो गयी थी। पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से कार ट्रेस कर आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया है। बता दें कि वीडियो मे साफ दिख रहा है कि गाड़ी सवार युवक बच्चे की पिटाई कर रहा है। आसपास जो लोग वीडियो बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उनको भी दबंग युवक वीडियो बनाने से मना करता हुआ दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि बच्चे का कसूर इतना था कि वह स्कूटी पर जा रहा था। इसी दौरान स्कूटी जाकर चलती गाड़ी से टच हो गई थी, जिस पर गाड़ी सवार भड़क गया और उसने बच्चे पर लात-चांटे बरसाने शुरू कर दिये। पुलिस के पहुंचने से पहले पिटाई करने वाले युवक गाड़ी समेत फरार हो गए।

### सीईओ नरेंद्र और एसीईओ अमनदीप कोविड प्रभारी बने

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के सारे शीर्ष अफसरों को उत्तर प्रदेश सरकार ने इधर-उधर की जिम्मेदारियां दे दी हैं। जिसके चलते प्राधिकरण खाली हो गया है। नियमित कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण को कोविड-19 का नोडल अफसर बना दिया गया है। उन्हें पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से करवाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण को गौतमबुद्ध नगर जिले में कोरोनावायरस संक्रमण के खिलाफ चल रहे अभियान का नोडल अफ्सर नियुक्त किया गया है। है। दूसरे अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमनदीप डुली को गाजियाबाद भेजा गया है।

# वैक्सीन की किल्लत, दूसरी खुराक नहीं मिलीं

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में कोरोना वायरस का टीकाकरण अभी पूरी रफ्तार भी नहीं पकड़ पाया था कि वैक्सीन की कमी के चलते इसकी गति थम गई है। 9 मार्च को नोएडा के सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी हॉस्पिटल में टीकाकरण नहीं होगा का बोर्ड लटका दिया गया।




जिला प्रशासन ने निर्धारित 10000 टीकाकरण के लक्ष्य को 30 फ़ीसदी तक कम कर दिया है। जिला प्रशासन का कहना है कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। जल्द ही वैक्सीन की खुराक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो जाएगी। लेकिन बुजुर्गों और बीमारियों से पीड़ित लोगों को उनकी पूर्व निर्धारित तिथि पर वैक्सीन की दूसरी खुराक नहीं मिल पा रही है।

पहले लोग टीकाकरण केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे थे। मगर 45 वर्ष उम्र सीमा में छूट मिलने के बाद लाभार्थी सेंटर पर जाने लगे तो वैक्सीन की किल्लत होने लगी है। रजिस्ट्रेशन होने के बावजूद टीकाकरण नहीं हो पा रहा है। इसका कारण मेरठ से वैक्सीन के नोएडा ना पहुंचने को बताया जा रहा है। दूर-दूर से आए लोगों को परेशान होकर वापस जाना पड़ रहा है।

नोएडा के ईएसआई अस्पताल में कोरोना की वैक्सीन न पहुंच पाने के कारण आठ तारीख को टीकाकरण नहीं होगा का बोर्ड लगा दिया गया। टीका लगवाने आए लोगों को वापस घर भेज दिया गया। ग्रेटर नोएडा से टीका लगाने आए एक शख्स का कहना था किए टीकाकरण नहीं होगा का बोर्ड देख कर उन्हें वापस लौटना पड़ा। अगर पहले सूचना मिल जाती तो समय और पैसा दोनों बच जाता।

### निजी अस्पतालों में खत्म हुआ टीके का स्टॉक

**गाजियाबाद।** प्राइवेट अस्पतालों में लोगों को वैक्सीन नहीं लग पा रही है। कई प्राइवेट अस्पतालों में वैक्सीन खत्म होने की खबर है। यहां प्रबंधन ने वैक्सीन खत्म होने से सम्बंधित सूचना अस्पताल के गेट पर चस्पा कर दी है। वैक्सीन की कमी से सबसे ज्यादा दिक्कत उनके लिए खड़ी हो गयी है जो वैक्सीन की पहली डोज ले चुके थे और उन्हें दूसरी डोज तय तारीख पर नहीं लगी। इन्दिरापुरम स्थित लाइफ अस्पताल के डॉक्टर आलोक गुप्ता का कहना है कि सोमवार के बाद से अस्पताल में वैक्सीन का स्टॉक खत्म हो गया है।

## कुछ को चेताया, कई लोगों का चालान



**गाजियाबाद।** गुरुवार रात से लगे नाइट कर्फ्यू के चलते गाजियाबाद पुलिस शहर की सड़कों पर काफी मुस्तैद दिखाई दी। पहले दिन रात 10 बजे के बाद बिना वजह घर से बाहर निकले लोगों को पुलिस ने समझाया और घर भेजा। हालांकि इस दौरान नाइट कफ्यू में बिना मास्क पहने निकले लोगों का पुलिस ने चालान किया। जिले में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

मौजूदा समय में कोरोना के 500 से अधिक सक्रिय केस हैं। लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामलों को मद्देनजर जिले में नाइट कर्फ्यू लगाया है। ऐसे में नाइट कर्फ्यू के पहले दिन कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराने के लिए रात में पुलिस सड़कों पर मुस्तैद नजर आई। गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित पाठक, एसपी सिटी निपुण अग्रवाल समेत अन्य पुलिस अधिकारी शहर का भ्रमण करते नजर आए। पुलिस ने नवयुग मार्केट में एक गाड़ी को रुकवाया तो उसमे सवार चार लोग बिना मास्क के मिले। लिहाजा पुलिस ने चालान किया।

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER- II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL- II, DELHI
4th Floor, Jeevan Tara Building, Parliament Street, New Delhi-110001.
PROCLAMATION OF SALE
NOTICE UNDER RULE 38 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION 25(A) THE RECOVERY OF DEBTS DUE TO BANKS & FINANCIAL INSTITUTIONS ACT,1993.
RC No. 312/2014 Dated: 02-03-2021
In the matter of:
ICICI BANK VS BHARAT SOMASTAMB
TO
CD#
Mr. Bharat Somastamb. S/o. Sh. Krishan Gopal Somastamb. R.o House No.523, Sector-21C Faridabad, Haryana-121001.
Also At:- Bharat Enterprises, G1/203A, Indera Enclave, Sector-21-D, Faridabad-121002.
Whereas in execution of ibid RC No.312/2014 dated 28.08.2014 in OA No.308/2013 drawn up by the Hon'ble Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal-II, Delhi, the CD is to pay to the applicant **Rs.12,16,823/- (Rs. Twelve Lacs Sixteen Thousand Eight Hundred And Twenty Three Only)** has become due from you as per the ibid Recovery Certificate drawn in OA No. 308/2013 by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal - II, Delhi. The applicant is entitled to recover a sum of **Rs. 12,01,823/- (Rs. Twelve Lacs One Thousand Eight Hundred And Twenty Three Only)** alongwith pendentelite and future interest @15.01% per annum w.e.f. 18.10.2013 till realization with cost of Rs.15,000/- and costs from the Certificate Debtor (CD), failing which the amount shall be recovered by sale of the hypothecated vehicles. In case of any shortfall, the same shall be recovered from the personal movable and immovable assets of the CD.
2. And whereas the undersigned has ordered the sale of the hypothecated vehicle mentioned in scheduled property for satisfaction of the said Recovery Certificate.
3. Notice is hereby given that in the absence of any order of postponement, the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) shall be sold through auction by **Sh. Kamlesh Kumar Tiwari, Advocate (Mobile No. 9810019131),** by Public Auction at **11:00, AM on 06.05.2021.**
**4. The CH bank shall ensure that prospective bidders are allowed inspection of the said hypothecated vehicle (mentioned under the schedule of property below) before day of auction for which interested individuals may contact the concerned officer of CH Ms. Kalayani Preeti (MOB: 9599281817).**
5. The sale shall be of the movable property of the above named Certificate Defaulters (CD), subject to the liabilities and claims attaching to the said hypothecated vehicle, if any.
6. The sale shall be stopped if, before lot is knocked down, the arrears mentioned in the said certificate, interest costs (including cost of sale) are tendered to the officer conducting the sale or proof is given to his satisfaction that the amount of such certificate alongwith the interest and costs has been paid to the undersigned.
7. At the sale the public generally are invited to bid either personally or by duly authorized agent. No officer or other person, having any duty to perform in connection with this sale shall, however, either directly or indirectly bid for, acquire or attempt to acquire any interest in the property sold.
8. The property is being sold on **"AS IS WHERE IS" BASIS AND "AS IS WHAT IS BASIS."** The sale shall be subject to the conditions prescribed in the Second Scheduled to the Income-Tax Act, 1961 and the rules made thereunder and to the following further conditions:
9. The particulars specified in the Schedule have been stated to the best of the information of the undersigned, but the undersigned shall not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.
**10. The Reserve Price and Earnest Money Deposit (EMD) be fixed as follows:**

| S. No. | Details of property | Reserve Price(in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Mercedes Benz/ E280CDI, bearing Registration No. HR- 51Y-0945. | 3,00,000/- | 30,000/- |

11. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the Officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount of bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put to auction.
**12. Intending bidders shall be required to pay Earnest Money Deposit (EMD)** by way of pay order/demand draft payable at New Delhi and in favour of Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi before the start of biding and identity proofs, address proofs etc. The said deposit shall be adjusted in the case of successful bidders; and in the case of unsuccessful bidders the same shall be refunded without interest, on the date of sale.
**13. Successful highest bidder shall have to deposit 25% of the sale proceeds** by way of pay order/demand draft favoring the Recovery Officer-II, DRT-II, Delhi, within 24 hours (next working day) by way of bank draft, after adjusting the EMD stated above, failing which the EMD shall be forfeited.
**14. The purchaser shall deposit the balance 75% of the sale proceeds alongwith poundage fee @ 2% upto Rupees 1,000/- @ 1% of the sale price exceeding Rupees 1,000/ within 15 days from the date of auction. The Poundage fees shall be deposited through a demand draft payable in favor of the Registrar, DRT-II, Delhi.**
15. In case of default, the amount earlier deposited by the bidder, if the undersigned considers fit, after defraying the expenses of the sale shall be forfeited and the property shall be resold, and the defaulting purchaser shall forfeit all claims to the property or to any part thereof or of any part of the sum for which it may subsequently be sold.
16. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all bids if found unreasonable or postpone the auction at any time without assigning any reason.
**Schedule of Property**

| No. of lots | Description of property to be sold with names of co-owners where the property belongs to the defaulter and any other persons is co-owners | Revenue assessed upon the property or any part thereof | Details of any encumbrances to which the property is liable | Claims, if any, which have been put forward to the property and other known particulars bearing on its nature and value. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Mercedes Benz/ E280CDI, bearing Registration No. HR- 51Y-0945. | No information | No information | No information |

**Place of auction: Godara Yard, Khewat No:166/1, Near Atul Kataria Chock, Behind Gyan Devi School, Sec-17, Sukhrali, Gurugram– 122022**
**Given under my hand and seal of this Tribunal at New Delhi on this 02.03.2021.**
**(Dattatrey Bajpayee)**
**Recovery Officer- II**
**DRT- II, Delhi**

# माता-पिता सहित डिप्टी कमिश्नर अमन सिंगला गिरफ्तार

**नोएडा।** जीएसटी डिपार्टमेंट में डिप्टी कमिश्नर अमन सिंगला को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

अमन सिंगला की पत्नी ने बीती रात जहर खा लिया था। जिसको गंभीर हालत में नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां पर इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह महिला ने दम तोड़ दिया। नोएडा पुलिस ने अमन सिंगला की मां और पिता को भी गिरफ्तार किया है। तीनों को जिला न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक इन दोनों की करीब 6 महीने पहले ही शादी हुई थी।

युवती के परिवार ने अमन सिंगला और उसके परिजनों पर दहेज की मांग करने और प्रताड़ना देने का आरोप लगाया है। अमन सिंगला अपने परिवार के साथ नोएडा के सेक्टर-99 की सुप्रीम सोसायटी में रह रहे थे। नोएडा के एडिशनल डीसीपी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि अमन सिंगला पुत्र महेन्द्र लाल, महेन्द्र लाल सिंगला पुत्र नन्दलाल और बीना रानी पत्नी महेन्द्रलाल सिंगला के खिलाफ युवती के परिजनों ने एफ आईआर दर्ज की है। इनके खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और दहेज अधिनियम दर्ज किया गया।

# शाहबेरी में अवैध फ्लैट बेचने वाले बिल्डरों की 22 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित शाहबेरी में अवैध रूप से फ्लैट बनाकर बेचने वाले तीन बिल्डरों की 22 करोड़ की संपत्ति पुलिस ने जब्त की है। इन बिल्डरों के कुल 56 फ्लैट पुलिस ने जब्त किए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराए बिल्डरों ने अवैध रूप से फ्लैट बना दिए थे। लोगों को गुमराह करके उनको फ्लैट बेचे गए थे। आपको बता दें कि शाहबेरी में बनी अवैध इमारतों में से दो इमारतें जुलाई 2018 में धराशाई हो गई थीं। मलबे में दबने से नौ लोगों की मौत हो गई थी। मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहबेरी में अवैध फ्लैट बनाने वाले बिल्डरों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

अब पुलिस ने तीन बिल्डर रोहित, हरीश, विकास के मैसर्स सत्यम रियल बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत बने 56 फ्लैट को जब्त किया है। जब्त की गई संपत्ति की कीमत 22 करोड़ है। यह फ्लैट शाहबेरी में खसरा संख्या 46 में बनाए गए थे। ज्ञात हो कि शाहबेरी अवैध निर्माण का जाल बिछा है।

# कॉल सेंटर की आड़ में करोड़ों की ठगी, 7 धरे

- 2015 से अब तक 500 से भी ज्यादा लोगों को बना चुके हैं शिकार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कौशांबी में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का पुलिस ने पर्दाफाश करने का दावा किया है। इस संबंध में पुलिस ने 2 महिलाओं समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

यह गिरोह 2015 से अब तक पूरे देश भर में 500 से भी ज्यादा लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी कर चुका है। खास बात यह है कि यह लोग फर्जी चेक तैयार कर पॉलिसी धारकों को कॉल करके मेच्योरिटी के नाम पर भारी-भरकम रकम ठग लेते थे। पुलिस अधीक्षक नगर निपुण अग्रवाल ने बताया कि सबसे पहले पुलिस ने कवि नगर थाना क्षेत्र के आरडीसी फ्लाईओवर के समीप प्रदीप और राहुल को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों की पूछताछ के बाद सुमित मालिक ,रूपेश कुमार, अक्षय ,ज्योति मलिक में पिंकी रावत आदि को गिरफ्तार किया गया।

# एक साल में तैयार हो जाएगा मास्टर प्लान 2041

- प्राधिकरण ने सौंपी आरईपीएल को जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण मास्टर प्लान 2041 को लेकर तेजी दिखा रहा है। यह प्लान एक वर्ष में तैयार हो जाएगा। अथॉरिटी ने मैसर्स रुद्राभिषेक इंटरप्राइजेज लिमिटेड को इस प्रोजेक्ट के लिए सलाहकार नियुक्त किया है।




मास्टर प्लान में आधुनिक ग्रेटर नोएडा की झलक दिखाई देगी। इसमें आईटी हब हाइटेक रेसिडेंसियल एरिया औद्योगिक क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र के विकास की रूपरेखा और खाका खींचा जाएगा। बताते चलें कि प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा को एक आदर्श एवं आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में काम कर रहा है। यह मास्टर प्लान उस लिहाज से अहम है।

फिलहाल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का मास्टर प्लान-2021 लागू है। लेकिन भविष्य का ग्रेटर नोएडा आज से बिलकुल जुदा होगा। औद्योगिकीकरण की वजह से यहां भारी भीड़ जुटेगी। जैसे-जैसे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, लोग आते जाएंगे।

इसलिए अथॉरिटी ने जनसंख्या आधारभूत सुविधाएं निवेश तथा महत्वपूर्ण परियोजनाओं आदि को देखते हुए अपने प्रस्तावित मास्टर प्लान-2041 पर पूरा ध्यान फोकस किया है। ग्रेनो प्राधिकरण ने इस मास्टर प्लान को तैयार करने के लिए आरईपीएल को सलाहकार नियुक्त किया है। यह कंपनी ग्रेटर नोएडा के फेज.1 तथा फेज-2 क्षेत्र का सर्वे, परीक्षण, आधारभूत सुविधाएं, परिवहन जैसे बिंदुओं को शामिल कर मास्टर प्लान-2041 तैयार करेगी और 6 महीने में प्राथमिक रिपोर्ट देगी।

कंपनी पूरी रिपोर्ट एक साल में तैयार करेगी और सौंपेगी। ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने इस संबंध में समीक्षा बैठक की थी। इसमें एसीईओ अमनदीप डुली, ओएसडी संतोष कुमार, जीएम वित्त एचपी वर्मा, जीएम परियोजना एके अरोड़ा, जीएम नियोजन मीना भार्गव व स्कूल आफ प्लानिंग एवं आर्किटेक्चर के पूर्व निदेशक प्रो

### आधुनिक शहर बसेगा

प्रस्तावित मास्टर प्लान-2041 में आईटी हब व हाइटेक आवासीय जोन का प्रावधान किया जाएगा। शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों एवं लाल डोरा क्षेत्र को भी योजना में सम्मिलित किया जाएगा। इससे ग्रेटर नोएडा को एक आदर्श एवं आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। इससे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप शहर बसाया जा सकेगा।

सीईओ ने बताया कि स्कूल ऑफ प्लॉनिंग एवं आर्किटेक्चर, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रो जमाल अंसारी सलाहकार कंपनी को सुझाव और मार्गदर्शन देते रहेंगे। सलाहकार कंपनी ने मास्टर प्लान को लेकर विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया। यह कंपनी प्राधिकरण व अन्य एजेंसियों के उपलब्ध आंकड़ों को इकट्ठा करेगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# एम्स में 35 स्वास्थ्यकर्मी कोविड संक्रमित



बुजुर्ग को कोविड-19 टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी। फोटो: रंजन डिमरी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## मेडीकल छात्रों समेत 26 डॉक्टर शामिल, दो चिकित्सकों का हो चुका है वैक्सीनेशन

राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। आम लोगों के साथ कोविड-19 मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी भी बड़ी संख्या में संक्रमित हो रहे हैं।

कोरोना के मामलों में उछाल के बीच एम्स के 35 स्वास्थ्य कर्मी एक हफ्ते में कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें कई डॉक्टर भी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार एम्स में पिछले दस दिनों में दो फैकल्टी सहित 20 डाक्टर कोरोना से पीड़ित हुए हैं। इसके अलावा एमबीबीएस के छह छात्र भी कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। इस तरह कुल 26 डाक्टर व एमबीबीएस छात्र कोरोना से पीड़ित हुए हैं।

इसके अलावा कुछ स्वास्थ्य कर्मी भी बीमारी की चपेट में आए हैं। एम्स प्रशासन के अनुसार इनमें से सिर्फ दो को ही टीका लगा है। इसलिए ज्यादातर ऐसे डाक्टर व एमबीबीएस के छात्र बीमारी की चपेट में आए हैं जिन्होंने टीका नहीं लिया है। एम्स सूत्रों के अनुसार हाल के दिनों में 50 से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मी कोरोना से पीड़ित हुए हैं। जिसमें डाक्टर, मेडिकल के छात्रों के अलावा अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी शामिल हैं। लेकिन एम्स ने अधिकारिक तौर पर 20 डाक्टर व 26 एमबीबीएस के छात्रों के ही संक्रमित होने की पुष्टि की है। एक दिन पहले गंगाराम अस्पताल में 37 डाक्टरों के पॉजिटिव पाए जाने की बात सामने आई थी। इनमें से 32 डाक्टर होम आइसोलेशन में हैं। वहीं पांच डाक्टर अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। जानकारी के अनुसार इनमें से ज्यादातर डॉक्टर वे हैं जो कोरोना मरीजों का इलाज कर रहे थे। अस्पताल प्रशासन के अनुसार सभी डॉक्टरों में माइल्ड सिम्टम्स हैं और कोई भी गंभीर हालत में नहीं है।

### अस्पताल में होगी केवल आवश्यक सर्जरी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसका खौफ एम्स पर भी दिखाई देने लगा है। एम्स की सभी जनरल ओटी में कटौती करने का बड़ा फैसला लिया गया है। शनिवार से सभी जनरल ओटी में कटौती शुरु हो जाएगी। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए संस्थान ने ओपीडी में पहले से ही कटौती कर दी गई है। एम्स के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीके शर्मा के मुताबिक सिर्फ इमरजेंसी केस में ही ओटी खोली जाएगी।अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में जनरल ओटी में कटौती करने से सबसे ज्यादा परेशानी दिल्ली से बाहर के आने वाली मरीजों को होगी। एम्स में भी कोरोना के मरीज आ रहे हैं, इसके चलते यह बीमारी आम मरीजों को न हो जाए इसलि यह फैसला लिया गया है।

# एक दिन में कोरोना संक्रमण के नए मामले साढ़े 8 हजार के पार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोत्तरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को एक दिन में 8521 नए मामले दर्ज किए गए हैं।

पिछले साल 11 नवंबर के बाद चौबीस घंटे में दर्ज हुए मामलों की यह सबसे बड़ी संख्या है। इससे पहले, 11 नवंबर 2020 को एक दिन में 8593 नए मामले सामने आए थे जो दिल्ली का अब तक का सबसे ज्यादा मामलों का रिकॉर्ड हैं। पिछले 24 घंटों में दिल्ली में 39 मरीजों की मौत हुई। इस दौरान 5032 मरीज ठीक हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 1,09,398 टेस्ट हुए. इस समय यहां रिकवरी रेट- 94.64 फीसदी, एक्टिव मरीज 3.76 फीसदी, डेथ रेट 1.58 फीसदी और पॉजिटिविटी रेट- 7.79 फीसदी है। पिछले 24 घंटे में आए 8521 मामलों के साथ दिल्ली में अब तक कुल 7,06,526 मामले सामने आ चुके हैं।

# ई-पास के 87 हजार आवेदन खारिज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में रात्रि कर्फ्यू के दौरान यात्रा की अनुमति के वास्ते ई-पास के लिए जिलों के अधिकारियों को 1.19 लाख आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से लगभग 87,000 को खारिज कर दिया गया।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ज्यादातर आवेदन इसलिए खारिज किए गए क्योंकि वह कर्फ्यू से छूट पाने वाली श्रेणी में नहीं आते थे या उनमें दी गई सूचना में त्रुटि थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार लंबित आवेदनों की संख्या बुधवार को 30,000 से ज्यादा थी जो घटकर 20,055 रह गई है। कुल 1,19,369 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से केवल 12,068 स्वीकार किए गए। ज्ञात हो नाइट कर्फ्यू लगने के बाद आवेदन लगातार बढ़ते हुए।

### रात्रि कर्फ्यू के उल्लंघन के लिए 480 पर मामला दर्ज

नई दिल्ली। रात्रि कर्फ्यू के दौरान उल्लंघन करने के लिए 480 से अधिक लोगों पर मामले दर्ज किए गए। 480 मामले दर्ज किए गए। पुलिस के अतिरिक्त जनसंपर्क अधिकारी अनिल मित्तल ने कहा कि मास्क न लगाने पर पुलिस ने 731 चालान भी जारी किए।

# राजीव गांधी अस्पताल में सभी ओपीडी सेवा बंद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## दिल्ली सरकार ने कोविड-19 अस्पताल में किया तब्दील

राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर तेजी से फैल रहा है। कोरोना मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के मकसद से दिल्ली सरकार ने राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में सभी गैर कोविड-19 सेवाओं को निलंबित कर दिया है। साथ ही अस्पताल को फिर से पूरी तरह से कोविड-19 अस्पताल में तब्दील कर दिया है।

पूर्वी दिल्ली में स्थित आरजीएसएसएच में 650 बेड्स की सुविधा है। इस अस्पताल ने पिछले साल शहर में महामारी से लड़ने में अहम भूमिका निभाई थी। आरजीएसएसएच के चिकित्सा निदेशक डॉ. बी एल शेरवाल ने कहा उन्होंने सभी गैर कोविड-19 सेवाओं को निलंबित कर दिया है, क्योंकि अस्पताल अब पूरी तरह से कोविड-19 अस्पताल बन गया है। संक्रमण के मामले बढ़ने के मद्देनजर बुधवार देर रात यह फैसला लिया गया। अभी तक अस्पताल में 200 मरीज भर्ती हैं। इलाज के उसी प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है जो पिछले साल किया गया था।

शेरवाल के अनुसार इस बार मामले काफी ज्यादा बढ़ रहे हैं और लोगों को काफी सावधानी बरतने तथा कोविड-19 संबंधी सभी सुरक्षा उपायों का पालन करने की जरूरत है। पांच मार्च अस्पताल में एक भी मरीज नहीं था और अब 200 हैं। इनमें ज्यादातर बुजुर्ग हैं।

# कोरोना रिपोर्ट की मजबूरी में खत्म हुई दो गज की दूरी



जीटीबी अस्पताल में कोरोना रिपोर्ट लेने के लिए जुटी भीड़

जाहिद अली। नई दिल्ली

## पूर्वी दिल्ली के अस्पतालों में मरीजों की लंबी लाइन से टूट रहे कोविड के नियम

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों के ओपीडी में कोरोना रिपोर्ट जरूरी होने से दो गज की दूरी खत्म हो गई है।

नया आदेश सरकारी अस्पतालों में घंटों लंबी लाइन में लगने वाले मरीजों के लिए दोहरी परेशानी लेकर आया है। पहले मरीज ओपीडी में तीन से चार घंटे में डॉक्टर को दिखा लेता था, वहीं अब उनके लिए पूरा दिन लग रहा है।कोविड-19 के कारण पहले से पूर्वी दिल्ली के सरकारी अस्पतालों का बुरा हाल है।

चिकित्सक को दिखाने से पहले कोरोना रिपोर्ट अनिवार्य के नए नियम के बीच सोशल डिस्टेंसिंग नियमों के उल्लंघन के साथ लोग बिना मास्क के दिखाई दिए। इस परेशानी से मरीज और तीमारदार दोनों को जूझना पड़ रहा है। पूर्वी दिल्ली के बड़े जीटीबी अस्पताल में सिर्फ कोरोना जांच और उसकी रिपोर्ट के लिए मारामारी मची हुई है।

अस्पताल में सिर्फ उन्हीं लोगों को प्रवेश दिया जा रहा है जिनमें के पास ताजा कोविड-19 रिपोर्ट हो। जीटीबी में आई सावित्री (45) ने बताया कि वह सुबह सात बजे अस्पताल में आई तो पता चला कि पहले कोरोना रिपोर्ट होनी चाहिए।

कोविड-19 जांच कराने में उन्हें चार घंटे लग गए। करीब 12 बजे रिपोर्ट मिली है। अभी उन्हें ओपीडी की लंबी लाइन में लगना पड़ेगा।

वहीं रेबिज का इंजेक्शन लगवाने आए समद को जब तक रिपोर्ट मिली तब तक रेबिज इंजेक्शन का काउंटर बंद हो चुका था। वहीं राजीव गांधी अस्पताल में भी दो पहले भी तक यहीं हाल था।

### तीमारदार की भी चाहिए कोविड-19 रिपोर्ट

दिल्ली राज्य कैंसर अस्पताल में तो नया नियम देखने को मिला, यहां मरीजों के साथ पहुंच तीमारदारों से भी कोविड-19 रिपोर्ट मांगी जा रही है। केवल उन्हें मरीजों को अंदर भेजा जा रहा है जिनकी तिमारदारों की रिपोर्ट में नेगेटिव चाहिए। यहां धर्मपाल सिंह, परमेश्वर, मेहराज, युसुफ और शत्रुघन ने बताया कि नया नियम परेशानी का सबब बना हुआ है।

### इहबास दिखे बेहतर इंतजाम

दिल्ली मानव व्यवहार और संबद्ध विज्ञान संस्थान में बेहतर हालात दिखे। यहां अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की कुर्सियां बिछाई हुई थी। धीरे-धीरे मरीज एक कुर्सी खाली होने पर दूसरे पर बैठते और कुछ समय अस्पताल में प्रवेश करते।



केंद्रीय गृहमंत्रालय ने देश के दस सर्वश्रेष्ठ थानों में दिल्ली का बेगमपुर थाने भी शामिल है। पहली बार दस सर्वश्रेष्ठ थानों में बेगमपुर थाने का भी चयन किया गया है। गत दिनों गृहमंत्रालय ने पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव को उक्त पुरस्कार थाना प्रभारी को सौंपा। शुक्रवार को पुलिस आयुक्त श्रीवास्तव ने एसएचओ को अवार्ड सौंपा।



*भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम ने अपना 16वां स्थापना दिवस बृहस्पतिवार को डिजिटल तरीके से मनाया। इस कार्यक्रम में आर्थिक कार्य विभाग के आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्रालय की तृप्ति पात्रा घोष द्वारा निगम कार्यालय के वर्ष 2019-20 के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अधिकारियों को प्रमाण पत्र व चेक भेंट किया।*

# नरेला अनाज मंडी में नहीं है एक भी एफसीआई का काउंटर : राय



**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री गोपाल राय ने दावा किया है कि नरेला अनाज मंडी में एफसीआई के एक भी काउंटर नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर विभाग ने कोई काउंटर लगाया है, तो उसे दिखाए और अगर नहीं लगाया है, तो फिर झूठ बोलने की क्या जरूरत है कि देश भर की मंडियों में गेहूं की खरीद हो रही है। किसान एमएसपी की ही लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हें पता है कि तीनों कृषि कानूनों के लागू होने के बाद उन्हें कितना परेशान किया जाएगा। केंद्र सरकार से मांग है कि किसानों को परेशान करना बंद करे और मंडी में काउंटर लगाकर अनाज की खरीद करे। इस मुद्दे पर राय शनिवार को एफसीआई के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर इस समस्या का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को नरेला मंडी का दौरा कर वहां पर एफसीआई द्वारा काउंटर लगाकर गेहूं खरीदने की दावों का जायजा लिया।

## थैलीयम मामले में आरोपी की पत्नी की भी मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बिजनसमैन द्वारा पत्नी समेत ससुराल वालों को मछली में थैलियम जहर देने के मामले में पत्नी की भी मौत हो गई। इस मामले में पहले ही आरोपी की सास और भाभी की मौत हो चुकी है। आरोपी वरूण अरोड़ा को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि गुरुवार शाम दिव्या अरोड़ा की मौत अस्पताल में हो गई। वो पिछले कई दिनों से वेंटीलेटर पर थीं। पुलिस ने बताया कि वरुण ने पूर्व इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के एक लेख से प्रभावित होकर थैलियम जहर को खाने में मिलाकर अपने ससुराल वालों को दिया था।

# तीन साल की अपहृत बच्ची को पुलिस ने बचाया, 5 गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के राज पार्क से अपहृत तीन साल की बच्ची को पुलिस ने सूझबूझ 24 घंटे में सुरक्षित बरामद करते हुए पांच अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची के कथित अपहरण में एक दंपती समेत पांच लोगों को गिरफ्तार करने की पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी दी।

बाहरी दिल्ली के राज पार्क इलाके में तीन साल की बच्ची की मां ने मंगलवार को घर के सामने पार्क से खेलते समय मासूम गायब होने की सूचना दी थी। इसके बाद एक मामला दर्ज किया गया और आस-पास के सीसीटी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि करीब 50 सीसीटीवी की फुटेज खंगालने पर पुलिस को एक दंपत्ति बच्ची को ले जाता हुआ दिखा। दोनों की पहचान रवि और संतोष के रूप में की गई। पुलिस ने सात अप्रैल को दोनों को पकड़ लिया और उनसे पूछताछ के बाद अन्य आरोपियों को पकड़ बच्ची को सकुशल बरामद किया। इस मामले में रवि (26), उसकी पत्नी संतोष (25), महेश (25), गुड्डन (26) एवं रामप्रसाद (36) को गिरफ्तार कर लिया।

## कानून के छात्र की हत्या रोडरेज का संदेह

**नई दिल्ली।** रोहिणी में सीएनजी स्टेशन के पास शुक्रवार शाम विवाद के बाद 22 वर्षीय लॉ छात्र की किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी है। इस हमले में उसका चचेरा भाई गोली लगने से जख्मी है।

पुलिस के अनुसार खजुरी खास निवासी यश चचेरे भाई अर्जुन के साथ रोहिणी अपने कॉलेज कागज जमा करने आया था। रोहिणी सेक्टर-16 में यश और अर्जुन का सीएनजी स्टेशन किसी बात को लेकर किसी से विवाद हो गया है। जिसमें एक कार वाले ने उनको टक्कर मारकर चला गया। बाद में वो आदमी पिस्टल लेकर अपनी कार में आया और दोनों पर फायरिंग कर दी।

# कोविड-19 के डर से नहीं रुकेगा प्रदर्शन : किसान मोर्चा

## पिछले चार महीने से बॉर्डर पर जमे है आंदोलनकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी के बावजूद किसान नेताओं ने गुरुवार को कहा कि कोरोना वायरस का डर भी उन्हें केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन करने से नहीं रोक सकता।

किसान संगठन पिछले चार महीने से अधिक समय से बारिश, भीषण सर्दी और अब गर्मी में भी अपना आंदोलन चला रहे हैं। सर्दी के मौसम में प्रदर्शनकारी किसानों को गर्म कपड़ों की आपूर्ति की गई, बारिश में जमीन से ऊंचाई पर उनके रहने का बंदोबस्त किया गया और अब गर्मी के लिए उन्होंने प्रदर्शन स्थलों पर छायादार ढांचे बनाना तथा एसी, कूलर और पंखों का बंदोबस्त शुरू कर दिया है। किसानों ने कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर से निपटना भी उनके लिए मुश्किल नहीं होगा। वे प्रदर्शन स्थलों पर बुनियादी सावधानियों के साथ इसके लिए भी तैयार हैं।

ऑल इंडिया किसान सभा के उपाध्यक्ष (पंजाब) लखबीर सिंह ने कहा, हम सिंघू बॉर्डर पर मंच से मास्क पहनने और हाथ बार-बार धोने की आवश्यकता के बारे में लगातार घोषणा कर रहे हैं। हम प्रदर्शनकारियों को टीका लगवाने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। प्रदर्शन स्थलों पर अनेक स्वास्थ्य शिविर भी चल रहे हैं, ऐसे में बुखार या सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण सामने आने पर प्रदर्शनकारियों को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल सकती है।




प्रेस वार्ता के दौरान किसान नेता।

भारतीय किसान यूनियन (दाकौंडा) के महासचिव जगमोहन सिंह ने कहा, अगर किसी को बुखार या खांसी है या कोविड का अन्य कोई लक्षण है तो यहां डॉक्टर देखते हैं और फैसला करते हैं। रोगी को या तो अस्पताल में भर्ती कराया जाता है या 8-10 दिन के लिए गांव वापस भेज दिया जाता है। स्वराज इंडिया के अध्यक्ष योगेंद्र यादव के अनुसार किसान महामारी को कुछ उदासीनता के साथ देखते हैं लेकिन अभी तक कोई प्रदर्शन स्थल कोविड-19 का हॉटस्पॉट नहीं है।

उन्होंने कहा, अगर आप देखेंगे तो इनमें से हर जगह डॉक्टर, क्लीनिक हैं। वे कोविड जांच नहीं कर रहे लेकिन अगर अधिक लोग बुखार या ऐसे लक्षणों की शिकायत करते हैं तो उन्हें पता चल जाएगा क्योंकि हर मोर्चा में योग्य डॉक्टर हैं। यादव ने कहा, उनमें से कुछ के तो अस्पताल हैं। अगर बुखार और सांस लेने में परेशानी बढ़ती है तो तत्काल ध्यान जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों में मास्क पहनने और हाथ धोने की आदत कम हो रही है और दूरी भी नहीं रह पा रही और देश में अधिकतर स्थानों पर ऐसी ही स्थिति है।

## सार्वजनिक रास्तों को बंद नहीं किया जाना चाहिए: कोर्ट

नई दिल्ली। प्रदर्शनकारी किसानों के रास्ता बंद करने के कारण दिल्ली जाने में हो रही दिक्कत को लेकर नोएडा की रहने वाली एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा, सार्वजनिक सड़कों को बंद नहीं किया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और हेमंत गुप्ता की पीठ ने याचिका पर दिल्ली पुलिस आयुक्त के जवाब पर संज्ञान लिया और कहा कि सही निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सरकारों को भी पक्षकार बनाए जाने की जरूरत है। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे किसानों के प्रदर्शन का संदर्भ दिए बगैर पीठ ने कहा, हमें इससे मतलब नहीं है कि आप इसका हल कैसे करते हैं।



# पर्यावरण सुधार का संदेश देने को गुलदस्ते की जगह पौधे भेंट की नई पहल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### भाजपा किसान मोर्चा ने पर्यावरण संरक्षण को शुरू की नई पहल

**पर्यावरण** में सुधार करने की सोच के साथ भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने फूलों के गुलदस्तों की जगह पौधे भेंट करने की पहल शुरू की। अपने इस तरह के स्वागत से गदगद किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र यादव ने काफी सराहा। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला गुरुग्राम के नवनियुक्त जिला व मण्डल पदाधिकारी जिला महामंत्री मुकेश जेलदार, उपाध्यक्ष कर्मचन्द यादव, दिनेश यादव, ओमप्रकाश ठाकरान, सचिव सतपाल राघव, नवीन चौहान, मुकेश शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष तावडू, मण्डल अध्यक्ष नरेश चौहान, रामकिशोर यादव, स्नेहलता सिह, निर्मला यादव पटोदी, युवा मोर्चा जिला सचिव अवधेश राघव, गजराज सिंह, त्रिवेंद्र चौहान, वेदूपाल सिंह, ओमप्रकाश यादव, डा. ललित शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने भाजपा किसान मोर्चा की टीम में शामिल करने पर जिला अध्यक्ष विरेन्द्र यादव का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। विरेन्द्र यादव चेयरमैन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर उनकों नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। विरेन्द्र यादव चेयरमैन ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा गुरुग्राम के कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई पहल की है। जितने भी कार्यकर्ता उनसे मिलने आए हैं, सभी का फूलों के गुलदस्ते की बजाय पौधे लेकर आए हैं। यह सकारात्मक संदेश है। गुलदस्ते के फूल तो एक-दो दिन में मुरझा जाएंगे, जबकि पौधा हरा-भरा रहेगा। इसे फेंकने की बजाय संभाल कर रखा जाएगा।



गुरुग्राम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने को गुलदस्ते की जगह पौधों से स्वागत करते भाजपा किसान मोर्चा के सदस्य।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वांचल भवन की कमियों को जल्द किया जाएगा दुरुस्त



गुरुग्राम। पूर्वांचल जन कल्याण संघ के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल बीजेपी युवा नेता नवीन गोयल के नेतृत्व में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त-1 प्रदीप अहलावत से मिला। उन्हें पूर्वांचल भवन में समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने तुरंत अपने अधीनस्थ अधिकारी को भवन का दौरा करके मौका देखने के निर्देश दिए। होली मिलन समारोह में बीजेपी युवा नेता नवीन गोयल ने कादीपुर स्थित पूर्वांचल भवन का निरीक्षण किया था। संघ की ओर से उन्हें बताया गया कि यहां कच्ची जमीन होने के चलते कार्यक्रमों में खाना बनाने में दिक्कत आती है, क्योंकि बरसात, आंधी के समय में यहां शेड नहीं होने से बहुत परेशानी होती है। इसलिए इस पर शेड बनवाया जाए। पूर्वांचल भवन में व्याप्त कमियों को लेकर नवीन गोयल के नेतृत्व में पूर्वांचल जन कल्याण संघ के महासचिव अटल बिहारी कुशवाहा, कोषाध्यक्ष मुरलीधर, उपाध्यक्ष दलीप कुमार, सचिव कंचन यादव, संगठन सचिव अशोक सुमन आदि संयुक्त आयुक्त-1 प्रदीप अहलावत से मिले। पूर्वांचल भवन की समस्या को नवीन गोयल ने संयुक्त आयुक्त के समक्ष रखा है। जिन्होंने आश्वासन दिया कि इस पर जल्द ही सकारात्मक पहल की जाएगी। अपने अधीनस्थ अधिकारी को उन्होंने यह काम सौंपा।

### एकमे इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को रोजगार कोर्स शुरू



**सोहना।** एकमे इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ रोजगार मुखी कोर्स भी कराएं जा रहे हैं। एकमे इंटरनेशनल स्कूल में नये सत्र से तीन रोजगार मुखी कोर्स शुरु किए गए हैं। समय-समय पर राजकीय स्कूलों में कराएं चलाएं जाने वाले रोजगार मुखी कार्यक्रमों की भॉति अब क्षेत्र के निजी स्कूल भी इसी तर्ज पर अपनी शिक्षा प्रणाली को लागू करने लगे हैं। सोहना शहर से सटा एकमे इंटरनेशनल स्कूल में नये सत्र में विद्यार्थियों को तीन रोजगार संबंधित कोर्स करने का अवसर मिलेगा। स्कूल प्रधानाचार्य कीर्ति मदान ने बताया कि अब शिक्षा प्राप्ति के दौरान उनका विद्यार्थी रोजगार योग होगा। 12 वीं की कक्षा पारित के दौरान विद्यार्थी को रोजगार की शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। ताकि होनकार छात्र यदि किसी कारण वश उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता है। ऐसे में वह रोजगार की शुरुआत करके आजीविका कमा सके। कीर्ति मदान ने बताया कि आज सभी विभागों में निजीकरण की नीति लगभग लागू होती जा रही है। इस प्रकार कोर्स उनके स्कूल में विद्यार्थी को कामयाबी की तरफ लेकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन स्कूल में रोबोटिक व डिजिटल शिक्षा प्रणाली से विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जाती है। जिसके चलते स्कूली शिक्षा के बाद बच्चों को आसानी से रोजगार प्राप्त हो जाता है। प्रिंसिपल ने खुलासा करते हुए बताया कि स्कूल शिक्षकों व विद्यार्थियों के अथक प्रयासों के कारण विद्यालय ने कई नामचीन पुरस्कार अर्जित किये हैं। जिसके कारण स्कूल की ख्याति बढ़ने लगी है।

कोरोना महामारी के चलते सरकार ने लिया निर्णय

# पहली से 8वीं कक्षा तक के स्कूल 30 तक बंद

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोरोना** महामारी के बढ़ने के साथ ही सरकार भी एक्टिव मोड में है। सरकार प्रदेशवासियों को कोरोना से बचाव के लिए हर स्तर पर जागरुक कर रही है। कोरोना के फैलाव को देखते हुए हरियाणा सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में पहली से आठवीं कक्षा तक के स्कूल 30 अप्रैल 2021 तक बंद रहेंगे। यह घोषणा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को गुरुग्राम में पीडब्ल्यूडी स्वर्ण जयंती विश्राम गृह में जीएमडीए की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में की।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि एक दिन पूर्व प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। कोरोना महामारी को लेकर गाइडलाइंस दी। अलग-अलग शहरों के हिसाब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां तैयारियों के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबकी यह जिम्मेदारी है कि कोरोना से बचाव को हम अपने स्तर पर भी ऐहतियात बरतें। उन्होंने साफ कहा कि कोरोना ज्यादा ना फैले, इसे लेकर कुछ सख्ती भी की जा सकती है। इसलिए लोगों को चाहिए कि वे मास्क लगाकर रखें, सामाजिक दूरी का पालन करें और सेनिटाइजर का इस्तेमाल करें। यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राइमरी व मिडल स्कूलों को 30 अप्रैल तक बंद किया जा रहा है। इसके बाद आगे निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का लोग पैनिक क्रिएट ना करें। सरकार को देश-प्रदेशवासियों की चिंता है। अधिक से अधिक वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है, ताकि लोगों की इम्युनिटी मजबूत बने। कोरोना के जो मरीज आ रहे हैं, उनकी स्थिति ऐसी नहीं है कि उन्हें अस्पतालों में भर्ती किया जाए। इसलिए उन्हें होम आइसोलेट किया जा रहा है। अस्पतालों में तैयारी पूरी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह भी कहा कि कार्यक्रमों में सामाजिक दूरी समेत तमाम ऐहतियात लोग बरतें। यह बहुत जरूरी है। हम सब मिलकर कोरोना को हराएंगे।

# गुरुग्रामवासियों को दी 10 करोड़ की सौगात



गुरुग्राम में स्मार्ट क्लासरूम की शुरुआत करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में की घोषणा

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार शिक्षा क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डिजिटल शिक्षा की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए गुरुग्राम सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों को 10 करोड़ 60 लाख रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी है।

मुख्यमंत्री ने चार परियोजनाओं की डिजिटल रूप से शुरुआत की। इनमें आरईसी फाउंडेशन के सहयोग से एक करोड़ 18 लाख रुपए से अधिक राशि की लक्ष्य वाहिनी परियोजना शामिल है, जिसके माध्यम से अंबाला, झज्जर, जींद, कैथल और यमुनानगर सहित 5 जिलों के लगभग 10 हजार विद्यार्थियों को कॉमन सर्विस सेंटरों के माध्यम से 100 से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। सीएसआर के तहत दूसरे प्रोजेक्ट के रूप में जिला गुरुग्राम और मेवात के राजकीय विद्यालयों में राइटस कंपनी के सहयोग से 70 स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए जाएंगे, जिस पर लगभग एक करोड़ 31 लाख 60 हजार रुपये की लागत आएगी। एक अन्य प्रोजेक्ट के तहत इसी प्रकार के 330 स्मार्ट क्लासरूम प्रदेश के 165 अन्य राजकीय विद्यालयों में पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सहयोग से स्थापित होंगे।

इस प्रोजेक्ट पर पावर ग्रिड 7 करोड़ 80 लाख 90 हजार रुपये से ज्यादा की राशि खर्च करेगा, जिसके तहत हरियाणा प्रदेश के गुरुग्राम सहित 10 जिलों में स्मार्ट क्लास रूम स्थापित होंगे। इनमें गुरुग्राम जिला में 80, फरीदाबाद जिला में 60, हिसार, करनाल, अम्बाला, पंचकूला और यमुनानगर जिलों में प्रत्येक में 20, पानीपत, रोहतक और सोनीपत जिलों में प्रत्येक में 30 स्मार्ट क्लासरूम बनाना शामिल है। इसके अलावा सीएसआर के तहत चौथे प्रोजेक्ट के अंतर्गत लगभग 30 लाख रुपये की लागत से एक एडवांस लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस जॉयसन सेफ्टी सॉल्यूशंस एंड आनंदा ग्रुप द्वारा दान स्वरूप दी जा रही है।

# 75 लाख की लागत से होगा ड्रेन का निर्माण

### विधायक सुधीर सिंगला ने सेक्टर-104 में किया कार्य का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुड़गांव** के विधायक सुधीर सिंगला ने शुक्रवार को यहां सेक्टर-104 स्थित गोदरेज सुमित सोसायटी के पास जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में सकारात्मक कार्य किया। उन्होंने यहां लगभग 75 लाख रुपये की लागत से निर्माण की जाने वाले ड्रेन के कार्य का शुभारंभ किया।

इस मौके पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जनता को हर सुविधा देने को सरकार कटिबद्ध है। गुरुग्राम में जनता की समस्याओं को लेकर समय-समय पर वे स्वयं लोगों से भी रूबरू होते हैं। हर क्षेत्र से सामने आने वाली समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाता है। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान जो भी कमियां नजर आईं, उन पर आज विस्तार से कार्य हो रहा है। ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए शहर में चारों ओर कार्य चल रहे हैं। इसके अलावा अंडरपास और फ्लाईओवर का निर्माण कार्य भी जोरों पर है।

बसई चौक से द्वारका एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाली सड़क और वहां पर फ्लाईओवर का काम दिन-रात जारी है। इसी तरह से शहर में लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक पर फ्लाईओवर बन रहा है। बस अड्डे के पास अंडरपास बनाकर यहां के जाम को खत्म करने पर काम युद्ध स्तर पर जारी है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम में श्रीमाता शीतला मंदिर के पुनर्विकसित करने के प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। अब भव्य माता का मंदिर यहां बनेगा। इसी तरह ओल्ड रेलवे रोड पर मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। इस मौके पर पार्षद अनूप सिंह, पार्षद योगेंद्र सारवान, समाजसेवी अमित गोयल के अलावा गोदरेज सुमित सोसायटी से गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।



गुरुग्राम के सेक्टर-104 में ड्रेनेज सिस्टम के कार्य का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

# अनाज मंडी में गेहूं की हुई रिकॉर्ड तोड़ आवक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**किसानों** को 48 घंटे में बेचे गए गेहूं की कीमत मिलेगी। हर हालत में किसान के 48 घंटा में गेहूं की कीमत आ जाएगी। किसान की फसल का पैसा उसके बैंक खाते में सीधा आएगा।

गेहूं की फसल की लगभग 80 फ ीसदी की कटाई हो गई है। किसान फसल कटाई के साथ-साथ उसे मशीन से निकालने के बाद तुरन्त मंडी में लेकर आ रहा है। अनाज मंडी से जैसे ही किसान के गेहूं की लदान होगा। उसके 48 घंटा के अंदर किसान के खाते में बेचे गए गेहूं की कीमत आ जाएगी। किसान की फसल का पैसा उसके बैंक खाते में सीधा आएगा।

एक दिन में 60 से 70 किसान अपना गेहूं बेचने के लिए मंडी में पहुंच रहा है। मंडी परिसर में बना किसानों की सुविधा के लिए हेल्प डेक्स पर टोकन काटने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। यही कारण है बीते आठ दिन में गेहूं की 27 हजार कुंतल की आवक हुई है। पिछले साल की अपेक्षा 8 दिन में सात हजार कुंतल गेहूं की आवक अधिक हुई है।

### ऐसा कहते हैं अधिकारी

**मार्केट** कमेटी के सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि बिना टोकन यदि किसान अपना गेहूं बिक्री के लिए मंडी में आता है। उसके गेहूं की सरकारी खरीद तुरन्त की जाएगी। ताकि किसान निराश मन से अपने घर न जाए।

### 3500 कुंतल गेहूं का हुआ लदान

**किसानों** द्वारा बिक्री के लिए लाया जा रहा गेहूं की खरीद होने के साथ-साथ वारदाने में तुरन्त भरा जा रहा है। गेहूं ताकि उसके लदान में किसी प्रकार की परेशानी न हो। शुक्रवार से लदान के कार्य में दो से तीन गुणा तेजी आ जाएगी। हरियाणा वेयर हाउस कॉपरेशन के इंस्पेक्टर विकास कुमार ने बताया कि पलवल वेयर हाउस में मजदूर कम होने के कारण लिफ्टिंग का कार्य मंदा चल रहा है। लेकिन शुक्रवार को लैबर पूरी मिलने के साथ ही लिफ्टिंग का कार्य में तेजी आ जाएगी।

# मी इंडिया ने मी फैन फेस्टिवल 2021 की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### मी होम्स एवं मी कॉम पर उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक ऑफर प्रस्तुत किए

**देश** के नंबर-1 स्मार्टफोन एवं स्मार्ट टीवी ब्रांड, मी इंडिया ने मी फैंस एवं उपभोक्ताओं को ब्रांड में अपनी निष्ठा व स्नेह प्रदर्शित करने के लिए आज अपने वार्षिक मी फैन फेस्टिवल (एमएफएफ) की घोषणा की। यह शानदार सेल बोनांजा है। एमएफएफ आज से मी होम्स पर शुरू होगा और इसका ऑनलाइन फेस्टिवल 8 अप्रैल से मी.कॉम पर शुरू होगा। मी.कॉम पर 6 दिवसीय स्पेशल सेल के साथ उपभोक्ता मी10आई, मी टीवी 4ए 32 होराईजन एडिशन, रेडमी 9 पॉवर आदि जैसे उत्पाद केवल 1 रु. के अद्भुत मूल्य पर खरीद सकेंगे। रुपये 35,999 के शुरुआती मूल्य पर लॉन्च किया गया मी 10टी प्रो 13,000 रु. की अतिरिक्त छूट पर मिलेगा। कुछ अन्य ऑफर्स में मी नोटबुक 14 होराइजन एडिशन, रेडमी नोट 9 आदि लोकप्रिय उत्पादों पर 13,000 रु. तक की छूट शामिल है। मी फैंस अतिरिक्त डिस्काउंट के साथ एक उत्पाद के मूल्य में एक साथ 3 उत्पाद भी खरीद सकते हैं।

इस अवसर पर मुरलीकृष्णन बी, सीओओ, मी इंडिया ने कहा, "मी इंडिया में हम अपना हर काम मी फैंस एवं उपभोक्ताओं पर केंद्रित रखते हैं। मी फैन फेस्टिवल हमारी मी फैन संस्कृति का उत्तम प्रतिनिधित्व करता है। इस साल भारत में मी फैन फेस्टिवल का सातवां साल है। इस साल यह और भी ज्यादा खास है क्योंकि यह भारत में हमारे फ्लैगशिप शोरूम्स – मी होम्स की चौथी सालगिरह के साथ पड़ रहा है। हम पीछे देखते हैं, तो हमने मी होम का सफर अपने मी फैंस को सर्वश्रेष्ठ रिटेल अनुभव देने के लिए 2017 में शुरू किया था। पिछले चार सालों में हमने इस कॉन्सेप्ट को वास्तविक रूप दिया। आज हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मी होम्स एक अग्रणी मार्केट रिसर्च फर्म, यूनोमर द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रीमियम एक्सक्लुसिव स्टोर के रूप में सम्मानित किए गए हैं। 19 शहरों में 75 से ज्यादा मी होम्स के साथ ये शोरूम एक अद्वितीय स्पेस बनाते हैं, जहां मी फैंस हमारे उत्पादों को देख, आजमा और परख सकते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "हम मी परिवार की ओर से मिलकर इस उपलब्धि की खुशी मना रहे हैं। मैं विभिन्न श्रेणियों, जैसे स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, स्मार्ट बैंड आदि उत्पाद श्रेणियों में हमें नंबर 1 ब्रांड बनाने के लिए अपने मी फैंस का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। हम आशा करते हैं कि मी फैंस हमारे उत्पादों का अनुभव पसंद करेंगे और मी फैन फेस्टिवल के दौरान अद्भुत डिस्काउंट ऑफर्स का लाभ लेंगे।" भारत में एमएफएफ के सातवें एडिशन के बारे में रघु रेड्डी, सीबीओ, मी इंडिया ने कहा, "मी फैन फेस्टिवल के सातवें एडिशन के साथ हमारा उत्साह भी सात गुना बढ़ गया है और हम अपने फैंस को बेहतरीन ऑफर दे रहे हैं। एमएफएफ के दौरान हम हर साल पूरी दुनिया में अपने मी फैंस, यूज़र्स और पार्टनर्स के साथ मिलकर खुशी मनाते हैं और उनके सहयोग के लिए अपना आभार व्यक्त करते हैं, जो खोज करने एवं अभिनवता लाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। हम उत्साहित हैं और इस साल भी अपने मी फैंस को आकर्षक ऑफर प्रस्तुत कर रहे हैं। उपभोक्ता स्मार्टफोन, लैपटॉप, स्मार्ट होम प्रोडक्ट्स आदि विभिन्न श्रेणियों में अपने पसंदीदा उत्पाद खरीदकर 13,000 रु. मूल्य की छूट से लेकर 1 रु. मूल्य की फ्लैश सेल तक अनेक लाभ उठा सकते हैं। हमें आशा है कि हमारे फैंस अपने पसंदीदा गैजेट्स खरीदकर इस सेल का पूरा लाभ उठाएंगे।"

# फसल खरीद में सरकार के दावे और हकीकत दोनों भिन्न

**गुरुग्राम।** लगता है सरकार किसानों को गुमराह कर रही है। सरकार के दावों और जमीनी स्तर की हकीकत में बहुत अंतर नजर आ रहा है। एक तरफ तो सरकार किसानों की गेहूं की फसल खरीदने को किसी टोकन आदि की जरूरत नहीं होने की बात कह रही है, वहीं जब किसान अपनी फसल लेकर मंडियों में जाते हैं तो उन्हें टोकन नहीं होने की बात कहकर अंदर प्रवेश तक नहीं करने दिया जा रहा। ऐसा हो रहा है जिले की सोहना अनाज मंडी में।

मंडी में अपनी गेहूं की फसल लेकर पहुंचे किसानों से पूछा गया कि उनके टोकन कहां है। कृषिमंत्री व अन्य नेताओं की घोषणाओं का हवाला देकर किसानों ने अधिकारियों को बताया कि वे घोषणा कर चुके हैं कि अब सबकी फसल खरीदी जाएगी, किसी टोकन की जरूरत नहीं है। इसलिए उनको मंडी में प्रवेश दिया जाए। किसानों की इस बात का अधिकारियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है और वे टोकन होने की सूरत में ही फसल खरीदने की बात कहते रहे। किसानों द्वारा मंत्री के बयान का भी हवाला दिया गया, लेकिन किसी ने नहीं सुनी।

# कोरोना वैक्सीन लगवाकर खुद को करें सुरक्षित: बोधराज



### श्रीश्याम मंदिर न्यू कालोनी में लगा कोरोना वैक्सीन कैंप

**गुरुग्राम।** यहां न्यू कालोनी स्थित श्रीश्याम महाराज ट्रस्ट (श्री श्याम मंदिर) परिसर में शुक्रवार को कोरोना वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। यह कैंप अगले 45 दिन तक चलेगा। इसमें सोमवार, मंगलवार, गुरुवार और शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक वैक्सीन लगाई जाएगी।

श्रीश्याम मंदिर के प्रधान बोधराज सीकरी ने इस दौरान कहा कि कोरोना महामारी को जड़ से खत्म करने के लिए जरूरी है कि सरकार के नियमों के अनुसार वैक्सीन लगवाई जाए। कोरोना की वैक्सीन लगवाकर खुद को सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि आज फिर से कोरोना महामारी बढ़ती जा रही है। यह हम सबके लिए चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए हमें कोरोना महामारी से बचने के नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। ऐसा ना हो कि हमारी लापरवाही हम पर ही भारी पड़ जाए। बाजार हो या कोई अन्य पब्लिक पलेस, हमें सामाजिक दूरी, मास्क और सेनिटाइजर का उपयोग करना चाहिए। इसे अपनी आदत बना लें। धार्मिक के साथ सामाजिक क्रियाकलापों में अग्रणी रहने वाले प्रधान बोधराज सीकरी, महिला प्रधान ममता सूटा ने बताया कि कैंप में वैक्सीनेशन के लिए यहां एएनएम कांता देवी, आशा वर्कर स्नेहलता, रजनी को नियुक्त किया गया है।

अभी तक एक हजार से अधिक लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाई जा चुकी है। उन्होंने 45 साल की उम्र से अधिक के लोगों से अपील की है कि हम सबको अपनी सुरक्षा की खातिर कोरोना की वैक्सीन लगवानी चाहिए।

# आईआईएफएल ने 11 लाख फ्रीज हो चुके कर्वी खातों का एक्टिवेशन शुरू किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** की अग्रणी ब्रोकिंग एवं एडवाइजरी फर्म्स में से एक, आईआईएफएल सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने बताया कि 11 लाख फ्रीज हो चुके कर्वी डिमैट खाता धारक अब इसके प्लेटफॉर्म पर ट्रेड या निवेश कर सकते हैं।

आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड एवं सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेस लिमिटेड के साथ कर्वी स्टॉक ब्रोकिंग धारित सभी डिमैट खातों के अधिग्रहण की आधिकारिक बोली जीत ली है। 11 लाख कर्वी डिमैट खातों के एस्सेट अंडर मैनेजमेंट तीन लाख करोड़ रु. के हैं। फरवरी की शुरुआत में प्रारंभ हुई इस बिडिंग प्रक्रिया से 11 लाख निवेशकों की पीड़ाओं का अंत हो गया, जिनके खाते एक साल से ज्यादा समय से फ्रीज पड़े हुए थे।




इस जीत के बारे में संदीप भारद्वाज, सीईओ, रिटेल, आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने कहा, "मुझे सभी कर्वी खाताधारकों का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। अब उनके खाते आधिकारिक रूप से पुनः शुरू हो गए हैं और वो आईआईएफएल सिक्योरिटीज़ के साथ फिर से ट्रेडिंग व निवेश शुरू कर सकते हैं। सद्भावना के संकेत स्वरूप हमने आपके खाते पर पहले साल का वार्षिक मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट शुल्क हटा दिया है। साथ ही आईआईएफएल मार्केट मोबाइल द्वारा पहले 30 दिनों की ट्रेडिंग निशुल्क है।" आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने कर्वी डिमैट खाते पुनः शुरू करने के लिए सभी कर्वी डिमैट खाताधारकों को एक समर्पित वेब प्लेटफॉर्म (https://www.indiainfoline.com/wecarekarvy/) और एक समर्पित नंबर (022-40075000) प्रस्तुत किया है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज ईक्विटी, कमोडिटीज, करेंसी, म्यूचल फंड्स, फिक्स्ड डिपॉजिट्स एवं अन्य डेब्ट उत्पादों, पीएमएस आदि में निवेश सेवाएं प्रस्तुत करती है। आईआईएफएल सिक्योरिटीज़ भारत में अपनी मौजूदगी के 2500 से ज्यादा प्वाइंट्स के साथ पूंजी बाजार के रिटेल व संस्थागत सेगमेंट्स की मुख्य कंपनी है। 225 से ज्यादा कंपनियों को अतुलनीय शोध कवरेज प्रदान करती है। इस अधिग्रहण से आईआईएफएल सिक्योरिटीज जेरोधा एवं अपस्टॉक्स के बाद डिमैट खातों की दृष्टि से भारत का तीसरा सबसे बड़ा ब्रोकर बन जाएगा।

# महिलाओं के उत्थान में महत्वपूर्ण रहेगा दीदी कार्यक्रम: उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**उपायुक्त** नरेश नरवाल ने दीदी कार्यक्रम (डवलेपिंग इंट्रेक्सन डेरिविंग इन्सपीरेशन) का शुभारंभ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोर्ट का बटन दबाकर किया। उन्होंने महिलाओं के उत्थान के लिए शुरू किए गए इस कार्यक्रम को कैटेलिस्ट का नाम दिया।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली लड़कियों को कॅरियर के लिए लक्ष्य प्राप्ति, व्यक्तिगत विकास, विभिन्न मुद्दों में मदद, परामर्श व मोटिवेशन के लिए दीदी कार्यक्रम (डवलेपिंग इंट्रेक्सन डेरिविंग इन्सपीरेशन) शुरू किया जा रहा है, जिसमें किसी विशेष क्षेत्र में सफल महिलाओं द्वारा एक मेंटर के रूप में विभिन्न विषयों से संबंधित मुद्दों, समस्याओं पर उचित परामर्श दिया जाएगा। आवेदन 15 अप्रैल 2021 को रात्रि 11.55 बजे तक वेब लिंक एचटीटीपी//बीआईटीडॉटएलवाई//दीदीमेंटर पर किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी अर्चित वाट्स ने दीदी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के तहत मेंटर को सप्ताह अंत में ऑनलाइन व पार्ट टाइम मोड पर 2 से 3 घंटे की अवधि के लिए उपलब्ध रहना होगा, जिसमें भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता नहीं रहेगी। इस कार्यक्रम के तहत जो महिलाएं जुड़ेंगी, उनकी प्रेरणा से महिलाओं को कॅरियर के संबंध में उचित संभावनाओं को तलाशने में मदद मिलेगी तथा उनका व्यक्तिगत विकास भी संभव होगा।

### मेंटर के रूप में ये रहेगी अपेक्षा

**अर्चित** वाट्स ने बताया कि स्कूल जाने वाली लड़कियों को विभिन्न स्तरों पर समस्याएं रहती हैं, जैसे कैरियर के लिए अवसर प्राप्त करने के तरीके, लिंग भेदभाव, उच्च शिक्षा के प्रति प्रतिबंधित, शादी के लिए जल्दबाजी और घर की जिम्मेवारी देने आदि समस्याएं शामिल हैं। हरियाणा सरकार महिलाओं व बच्चों के विकास के लिए इस प्रकार की प्रत्येक समस्या के उचित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

### मेंटर के लिए ये संभावनाएं

**दीदी** कार्यक्रम एक प्रकार से युवा लड़कियों एवं महिलाओं की मदद व उनको प्रेरित करने के लिए तथा अमूल्य अनुभव साझा करने और अपनी जीत को उनसे साझा करने का है। इसमें मेंटर के लिए व्यक्तिगत व व्यावसायिक रूप से आगे बढ़ने के अपार अवसर हैं। मेंटर को दो महीने की अवधि का कार्य पूरा करने के बाद उपायुक्त कार्यालय की ओर से एक अनुभव प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा।

### आवेदक के लिए शैक्षणिक योग्यता

**इस** कार्यक्रम से जुड़ने के लिए आवेदन केवल महिलाएं कर सकती हैं, जो भारत की नागरिक हों। उसकी आयु 21 वर्ष से अधिक हो। वह मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग, लॉ, मेडिसन व सोशल साइंस या अन्य विषयों में कम से कम स्नातक या स्नातकोत्तर पास हो। दीदी कार्यक्रम वीकेंड पर दो से तीन घंटे के लिए चलेगा, इसलिए जो महिलाएं फुलटाइम वर्किंग में हैं, वे भी इस कार्यक्रम से जुडने के लिए अवश्य आवेदन करें। आवेदनकर्ता अपनी अभिव्यक्ति को हिंदी में प्रस्तुत करने में योग्य होना चाइए। इसके अलावा अगर वह हरियाणा राज्य से संबंधित है और अपनी अभिव्यक्ति हरियाणवी में प्रस्तुत करने में सक्षम है, तो यह उनके लिए प्राथमिकता होगी।

# मरीजों की तरह मृतक भी करते हैं डॉक्टर का इंतजार

**कविता।** फरीदाबाद

**जिले** बीके सिविल अस्पताल में जहां एक तरफ मरीजों को चिकित्सक से जांच कराने के लिए घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ता है। वहीं शुक्रवार को मृतकों के शव भी बिना चिकित्सक के मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। जिसके कारण मृतक के परिजनों को तेज धूप गर्मी में बाहर खड़े रहने को मजबूर होना पड़ा। डाक्टर की गैरमौजूदगी में पुलिस कर्मियों को भी परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। जानकारी के मुताबिक मृतकों के

## बीके अस्पताल में 9 के बजाए साढ़े 11 बजे पहुंचे चिकित्सक

शवों को लेने आए परिजनों ने बताया कि अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए पांच मृतकों के शव रखे हुए हैं, लेकिन चिकित्सक मौके पर मौजूद नहीं है। पुलिस और परिजनों ने बताया कि सुबह 9 बजे से वह मोर्चरी के बाहर खड़े होकर परेशान हो रहे हैं। चिकित्सक को फोन कर रहे है, लेकिन चिकित्सक ने फोन बंद किया हुआ है। ऐसे में सुबह से भुखे प्यासे यहां खड़े रहने पर



परिजनों ने जब हंगामा किया, तब जाकर एक चिकित्सक साढ़े 11 बजे पोस्टमॉर्टम करने के लिए आया है।

### जाना है दूर

**मोर्चरी** के बाहर खड़े एक मृतक के परिजनों ने बताया कि उन्हें शव लेकर झज्जर जाना है। ऐसे में वह यहां चिकित्सक के इंतजार में लंबे समय से खड़े हैं। साढ़े 11 बजे पहुंचे चिकित्सक पहले किसका पोस्टमार्टम करते हैं। अगर हमारे परिचित का नहीं हुआ तो हम लेट पहुंचेंगे। ऐसे में घर में परिजन भी राह देख रहे हैं।

### पुलिस का कथन

**पुलिस** कर्मियों ने बताया कि सुबह 9 बजे ड्यूटी होने के बाद भी यहां चिकित्सक साढ़े 11 बजे ड्यूटी पर आए हैं। ऐसे में उन्हें सभी काम छोड़कर यहां परिजनों को शांत कराना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से किसी तरह का कोई प्रबंध यहां नहीं किया जा रहा है। डॉक्टर यदि समय पर पोस्टमार्टम कर दें तो लोगों के साथ उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## आरडब्लूए सेक्टर-46 द्वारा लगाया गया निशुल्क कोरोना टीकाकरण शिविर

**फरीदाबाद।** तेजी से बढ़ रहे कोरोना के केसों से आमजन को बचाने के उद्देश्य से रेजीडेंस वेलफेयर एसोएिशन सेक्टर-46 के प्रधान राजसिंह बैंसला के कार्यालय पर निशुल्क कोरोना टीकाकरण शिविर लगाया गया। शिविर लगाने में भाजपा मेवला मंडल अध्यक्ष हरिश खटाना और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। प्रधान राजसिंह बैंसला ने कहा कि कोरोना की लहर एक बार फिर चल पड़ी है और यह बिमारी दोबारा विकराल रूप ना ले इसको लेकर सभी को कोरोना का टीका जल्द से जल्द लगवा लेना चाहिए।

# गोली मारकर आढ़ती की हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त ओपी सिंह ने फरीदाबाद में हो रहे अपराधों को मध्य नजर अपराधियों की धरपकड़ कर उनको सलाखों के पीछे भेजने के लिए सभी क्राइम ब्रांच को दिशा आदेश दिए हैं। सुमेर सिंह पुलिस उपायुक्त अपराध के निर्देशों पर अनिल कुमार यादव सहायक पुलिस आयुक्त अपराध फरीदाबाद के नेतृत्व में कार्य करते हुये क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी ने जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी वरुण एव हरेन्द्र को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। क्राइम ब्रांच टीम ने बताया कि दोनों उपरोक्त आरोपियो को चंदावली पुल से गिरफ्तार किया गया है, आरोपियो कि पहचान वरुण सेक्टर 62 फरीदाबाद एवं हरेन्द्र निवासी मलेरणा रोड आदर्श नगर बल्लभगढ़ के रुप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक अप्रैल को बल्लभगढ़ की सब्जी मंडी में आढ़ती सहित 3 लोगों को गोली मार कर घायल किया था। जिस घटना पर थाना आदर्श नगर में हत्या की कोशिश, अवैध हथियार का प्रयोग करने कि धारओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई थी। आरोपियो ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि सोमवार सुबह करीब 6 बजे आढ़ती की दुकान पर जा कर गोलियां मारकर फरार किया था। इसी



दौरान अपनी फसल बेचने आया किसान और एक पल्लेदार भी गोली लगने से घायल हो गया। उन्होने पुरानी रंजिश को लेकर उन्होने इस घटना को अंजाम दिया है। आरोपी वरुण ट्रांसपोर्ट का काम करता है। घटना के बाद क्राइम ब्रांच आरोपियों की सरगर्मी के साथ तलाश कर रही थी। क्राइम ब्रांच टीम ने बताया कि आरोपियो को न्यायालय में पेश कर माननीय न्यायालय से पुलिस रिमांड मांगा जाएगा। ताकि गहनता से पूछताछ की जा सके।

उल्लेखनीय है गोली का शिकार होकर घायल हुए आढ़ती की आरोपी युवक के परिवार के साथ पुरानी रंजिश चल रही है। आढ़ती ने आरोपी के पिता की हत्या कर दी थी। इस मामले में जिला की अदालत द्वारा आढ़ती को सजा भी सुनाई जा चुकी है। लेकिन आढ़ती ने हाईकोर्ट में अपील कर दी थी। फिलहाल आढ़ती हाईकोर्ट से जमानत पर चल रहा है।

# ठेकेदार बोल रहा, नौकरी करनी है तो ब्लैंक एफिडेविट दो



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में ठेके पर तैनात कर्मचारियों को आए दिन नई मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। गत 31 मार्च को समाप्त हो चुके ठेके में जहां सुरक्षाकर्मियों की भर्ती नहीं थी।

जिस पर सुरक्षाकर्मियों ने कोर्ट में केस डाल दिया था। जिस पर कोर्ट ने तीन माह का स्टे कर्मचारियों को दे दिया था, लेकिन इस बीच कर्मचारियों को एक नई मुसीबत झेलनी पड़ रही है। ठेकेदार ब्लैंक एफिडेबिट पर कर्मचारियों के हस्ताक्षर करवा रहा है। इसको लेकर कर्मचारी सोमवार को प्रदर्शन करेंगे।

### ये है पूरा मामला

**कर्मचारियों** ने बताया कि ठेकेदार कोर्ट से ब्लैंक एफिडेबिट बनावा कर उस पर हस्ताक्षर करने का दबाव बना रहा है। जिसकी शिकायत उन्होंने सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लाम्बा से की है। जिस पर उन्होंने एक अपातकालीन बैठक के बाद इस मामले में सीएमओ से बात करने का आश्वासन दिया है। कर्मचारियों का

### परेशान कर्मी करेंगे सोमवार को प्रदर्शन

आरोप है कि ठेकेदार उनसे ब्लैंक एफिडेबिट हस्ताक्षर करके मांग रहा है। एफिडेबिट न देने वाले कर्मचारियों को नौकरी से निकालने तक की धमकी दी जा रही है। कर्मचारियों ने कहा कि एफिडेबिट देने को उन्हें मजबूर किया जा रहा है, जबकि कानून के मुताबिक यह बिल्कुल गलत है। उन पर दबाव डाला जा रहा है। जिस पर वह यूनियन के पदाधिकारियों से बातचीत करने आए हैं।

### पदाधिकारी का कथन

**कर्मचारी** नेता सुभाष लाम्बा ने कहा कि ब्लैंक एफिडेबिट मांगना गलत है। उस पर ठेकेदार या उसकी कंपनी क्या लिखती है, वह बताया जाए। इस मामले को लेकर वह सोमवार को सीएमओ डॉ. रणदीप सिंह पूनिया से मिलेंगे। ताकि ठेकेदार और उसकी कंपनी द्वारा की जा रही मनमानी विभाग के आला अधिकारियों तक पहुंच सके। सोमवार को प्रदर्शन किया जाएगा।

# बिजली बिलों के विरोध में प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आम** आदमी पार्टी के बल्लभगढ़ विधानसभा कार्यकर्ताओं ने बढ़े हुए बिजली बिलों के विरोध में भगतसिंह कॉलोनी स्थित बिजली दफ्तर पर जनमानस के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में उपस्थित लोगों ने केजरीवाल सरकार के बिजली मॉडल की प्रशंसा की।

बिजली दफ्तर पर बढ़े हुए बिलों से त्रस्त लोगों ने आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के इस प्रदर्शन की सराहना की और बिजली दफ्तर पर ही



खट्टर सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। जिला प्रवक्ता सुबोध शर्मा ने उपस्थित लोगो से कहा कि खट्टर सरकार जब तक इन बढ़े हुए बिलों से सिक्योरिटी मनी के रूप में जो धन राशि बसूल कर रही है वो कम नहीं करती तब तक आम आदमी पार्टी हर बिजली दफ्तर पर इसी प्रकार आंदोलन करती रहेगी। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सरोहा ने लोगों को आश्वासन दिया कि आम आदमी पार्टी जनता के इस संकट कि घड़ी में उनके साथ कंधा से कंधा मिलकर कड़ी रहेगी। साउथ जॉन महिला अध्यक्ष मंजू गुप्ता, जॉन सचिव ब्रजेश नागर, जिला सोशल मीडिया अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, रवि बैंसला, जिला श्रमिक अध्यक्ष राजकुमार, जिला पूर्वांचल अध्यक्ष राजपाल झा, राहुल कुमार, मयंक, विधानसभा कोषाध्यक्ष एके बंसल, हेमंत कुमार, अरविन्द कुमार, हेमंत मंडल सहित अनेको क्रांतिकारी साथी मौजूद थे।

## वाहनों के पार्ट्स चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने शहर में हो रहे अपराधों का संज्ञान लेते हुए चोरी की वारदातों, असला रखने वाले आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए सभी क्राइम ब्रांचों को आदेश दिये हैं। सुमेर सिंह पुलिस उपायुक्त अपराध के निर्देशों पर अनिल कुमार यादव सहायक पुलिस आयुक्त अपराध फरीदाबाद के नेतृत्व में कार्य करते हुये क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी ने खड़ी कारों के टायर रिम सहित उतारकर चोरी करके ले जाने वाले गिरोह को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है।

## बिजली बिल बढ़ाकर जले पर नमक छिड़क रही है सरकार : जसवंत

**फरीदाबाद।** कंगाली में आटा गीला, इस प्रचलित कहावत को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फरीदाबाद वासियों के लिये सार्थक साबित कर रहा है।



बिजली विभाग ने हाल ही में अग्रिम जमा राशि के नमा पर कई गुना पैसा बढ़ा दिया है जिसका विरोध अब दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। विरोध की कड़ी में आज युवा आगाज छात्र संघ के संयोजक एवं समाजसेवी जसवंत पवार ने प्रेसवार्ता कर हरियाणा सरकार पर लूट-खसौट करने का आरोप लगाया है, पवार ने कहा है कि शहरवासी पहले ही कोरोना महामारी की मार झेल रहे हैं ऊपर से बिजली विभाग ने अग्रिम जमा राशि कई गुना बढ़ाकर उनकी बची कुछी जान निकालने का प्रबंध कर दिया है। जनहित को ध्यान में रखते हुए सरकार को तुरंत प्रभाव से यह आदेश वापस ले लेना चाहिए।

# कोरोना सैकेंड स्ट्रेन: 268 पॉजिटिव से आंकड़ा 49601

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए सीएम मुख्यमंत्री ने पहली से आठवीं कक्षा तक के स्कूलों को एक बार फिर 30 अप्रैल तक बंद करने की घोषणा कर दी है। वहीं जिले में वैक्सीनेशन को बढ़ावा जिला स्वास्थ्य विभाग दे रहा है।

शुक्रवार को 118 स्थानों पर 10538 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। इन सबके बावजूद शुक्रवार को 268 नए मामले सामने आए। जिससे जिले में

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांच | : 592190 |
| अब तक पॉजिटिव | : 49601 |
| अब तक नेगेटिव | : 540830 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1759 |
| ऑक्सीजन पर हैं | : 53 |
| वैंटीलेटर पर हैं | : 7 |
| अब तक मौत | : 426 |
| अब तक ठीक | : 47546 |

पॉजिटिव की संख्या का आंकड़ा 49601 पर पहुंच गया।

वहीं पिछले 24 घंटे में एक मरीज की मौत हो गई। राहत की बात यह रही कि जिले में 143 मरीजों ने



कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 95.9 प्रतिशत पर पहुंच गया।

### यहां से पॉजिटिव

**जिले** में 268 पॉजिटिव है। जिसमें सेक्टर-77, 28, 2, 46, 16, सैनिक कॉलोनी, से 4-4 मरीज है। नीमका, सेक्टर-14, 2, 55, 43, मुकेश कॉलोनी से 1-1 मरीज है। सेक्टर-15 से सर्वाधिक 15 मरीज है। सेक्टर- 9, 56, 34, 31, जवाहर कॉलोनी, दयालबाग, लकडपुर, भीकम कॉलोनी, से 2-2 मरीज है। सेक्टर-86, शिव दुर्गा बिहार, से 6-6 मरीज है।

सेक्टर-29, 37, एनएच-3, से 7-7 मरीज हैं। राजीव कॉलोनी, सेक्टर-35, 3, 21, ग्रीन वैली से 3-3 मरीज हैं। सेक्टर-10, 11, 42, तिलपत, से 5-5 मरीज हैं। एनएच-5 और सेक्टर-19 से 8-8 मरीज हैं। ग्रीन फिल्ड कालोनी से 10 मरीज हैं। अन्य एरियों से 109 मरीज शामिल हैं।

# कूड़ा प्रबंधन में कमेटियों को एनजीओ की मदद की दरकार

## सभी वार्डों में डी-कंपोस्टिंग और ठोस-तरल कूड़ा प्रबंधन को लेकर करें जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** एवं नगर निगम कमिश्नर यशपाल ने कहा कि फरीदाबाद शहर को स्वच्छ व समार्ट बनाने के लिए जिला प्रशासन व नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है। इसके लिए सभी वार्डों में एक-एक कमेटी का गठन किया जा रहा है। इस कमेटी में जिला प्रशासन, नगर निगम, सीएसआर पार्टनर और वार्ड के लोगों को शामिल किया जा रहा है।

ऐसे में सभी एमजीओ व गणमान्य लोग भी इन कमेटियों की मदद करें और लोगों में कूड़े से खाद तैयार करने और ठोस व तरल कूड़ा प्रबंधन के लिए लोगों में जागरूकता फैलाएं। वह गुरुवार सायं एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 में शहर के विभिन्न एनजीओ व सिविल सोसायटी के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए हम



सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि कूड़े का प्रबंधन सिर्फ प्रशासनिक विषय नहीं है बल्कि इसके लिए हम सभी को मिलकर सहयोग व कार्य करना होगा। जब कूड़ा घर से निकले उसी समय गीला व सूखा कचरा अलग-अलग किया जाए ताकि उसे अलग-अलग तरीके से खाद व अन्य ढंग से निस्तारित कर प्रयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रबंधन के कार्य कर हम स्वच्छता का एक बड़ा संदेश दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने इस अभियान में कुछ बड़े उद्योगपतियों व संस्थानों को भी जोड़ा है जो अपने सीएसआर फंड के जरिए मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि वार्डों में कूड़े के प्रबंधन व निगरानी के लिए कमेटियों में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, नगर निगम के अधिकारियों व सीएसआर सहयोगियों को जोड़ा गया है। इस काम में आप सभी एनजीओ व सिविल सोसायटी के लोगों को भी आगे आना होगा।

उन्होंने कहा कि अध्यापक, डॉक्टर इंजीनियर, उद्योगपति प्रत्येक व्यक्ति को इस नेक कार्य में अपने-अपने ढंग से मदद करनी होगी। उन्होंने सिविल सोसायटी के लोगों से कहा कि कोई भी व्यञ्चित अभियान से जुड़ने के लिए bit.ly/swachh-member ÂÚU लाग ईन कर सकता हैं। दौरान भिवानी निवासी रामप्रकाश ने अपने द्वारा चलाए जा रहे कंपोस्ट प्रोजेक्ट के बारे में भी जानकारी दी।

## स्कॉर्पियो बेचने का झांसा देकर लूटने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने, ओएलएक्स पर सस्ती गाड़ी बेचने से संबंधित झूठी सूचना डालकर लोगों के साथ लूट करने वाले एक आरोपी को काबू किया है।

आरोपी की पहचान राकेश पुत्र नारायण निवासी गांव तिरवाड़ा जिला मेवात के रूप में हुई है। 2018 में बिहार के रहने वाले एक स्कूल संचालक ने सेकंड हैंड सामान बेचने वाली एप्लीकेशन साइट ओलएक्स पर बेहद कम दामों में एक स्कोर्पियो गाड़ी बेचने का विज्ञापन देखा, फलस्वरूप लालच में आकर उसने कार का विज्ञापन डालने वाले से मोबाइल पर सम्पर्क साधा ओर स्कोर्पियो गाड़ी को लेने की इच्छा जाहिर की। शिकायतकर्ता को नहीं पता था कि जिस गाड़ी के फोटो उसने इस साइट पर देखे हैं असल मे वो गाड़ी है ही नहीं ओर हुआ भी ऐसा ही जब शिकायतकर्ता ने कार लेने फरीदाबाद खेड़ी पुल एरिया में पहुंचा तो पहले से ही मौजूद जाल बिछाए, 4-5 लड़कों ने गाड़ी एकांत में खड़ी होने की बात कहकर शिकायतकर्ता को आगरा कैनाल स्थित मिट्टी के टीलों के बीच झाड़ियों में बुला लिया।

# एनिमल फार्म नाटक का मंचन, लोगों ने की तारीफ



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर 12** स्थित एचएसवीपी कनवेंशन सेंटर में सातवें संभार्य थियेटर फेस्टिवल के आखिरी दिन मशहूर अंग्रेजी उपन्यासकार जॉर्ज ऑरविल द्वारा लिखित एनिमल फार्म नाटक का मंचन किया गया। जिला प्रशासन और संभार्य फाउंडेशन के तत्वावधान में यह कार्यक्रम चल रहा है। इस नाटक को वरिष्ठ रंगकर्मी व निर्देशिक आनंद सिंह भाटी ने निर्देशित किया। मुख्य अतिथि के रूप में एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा मौजूद थे। उन्होंने कहा कि इस तरह से रंगमंच शहर में लगातार होने चाहिए क्योंकि रंगमंच समाज को आइना दिखाता है।

नाटक के माध्यम से बताया गया कि किस तरह से एक आदमी अपने स्वार्थ के लिए गलत राजनीति खेलता है। निर्देश आनंद सिंह भाटी ने बताया कि एनिमल फार्म अंग्रेजी उपन्यासकार जॉर्ज ऑरविल की कालजयी रचना है जॉर्ज ओरविल के संबंध में खास बात ये है कि उनका जन्म भारत में ही बिहार के मोतिहारी नामक स्थान पर 1903 में हुआ। 20वीं सदी के महान अंग्रेजी उपन्यासकार जॉर्ज ऑरविल ने अपनी इस कालजयी कृति में पशुओं को केंद्रीय चरित्र बनाकर साम्यवादी क्रांति आंदोलन के इतिहास में आई भ्रष्टता को उजागर किया है, आजादी के आंदोलन जिस उद्देश्य के लिए किये जाते हैं। उस उद्देश्य को पाने के बाद जब उसमें भ्रष्टता आ जाती है तो वह आंदोलन भटक जाता है। इस नाटक में भी यहीं दिखाया गया है कि किस तरह से एनिमल फार्म के अंदर पशु अपना लोकतंत्र स्थापित करने की कोशिश करते हैं लेकिन कुछ भ्रष्ट पशुओं की वजह से पूरा एनिमल फार्म के जानवर घुट घुट कर जीने को मजबूर हो जाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व विधायक ने किया मोहना मंडी का औचक दौरा



**फरीदाबाद।** अनाज मंडियों में फसल खरीद के दौरान किसानों को रही परेशानी के मद्देनजर शुक्रवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पं. टेकचंद शर्मा ने मोहना अनाज मंडी का औचक दौरा कर किसानों की परेशानियों को जाना। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा फसल लेकर आने वाले किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। दौरे के दौरान किसान व आढ़ती दोनों ही मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर काफी नाराज नजर आए। उन्होंने पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा को बताया कि हरियाणा भंडारण निगम द्वारा सप्ताह में तीन दिन ही फसल की खरीद होती है, जबकि बारदाना न होने के कारण भंडारण विभाग ने खरीद से इंकार कर दिया है इसलिए मंडियों में उठान नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते उन्हें खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों व आढ़तियों की परेशानी सुनने के बाद पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा ने मौके पर हरियाणा वेयरहाऊस के डीएम मनोज पाराशर से फोन पर बात की और उन्हें किसानों की समस्याओं से अवगत करवाया, जिस पर डीएम ने तुरंत खरीद के आदेश दिए तथा कल तक बारदाना उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### जीवा: सीजीएचएस डे केयर थेरेपी हॉस्पिटल के पैनल में शामिल

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21बी स्थित जीवा आयुर्वेद एनएबीएच क्लीनिक भी अब डे केयर थेरेपी हॉस्पिटल के रूप में एक साल के लिए सीजीएचएस (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) के पैनल में शामिल हो गया है। हाल ही में, जीवाग्राम, सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए जीवा आयुर्वेद का विशेष केंद्र, हरियाणा का पहला सीजीएचएस (सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम) पैनल में शामिल होने वाला एनएबीएच मान्यता प्राप्त आयुष हॉस्पिटल बना था। सीजीएचएस, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित भारत सरकार के मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं देने वाली एक योजना है। इस पैनल में शामिल होने से केंद्र सरकार के कर्मचारी, पेंशन लेने वाले और उन पर आश्रित रहने वाले नमांकित लोग इस योजना के तहत स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए जीवाग्राम से आयुर्वेदिक उपचार प्राप्त कर सकते हैं। जीवा आयुर्वेद के निर्देशक डॉ. प्रताप चौहान ने कहा, हमारे क्लीनिक की सबसे खास बात ये है कि यह हमेशा व्यक्ति की समस्या की जड़ तक जाता है, जिससे समस्या के कारण को जानकर उसको जड़ से खत्म किया जा सके। हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे डॉक्टर अपने मरीजों के साथ ज़्यादा से ज़्यादा समय बिताएं ताकि उनकी समस्या को अच्छी तरह समझकर उसका जड़ से इलाज कर सकें।

### हौमरटन ग्रामर स्कूल में लगा टीकाकरण शिविर



**फरीदाबाद।** शुक्रवार को सेक्टर 21 ए स्थित हौमरटन ग्रामर स्कूल में कोविड वैक्सीन टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सेक्टर 21 ए, 21 सी, स्कूल के अध्यापक, कर्मचारियों एवं अन्य कई जगह से आये लोगो ने भाग ले सरकारी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से वैक्सीन लगवाई। स्कूल प्रबन्धन की तरफ से कोरोना गाइड लाइन को देखते हुये पर्याप्त इंतजाम किये गये थे। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर राजदीप सिंह, प्रधानाचार्य अर्चना डोगरा, सुजन कौर आदि उपस्थित थे। राजदीप सिंह ने इस कार्यक्रम में आये लोगो का स्वागत किया। लोगों से अपील की कि कोरोना वैक्सीन लगवाने के बावजूद सभी लोग कोरोना से सम्बंधित गाइड लाइन का पालन करें, तभी हम इस बीमारी को मात दे सकते हैं। उन्होंने सरकार का और स्वास्थ्य विभाग की टीम का धन्यवाद किया। सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ साथ स्कूल स्टाफ पार्थ क्षत्रिय, करिश्मा कालरा, प्रियंका, प्रीति, शिवानी, एकता, आशीष, गिरिराज, कृष्ण अरोड़ा, रक्षपाल यादव ने पूर्णतः सहयोग किया।

### अनिश्चितकालीन धरना देकर सेवा बहाली की मांग

**फरीदाबाद।** गोल्ड फील्ड मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कार्यरत सैकड़ों कर्मचारी अपनी सेवा बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। यह जानकारी सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने दी। डंगवाल धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करने के लिए मेडिकल कॉलेज के गेट पर गए हुए थे। उन्होंने हरियाणा सरकार पर पिछले 8 वर्षों से गोल्ड फील्ड अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में कार्यरत कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं लेने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि इस संस्थान की मैनेजमेंट और सरकार के बीच में विवाद चल रहा था। क्योंकि पुरानी मैनेजमेंट ने अस्पताल और कॉलेज को चलाने के लिए सरकार से लोन ले रखा था। इस लोन की भरपाई नहीं हो सकी। लेकिन मैनेजमेंट कर्मचारियों से काम करते रहने की बात करती रही। अस्पताल के तत्कालीन प्रबंधकों ने वेतन देने का वादा किया था। लेकिन 2016 में सरकार ने इसको बंद कर दिया और अब इस कॉलेज और अस्पताल को हरियाणा सरकार ने अपने अधीन कर लिया है। अब इसका नाम बदल कर अटल बिहारी बाजपेई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रख दिया है। इस अस्पताल को चलाने के लिए एक डायरेक्टर और एक डिप्टी डायरेक्टर आउटसोर्सिंग पर लगाए गए हैं। जबकि चिकित्सकों की भर्ती नियमित रूप से हो रही है। लेकिन सरकार के द्वारा इसका अधिग्रहण करने के बाद इसमें पहले से कार्यरत सैकड़ों विभिन्न कैटेगरी के कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं लिया जा रहा है।

### सेक्टर 21-ए में टैंकर से पानी खरीदने की मजबूरी

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए के मैत्री ब्लॉक की मिडिल लेन में काफी अरसे से पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। यहां के लोगों को टैंकर खरीद कर पानी मंगाना पड़ रहा है। मैत्री ब्लॉक निवासी युगल किशोर शर्मा, संदीप सैनी, गौरव आनंद, मिलन कालरा, कमलजीत सिंह आदि ने बताया कि हम कई बार एसडीओ अनिल कुमार, जेई कुशल राव के माध्यम से नगर निगम में अपनी बात पहुंचा रहे हैं, किंतु कोई तवज्जो नहीं दी जा रही है। सेक्टर 21ए का कम्युनिटी सेंटर मैत्री ब्लॉक की दीवार से सटा हुआ है। जहां पर तीन चार ट्यूबवेल खराब ठप पड़े हुए हैं। न तो नगर निगम द्वारा कम्यूनिटी सेंटर में कोई नया ट्यूबवेल लगाया जा रहा है, न ही मैत्री ब्लॉक की 30 साल पुरानी पाइप लाइन बदली जा रही है। इस विषय में समाजसेवी युगल किशोर शर्मा ने कमिश्नर ऑफिस में ईमेल भेजकर बाकायदा शिकायत की है। डीएस धवन ने बताया कि वह लगातार नगर निगम अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं लेकिन मैत्री ब्लॉक की पेयजल समस्या का समाधान अभी तक नहीं दिया गया है, लिहाजा यहां के निवासियों में रोष है। लोगों ने निगमायुक्त यशपाल यादव से आग्रह किया है कि वह कार्यकारी अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और एसडीओ को बुलाकर उनसे मीटिंग लेकर समस्या का समाधान कराएं।

### देश का सबसे मजबूत छात्र संगठन है एनएसयूआई: फागना



**फरीदाबाद।** एनएसयूआई के 51वें स्थापना दिवस पर मैं देश की छात्र कौम को हार्दिक बधाई देता हूं और सलाम भी करता हूं और हर उस कार्यकर्ता व नेता को जिन्होंने 1971 से 2021 तक अपने खून पसीने से लगातार पार्टी को सींच कर एनएसयूआई के झंडे को बुलंद रखा। यह कहना है फरीदाबाद से एनएसयूआई के जिलाउपाध्यक्ष विकास फागना का, वह गरीब बच्चों के साथ संस्था का स्थापना दिवस मना रहे थे। फागना ने बच्चों को कॉपी, पैंन्सिल, मॉस्क, कैप के साथ जरूररत की वस्तुएं वितरित की। फागना ने कहा कि कार्यकर्ताओं से ही संगठन व पार्टी मजबूत होती है और कांग्रेस पार्टी का छात्र संगठन एनएसयूआई देश का सबसे मजूबत छात्र संगठन है। फागना ने कहा कि एनएसयूआई एक ऐसा छात्र संगठन है जोकि किसान, मज़दूर गैर राजनीतिक परिवारों के बच्चों को राजनीतिक मुख्यधारा से जोड़ने का मौका देता है।

# सिविल डिफेंस स्वयंसेवक

## अशोभनीय व्यवहार

**सिविल** डिफेंस स्वयंसेवक कई बार ऐसे काम करते हैं जैसे वे स्वयं ही कानून हों। वे पुलिसजनों की तरह खाकी वर्दी पहनते हैं और आपके वाहन को चारों ओर से घेर कर उसे रुकने पर मजबूर कर सकते हैं। वे वाहन की चाभी भी निकाल सकते हैं। आमतौर से पहली बार नियमों के मामूली उल्लंघन या गलती से मास्क खिसक जाने पर दिल्ली सिविल डिफेंस–डीसीडी 'स्वयंसेवक' आपको भारी जुर्माने की धमकी देते हैं। स्वाभाविक रूप से कोई भी ऐसी हालत में स्वेच्छा से जुर्माना भरने के बजाय फौरन माफी मांग लेता है या मास्क थोड़ी देर के लिए खिसकने का असली कारण बताता है। इसके बाद स्वयंसेवक कम भुगतान कर अपने हथेली 'गर्म' करने का प्रयास करते हैं। यह सब कोविड–उपयुक्त व्यवहार लागू करने के नाम पर किया जाता है और नागरिक को इसकी सजा भुगतनी पड़ती है। निसंदेह मास्क, सेनिटाइज़र व अन्य चिकित्सा उपकरणों के निर्माताओं के लिए महामारी ने अवसर प्रदान किया है और ये सिविल स्वयंसेवक एक प्रकार से वसूली अभियान में लगे हैं। ये 'फर्जी पुलिसकर्मी' बहुत मेहनत से अपना शिकार तलाश करते हैं तथा खासकर गरीब, मजदूर वर्ग या ग्रामीणों को अपना निशाना बनाते हैं जो उनको पुलिसकर्मी समझ लेते हैं। अनेक लोगों ने शिकायत की है कि ये स्वयंसेवक अक्सर ट्रैफिक पुलिस की भूमिका निभाने लगते हैं और मास्क पहने, पर हेल्मेट न लगाए अथवा सीटबेल्ट का प्रयोग न करने वालों को रोकते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि वे पुलिस के नाम पर डराने का काम भी करते हैं।



ये सिविल स्वयंसेवक जुर्माना न भरने पर जेल भेजने की बात कह कर लोगों को डराते हैं। विडंबना है कि उनकी गतिविधियों पर कोई लगाम नहीं लगती है और वे धड़ल्ले से अपना काम करते रहते हैं। यहां तक कि उनके पास खड़े असली पुलिसकर्मी भी इन सिविल स्वयंसेवकों की कारगुजारी पर खामोश तमाशबीन बने रहते हैं। हाल ही में राजधानी में इन सिविल डिफेंस कर्मियों से लोगों के झगड़े की घटनायें बढ़ी हैं। एक मामले में एक छात्र और डीसीडी स्वयंसेवक और छात्र के बीच गरमागरम बहस दक्षिण दिल्ली के हौजखास ट्रैफिक सिग्नल पर हिंसक हो गई। आरोप है कि स्वयंसेवक ने सरेआम छात्र को बेल्ट से मारा। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने डीसीडी कर्मी पर हमला बोल दिया। ये स्वयंसेवक खाकी वर्दी में गुंडों की तरह व्यवहार करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हमेश कहते हैं कि पुलिस को उनकी सरकार के नियंत्रण में लाया जाना चाहिए क्योंकि इससे अपराध पर लगाम लगाने में सहायता मिलेगी। लेकिन ऐसे दावे केवल लफ्फाजी हैं क्योंकि यह विश्वास करना कठिन है कि सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों के कामकाज पर लगाम न लगा पाने वाला मुख्यमंत्री अपराध पर लगाम लगाने में सफल हो सकता है। दिल्ली सरकार ने रात में कर्फ्यू लगा दिया है और आपातकालीन ड्यूटी पर या विधिक पास रखने वालों के अलावा और किसी को बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। चूंकि अकेले पुलिस मामले से नहीं निपट सकती है, इसलिए सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की भूमिका अपरिहार्य हो जाती है। लेकिन यह अवश्य सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ये 'बावर्दी' लोग अपनी ड्यूटी की सीमाओं से बाहर नहीं निकलेंगे। यदि ऐसा नहीं होता है तो हमें जल्द ही सुर्खियों में 'निर्भया' जैसी घटना का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

# पाक पर विश्वास करना कठिन

पाकिस्तान द्वारा शांति का प्रस्ताव केवल एक बहाना है। वह अपने देश में सैनिक और आर्थिक मजबूरियों के कारण सांस लेने का मौका चाहता है।

**अनिल गुप्ता**
(लेखक रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)





हमारे पड़ोसी और जिहादी आतंक के वैश्विक अड्डे पाकिस्तान से शांति की संभावनाओं को देखते हुए कश्मीर–केन्द्रित राजनीतिक पार्टियों के नेता फिर सक्रिय हो गए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा द्वारा भारत–पाक वार्ता के आह्वान का समर्थन करते हुए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी–पीडीपी सुप्रीमो महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि भारत सरकार को इस्लामाबाद से बातचीत शुरू करनी चाहिए। मुफ्ती ने कहा, 'सरकार को समझना चाहिए कि शांति वार्ताओं का रास्ता कश्मीर मुद्दे से होकर गुजरता है। बिना कश्मीर मुद्दे के समाधान के शांति संभव नहीं है।' ऐसी ही भावनायें व्यक्त करते हुए नेशनल कान्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'हमने हमेशा कहा है कि दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध न केवल जम्मू कश्मीर, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए अच्छे हैं। अच्छी बात है कि दोनों देश एक दूसरे को धमकी देने के बजाय बात कर रहे हैं।' इनके आशावाद का कारण समझ में आता है क्योंकि अतीत में दशकों तक ये पाकिस्तानी मुहरे के रूप में जीवित रहे हैं। पाकिस्तानी और कश्मीरी नेताओं के विचारों में समानता का कारण इन पार्टियों का वैचारिक सौम्य–अलगाववाद व उप–राष्ट्रवाद है। लेकिन मुख्य सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान पर विश्वास किया जा सकता है?

इस प्रकरण की शुरुआत फरवरी के अंतिम सप्ताह में दोनों सेनाओं के सैनिक कार्रवाई महानिदेशकों–डीजीएमओ के बीच 2003 के युद्धविराम समझौते के आधार पर नियंत्रण रेखा–एलओसी पर युद्धविराम बनाए रखने संबंधी सहमति से हुई। इसके बाद देश के प्रमुख थिंकटैंकों के साथ 17–18 मार्च को पाकिस्तान सिक्यूरिटी डिवीजन ने इस्लामाबाद सुरक्षा संवाद का आयोजन किया। इसके बाद आए दो बयानों में भारत के साथ शांति की इच्छा प्रकट करने से बहुत से लोगों को आश्चर्य हुआ क्योंकि ये पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख के बयान थे। इसके बाद से दोनों देशों के बीच शांति की आवश्यकता प्रदर्शित करने वाली अनेक बहसें उनकी मीडिया में शुरू हो गईं। हालांकि, पूरी दुनिया सच्चाई जानती है, पर पाकिस्तान अपने कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए यह ढिंढोरा पीट रहा है। पाकिस्तान लंबे समय से अपनी भू–राजनीतिक स्थिति का लाभ उठाता रहा है, पर अब उसकी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था लगभग दीवालिया होने के कगार पर पहुंच गई है। इससे सेना समेत उसके नेतृत्व को भारत के साथ व्यापार बहाल की बात करनी पड़ी है, जबकि अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद पाकिस्तान ने एकपक्षीय रूप से अपना उच्चायुक्त वापस बुला लिया था तथा भारत के साथ व्यापार बंद कर दिया था। लेकिन इमरान खान और बाजवा के बयानों में विरोधाभास है। खान ने 5 मार्च को सालिडैरिटी डे पर दिए अपने बयान में परिवर्तन नहीं किया है। उन्होंने कहा था कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली तक पाकिस्तान भारत से बात नहीं करेगा और अब भी उन्होंने इसे वार्ता की पूर्व शर्त बताया है। उन्होंने कहा, 'यह मुद्दा हमें संबंध सुधारने से रोकता है। हम प्रयास करेंगे, लेकिन भारत को 5 अगस्त के बाद पहला कदम उठाना चाहिए। जब तक वे पहला कदम नहीं उठाते हैं, दुर्भाग्य से हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं।' इसके अगले दिन सेना प्रमुख ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के लिए 'अतीत को दफ्न करने और आगे बढ़ने' का समय आ गया है। उन्होंने जोर दिया कि दोनों पड़ोसियों के बीच शांति वार्ता से दक्षिण व मध्य एशिया में संभावनाओं का द्वार 'खुलेगा।' उन्होंने कहा कि पहल भारत की ओर से होनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने कश्मीर का नाम नहीं लिया, पर इसका उल्लेख केन्द्रीय मुद्दे के रूप में करते

> **पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व पर खतरा समझती है। अतीत में पाकिस्तानी सेना प्रमुखों द्वारा युद्धविराम व शांति के ऐसे प्रस्ताव केवल पाकिस्तान की जरूरत तक चले हैं। युद्धविराम समझौतों का लगातार उल्लंघन अस्थिर भारत-पाक संबंधों की पहचान बन गई है। ऐसे में पाकिस्तान पर विश्वास करना कठिन है।**

हुए कहा कि इसके शांतिपूर्ण समाधान से क्षेत्र में स्थाई शांति आएगी।

25 फरवरी के युद्धविराम प्रस्ताव के फौरन बाद भारत ने पूरी तरह स्पष्ट कर दिया था कि यह जिम्मेदारी पाकिस्तान की है कि शांति वार्ता के लिए उपयुक्त माहौल बनाए। उसने कहा था कि 'आतंक और वार्ता साथ साथ नहीं चल सकते हैं।' कमर बाजवा ने पाकिस्तान की रणनीति 'भू–राजनीति' से बदल कर 'भू–अर्थनीति' करने के संकेत दिए हैं, लेकिन अभी पाकिस्तान को इस पर अमल करना है। भले ही पाकिस्तानी नेताओं की सोच बदली हो पर उनकी 'भारत–विरोधी रणनीति' में कोई परिवर्तन नहीं आया है। पाकिस्तान के 70वें राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समकक्ष इमरान खान और पाकिस्तानी जनता को शुभकामना संदेश भेजा था। उन्होंने पाकिस्तान के साथ 'मैत्रीपूर्ण संबंधों' की इच्छा प्रकट की थी, लेकिन मोदी ने इमरान खान को लिखे एक पत्र में कहा था कि इसके लिए 'आतंक से मुक्त विश्वास का परिवेश जरूरी' है। 5 अगस्त, 2019 के बाद भारत ने विश्व समुदाय को स्पष्ट संदेश दिया है कि कश्मीर संबंधी विवाद केवल जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्य के दो–तिहाई क्षेत्र पर अवैध कब्जे तक सीमित है जिसे आजाद कश्मीर का नाम दिया गया है तथा भारत उसे पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर कहता है।

लेकिन इमरान खान की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि पाकिस्तान द्वारा शांति का प्रस्ताव केवल एक बहाना है। वह अपने देश में सैनिक और आर्थिक मजबूरियों के कारण सांस लेने का मौका चाहता है। उन्होंने फिर गेंद भारत के पाले में डालने का प्रयास किया है। इमरान खान ने मोदी को पत्र लिख कर 'उपयुक्त परिवेश' की बात कही है ताकि दोनों पड़ोसियों के बीच जम्मू कश्मीर मुद्दे समेत सभी मुद्दों के समाधान के लिए रचनात्मक और परिणामोन्मुख संवाद संभव हो।

उन्होंने थोड़ा बदलाव करते हुए 'जम्मू कश्मीर समेत' शब्दों का प्रयोग किया और इसे प्रमुख मुद्दा नहीं बताया जिसके बिना कोई समाधान संभव नहीं है। शायद कमर बाजवा ज्यादा परेशान हैं और वे खान पर सेना के पुनर्गठन तथा एलओसी संबंधी मुद्दों पर दबाव डाल रहे हैं जहां उनको भारतीय सेना का तगड़ा जवाब मिला है।

यह याद रखना भी जरूरी है कि पाकिस्तान ने अभी तक राज्य नीति उपकरण के तौर पर आतंकवाद को छोड़ा नहीं है। वह अपने मुहरों के माध्यम से कश्मीर में लगातार आतंक को बढ़ावा देता है तथा हमारे देश के भीतरी भागों व पूर्वोत्तर में स्लीपन सेलों का नेटवर्क बढ़ा रहा है। पाकिस्तानी सेना युद्धविराम का लाभ उठा कर एलओसी पर ढांचागत संरचना तेजी से मजबूत कर रही है। इसमें अग्रिम चौकियां मजबूत करना तथा एलओसी के निकट गांवों में गोलाबारूद जमा करने व तोपें जमाने के स्थान तैयार करना शामिल है। पाकिस्तानी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी–पीएलए की सहायता से चौकियों पर सुरंगें बना रही है। इसके साथ ही वह चीन से आधुनिक हथियार खरीदने के अलावा ड्रोन व निगरानी व्यवस्थाओं से स्वयं को मजबूत कर रही है। पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व पर खतरा समझती है। अतीत में पाकिस्तानी सेना प्रमुखों द्वारा युद्धविराम व शांति के ऐसे प्रस्ताव केवल पाकिस्तान की जरूरत तक चले हैं। युद्धविराम समझौतों का लगातार उल्लंघन अस्थिर भारत–पाक संबंधों की पहचान बन गई है। ऐसे में पाकिस्तान पर विश्वास करना कठिन है।

# भविष्य का बेहतर विकल्प हरित हाइड्रोजन

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



कल की दुनिया की सत्ता के लिए अथक खोज में, मानवता स्वच्छ और अधिक कुशल ईंधन की खोज करने के लिए अपनी खोज में अथक रूप से शामिल है। वर्ष 2050 तक ग्रह की कार्बन सामग्री की अभिव्यक्ति में कमी दुनिया भर के देशों के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्र है। इसे प्राप्त करने के लिए, ग्रीन हाइड्रोजन (जीएच) को जन्म देकर हाइड्रोजन जैसे तत्व के उत्पादन को कम करना एक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वर्तमान में कुल वैश्विक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के 2 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार है।

एक कुशल रूप से तैयार जीएच न केवल उत्सर्जन के मौजूदा स्तर पर पकड़ बनाने में मदद कर सकता है, बल्कि भविष्य में भी निरंतर शक्ति प्रदान कर सकता है। वैश्विक आबादी प्रति वर्ष 1.1 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ रही है या हर साल 83 मिलियन लोगों की संख्या बढ़ रही है, इस गहन मानव प्रसार का ऊर्जा मांग पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईइए) द्वारा प्रदान किए गए नवीनतम अनुमानों के अनुसार, मानव के लिए आवश्यक वाट की बढ़ती मात्रा का मतलब होगा कि वैश्विक ऊर्जा मांग 2040 तक 25 प्रतिशत –30 प्रतिशत बढ़ जाएगी। ईंधन, इसका मतलब होगा कि अधिक कार्बन डाइऑक्साइड की पीढ़ी, जो बदले में, जलवायु परिवर्तन को बढ़ा देगी। जब तक जीएच जैसे स्वच्छ ईंधन को स्थायी विकल्प के रूप में विकसित नहीं किया जाता है, ग्लोबल वार्मिंग में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम करने के प्रयास अस्थिर होंगे।




हाइड्रोजन एक सार्वभौमिक, हल्का और बहुत प्रतिक्रियाशील ईंधन है जो इलेक्ट्रोलिसिस की रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से उत्पन्न होता है। इलेक्ट्रोलिसिस पानी में ऑक्सीजन से हाइड्रोजन को अलग करने के लिए विद्युत प्रवाह का उपयोग करता है और यदि यह विद्युत प्रवाह अक्षय स्रोतों से प्राप्त होता है, तो वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन किए बिना जीएच का उत्पादन होता है। आईइए के अध्ययन से पता चलता है कि हरित हाइड्रोजन प्राप्त करने का यह तरीका सालाना 830 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड को बचाएगा, जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके इस गैस का उत्पादन किया जाता है।

जीएच के लिए उत्पन्न होने वाले ब्याज के पैमाने का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि सऊदी अरब जैसे पारंपरिक रूप से जीवाश्म ईंधन से संचालित राष्ट्र ने जीएच को अपने ऊर्जा मिश्रण में अपनाने के लिए मजबूत पहल की है। आश्चर्यजनक रूप से स्वागत योग्य विकास में कच्चे तेल उत्पादक देशों के किंगपिन ने देश के उत्तर–पश्चिमी भाग में एक मेगा 5 बिलियन डॉलर जीएच विनिर्माण इकाई, बेल्जियम के आकार की स्थापना की घोषणा की है। 50 डिग्री सेल्सियस के पास मंडराने वाले औसत ग्रीष्मकालीन समय के तापमान के साथ सऊदी अरब एक ऊर्जा–आधारित देश है जो अपने बिजली क्षेत्र को ईंधन देने के लिए तेल का उपयोग करता है। रियाद–आधारित संयुक्त संगठन के डेटा पहल के एक अध्ययन से यह पता चला है कि हर साल अगस्त का महीना ऊर्जा की मांग में बढ़ जाता है जब राष्ट्र में ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रति दिन औसतन 7,26,000 बैरल तेल की खपत होती है। ब्रिटिश पेट्रोलियम पीएलसी की नवीनतम विश्व ऊर्जा रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब ने 2019 में प्रति व्यक्ति 322 गीगा–जूल का उपभोग किया, जो वैश्विक औसत से चार गुना से अधिक है और यूरोप के लिए लगभग तिगुना है। राष्ट्र स्पष्ट रूप से जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता का एहसास करता है और इसलिए जीएच की ओर इसकी रणनीतिक चाल है। ब्लूमबर्गएनईएफ का अनुमान है कि जीएच को 2050 तक लगभग 700 बिलियन डॉलर के बाजार मूल्य की उम्मीद है, लेकिन वर्तमान में इस ऊर्जा के उत्पादन की लागत अधिक है।

अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (आईआरइए) के अनुसार, वर्तमान में हरित हाइड्रोजन की प्रति किलोग्राम उत्पादन लागत 5 डॉलर है। हालांकि, सदाबहार धूप और विशाल अप्रयुक्त भूमि वाले सऊदी जैसे देशों के लिए, प्रति किलो उत्पादन लागत 2030 तक 1.50 डॉलर तक कम हो सकती है। सऊदी के अलावा, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटेन और चीन जैसे अन्य देशों ने जीएच उत्पादन क्षमता विकसित करने की गति को बढ़ाया है।

इस तरह के समय में, भारत को दुनिया के साथ चलने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है और जीएच को बड़े पैमाने पर अपनाकर अपनी अर्थव्यवस्था को विकार्बनीकृत करने के लिए कुछ करना चाहिए। नवंबर 2020 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एक व्यापक राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन का प्रस्ताव रखा और उसी पर निर्माण किया, इस वर्ष के बजट में हरित ऊर्जा स्रोतों से हाइड्रोजन उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन 2021–22 के प्रस्ताव का संदर्भ देखा गया।

जैसा कि सरकार ने प्रगति करने के लिए अपना समय लिया है, हाल ही में नासडाक द्वारा सूचीबद्ध फ्यूजन फ्यूल ग्रीन और चेन्नई स्थित बीजीआर एनर्जी सिस्टम्स के बीच सहयोग के साथ निजी क्षेत्र में पहले ही तरह की शुरुआत की जा चुकी है। टाई–अप, सौर ऊर्जा का उपयोग करके हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए संलयन ईंधन की मालिकाना तकनीक का उपयोग करने में सक्षम होगा और भारत भर में जीएच ऊर्जा परियोजनाओं का कार्य करेगा।

जीएच स्केलेबल, टिकाऊ और मनमोहक है और 2030 तक अक्षय स्रोतों से अपनी ऊर्जा का 450 गीगावाट उत्पादन करने के भारत के लक्ष्य के साथ, राष्ट्र को इससे आगे नहीं देखना चाहिए क्योंकि यह इसे प्राप्त करने के लिए उपयुक्त समाधान प्रदान करता है।

## आप की बात

### नेता रैली में जनता तालाबंदी में

**दिल्ली** में लगातार प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारी कोविड–19 के गंभीर हालात को लेकर बैठक कर रहे हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर चिन्तित हैं परन्तु असम, बंगाल एंव अन्य कई राज्यों में क्या उन्हीं प्रधानमंत्री की रैलियों में आए लोगों ने कोविड के नियमों का पालन किया है? किसी ने मास्क पहना है? दो गज की दूरी का पालन किया हैं? प्रधानमंत्री चिन्तित हैं कि इन्हें कोरोना हो गया तो? बहरहाल चुनाव शुरू होते ही हर दल के नेता भीड़ की तस्वीरों को ट्वीट करने लगे और अपनी लोकप्रियता की ताकत दिखाने लगे परन्तु उन तस्वीरों में मास्क नदारद था। अब तो लोग हकीकत में मानने लगे हैं कि कोरोना का प्रकोप खत्म हो गया हैं, जो केवल मज़ाक हैं। जहां चुनाव होता है वहां कोरोना का कोई डर नहीं होता है, कोई नाइट कर्फ्यू, कोई लॉकडाउन नहीं होता है। मंच से प्रधानमंत्री को दिखता ही होगा कि कोई मास्क पहन कर नहीं आया है। क्या प्रधानमंत्री ने अपनी चुनावी सभाओं में लगातार दो गज की दूरी और मास्क पहनने की अपील की? उनके भाषणों में इसका ज़िक्र होता है कि कोरोना के समय गरीबों को क्या क्या दिया लेकिन इस बात की अपील नहीं होती कि कोरोना से बचने के लिए क्या करना चाहिए।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

### इतिहास रचता भारत

**भारत** की विकास यात्रा हमेशा से ऐतिहासिक रहीं है। हर नये पड़ाव पर, नये इतिहास और भविष्य की गाथा को लिखा जा रहा। चाहे हाल ही में चेनाब नदी पर बना, एफिल टॉवर से भी पैंतीस मीटर ऊंचा रेल्वे पुल हो या फिर असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बना उन्नीस किलोमीटर लंबा रोड व रेलवे, सभी भारत के इतिहास में नया अध्याय जोड़ रहे। पिछले वर्ष ही, प्रधानमंत्री ने विश्व की सबसे ऊंची टनल, अटल रोहतांग पास का शुभारंभ किया था, जो कि समुद्रतल से दस हजार फुट से भी ऊंचाई पर, नए और आधुनिक संसाधन से युक्त है। ऐसा नहीं है कि भारत सिर्फ ऊंचाई, लंबाई के मामले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा बल्कि, विज्ञान और सेना के सशक्तिकरण के मामले मे भी, महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरदार सरोवर पर बनी, लौह पुरुष, सरदार पटेल की गगनचुंबी मूर्ति भी देश की विरासत और एकता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा हो या फिर मन की बात, बताता है कि एक प्रधानमंत्री होने के बावजूद, उनके सोच और विचार, हर निम्न लोगों तक पहुचना है। बच्चों को उत्साह से भर देना या फिर उनके अंदर आत्मविश्वास की अलक जगाना, यह सब विशेषता ही तो है।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### बढ़ता प्रदूषण

**अभी** हम देख रहे हैं कि जिस तरह दुनियाभर में कोरोनावायरस का कहर बढ़ रहा है उसी तरह जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण का स्तर भी धीरे–धीरे बढ़ रहा है और उनमें तेजी से परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जहां पिछले साल इसी महीने में प्रदूषण के स्तर में काफी गिरावट दर्ज की गई थी तो वहीं दूसरी ओर इस साल इस में थोड़ा इजाफा देखने को मिला है। प्रदूषण में इजाफा होना कहीं ना कहीं हमारे लिए हानिकारक साबित हो सकता है। जिन लोगों को सांस लेने में दिक्कत व अन्य संबंधित बीमारी है उनके लिए यह घातक साबित हो रहा है। इसीलिए प्रदूषण पर नियंत्रण अब बहुत जरूरी हो गया है। इसके लिए हमें कम से कम प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का प्रयोग करना चाहिए वाहन जब रुका हो तो उसे बंद कर देना चाहिए और अन्य किसी प्रदूषण जनित चीज को अत्यधिक उपयोग नहीं करना चाहिए उसका एक सीमित उपयोग करके ही उसे अपने प्रयोग में लाया जाना चाहिए तभी हम इस प्रदूषण से मुक्ति पा सकते हैं और स्वस्थ हवा और सुकून से जी सकते हैं।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नानकमता

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सीआरपीएफ** मतदाताओं से भाजपा को वोट देने को कह रही है। मैं आपसे कहती हूं कि एकजुट हों और वे जहां मिलें उनका घेराव करें।

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**वो** व्याकुल और आक्रोशित हो गई हैं क्योंकि उन्हें पराजय दिखाई दे रही है। वो केंद्रीय बलों के खिलाफ जनता को भड़काने का प्रयास कर रही हैं।

– **सिसिर बजोरिया**
भाजपा नेता



**जेल** में बंद आरोपियों द्वारा पत्र लेखन की नई प्रवृत्ति प्रारम्भ हो गई है जो हमारी सरकार को अस्थिर करने की राजनीतिक साज़िश है।

– **संजय राउत**
शिवसेना नेता

# संक्रमण को रोकने की प्रभावी नीति तैयार करें: योगी

## बलरामपुर चिकित्सालय में 300 बेड का कोविड हास्पिटल संचालित करने व एरा तथा टीएस मिश्रा मेडिकल कालेज को पूरी तरह कोविड अस्पताल के रूप में परिवर्तित करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड.19 के प्रसार को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कोविड के उपचार की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने और कोरोना से बचाव के सम्बन्ध में निरन्तर सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में कोविड.19 के उपचार की व्यवस्था मजबूत रहे। कोविड चिकित्सालयों में चिकित्साकर्मियों, दवाओं, मेडिकल उपकरणों तथा बैकअप सहित ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता रहे। एल-2 तथा एल-3 श्रेणी के कोविड चिकित्सालयों में वेन्टिलेटर्स तथा हाई फ्लो नेजल कैन्युला की व्यवस्था अवश्य रहे।

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि लखनऊ के बलरामपुर चिकित्सालय में 300 बेड का कोविड हास्पिटल संचालित किया जाए। एरा मेडिकल कालेज तथा टीएस मिश्रा मेडिकल कालेज को पूरी तरह कोविड अस्पताल के रूप में परिवर्तित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह व्यवस्था बनायी जाए जिसके तहत जनपद लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी तथा कानपुर नगर के सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों में एक दिन में 50 प्रतिशत कर्मी ही आएं। उन्होंने इस सम्बन्ध में रोस्टर बनाकर उसे लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सभी कोविड अस्पतालों की व्यवस्थाओं को चेक किया जाए। चिकित्सालयों में ऑक्सीजन की आपूर्ति एवं उपलब्धता के सम्बन्ध में विशेष रूप से जानकारी प्राप्त की जाए। चिकित्सकों, पैरा मेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफतथा पुलिस बल को संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। योगी ने कोविड 19 के टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिदिन 2 लाख कोरोना टेस्ट किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि कुल टेस्ट में 1 लाख टेस्ट आरटीपीसीआर विधि से अवश्य किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि निगरानी समितियां पूरी तरह सक्रिय रहें। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग का कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने जनपदों में स्थापित इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन तथा मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। उन्होंने कोरोना से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किए जाने पर बल देते हुए कहा कि इस कार्य में पब्लिक एड्रेस सिस्टम का पूरा उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता व सेनिटाइजेशन का कार्य अभियान चलाकर किया जाए। इससे कोरोना के साथ साथ डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन तथा हवाई अड्डों पर लोगों की इन्फ्रारेड थर्मामीटर एवं पल्स ऑक्सीमीटर के माध्यम से स्क्रीनिंग के साथ साथ आवश्यकतानुसार रैपिड एन्टीजन टेस्ट के माध्यम से जांच की व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, राहत आयुक्त रणवीर प्रसाद, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा टीका उत्सव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आगामी 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती से लेकर 14 अप्रैल 2021 को बाबा साहब डा बीआर आंबेडकर की जयन्ती तक, टीका उत्सव मनाए जाने का आह्वान किया है। इसके तहत पूरे प्रदेश में टीका उत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीका उत्सव में प्रदेश के लक्षित आयु वर्ग के लोग बढ़ चढ़कर भाग लें। उन्होंने टीका उत्सव के सफल आयोजन के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंसिंग तथा मास्क के अनिवार्य उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# गेहूं खरीद में कोविड प्रोटोकाल का पालन किया जाए: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एमएसपी के तहत गेहूं खरीद कार्य पूरी सक्रियता से किया जाए। प्रत्येक क्रय केन्द्र पर पारदर्शी व्यवस्था रहे। किसानों की सुविधा के लिए गेहूं खरीद केन्द्र पर बैठने, पेयजल तथा छाया का इन्तजाम रहे। गेहूं खरीद के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाए। सोशल डिस्टेंसिंग तथा मास्क के अनिवार्य उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक बैठक में गेहूं खरीद कार्य की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने गेहूं खरीद केन्द्रों पर सेनिटाइजर, इन्फ्रारेड थर्मामीटर तथा पल्स ऑक्सीमीटर की उपलब्धता रहे। उन्होंने किसानों की सुविधा के लिए गेहूं खरीद के सम्बन्ध में हेल्पलाइन संचालित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, राहत आयुक्त रणवीर प्रसाद, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश को सौर ऊर्जा का हब बनाने का खाका तैयार

- नई सौर ऊर्जा नीति में 7500 करोड़ रुपये के प्रस्ताव स्वीकृत
- 420 मेगावाट क्षमता की 24 सोलर पावर परियोजनाएं संचालित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**योगी** सरकार यूपी को सोलर एनर्जी का सबसे बड़ा हब बनाने की तैयारी में है। सोलर एनर्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई नीति तैयार करने के साथ ही सरकार ने प्रदेश में 1535 मेगावाट की परियोजना पर मुहर लगा दी है। 7500 करोड़ रुपये के खर्च से आकार ले रही इन परियोजनाओं के जरिये सरकार प्रदेश में बिजली उत्पादन के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन लाने की तैयारी में है।

योगी सरकार की योजना सोलर एनर्जी के जरिये प्रदेश में बिजली उत्पादन बढ़ाने के साथ ही युवाओं को इन परियोजनाओं में रोजगार से जोड़ने की है। सौर ऊर्जा नीति के अन्तर्गत 1535 मेगावाट के 7500 करोड़ रुपए के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं जबकि 420 मेगावाट क्षमता की 24 सौर पावर परियोजनाएं संचालित हैं। सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़कर 749 मेगावाट हो गया है।

परियोजना को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा नीति में सौर ऊर्जा इकाई स्थापना पर स्टाम्प शुल्क में शत प्रतिशत छूट दी है। 225 मेगावाट क्षमता के सोलर रूफटॉप स्थापित किए गए हैं। दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत ग्रामीण बाजारों में 25304 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं। मुख्यमंत्री समग्र ग्राम्य विकास योजना में चयनित राजस्व ग्रामों में 13791 सोलर स्ट्रीटलाइट संयंत्रों की स्थापना की गई है। प्रदेश में 18823 सोलर पम्प लगा कर किसानों को सस्ते और सुलभ सिंचाई के संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। सौर ऊर्जा उद्यम प्रोत्साहन नीति के अन्तर्गत 2480 करोड़ रुपए का निजी निवेश भी आमन्त्रित किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में 720 करोड़ रुपए की लागत की 180 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा उत्पादन इकाइयां लगाई गई हैं।

वाणिज्यिक भवनों में ऊर्जा बचत के लिए ऊर्जा संरक्षण भवन संहिता 2018 लागू की गई है। गरीब, ग्रामीण परिवारों के घरों में एक लाख 80 हजार सोलर पावर पैक संयंत्र लगा कर उन्हें सोलर लाइट की सुविधा दी गई है । प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में अब तक 3400 सोलर आरओ वाटर प्लांट की स्थापना की गई है। सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में सोलर एनर्जी प्लांट लगाने और प्रोत साहन के लिए राज्य सरकार लगातार अभियान चला रही है।

# गर्मी को देखते हुये अग्निशमन केन्द्रों को सक्रिय रखें

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपदा से प्रभावित लोगों को हर सम्भव मदद व राहत समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त सजगता बरती जाए। सभी जनपदों में अग्निशमन केन्द्रों को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। उन्होंने आग लगने की दुर्घटना होने पर प्रभावित लोगों को 24 घण्टे में अनुमन्य मुआवजा राशि वितरित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर आपदा राहत कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिजली के तार से आग लगने की स्थिति में पावर कारपोरेशन द्वारा 24 घण्टे में पीड़ितों को राहत राशि वितरित की जाए। खेत खलिहान में आग लगने पर प्रभावित किसानों को जिला प्रशासन के माध्यम से मण्डी परिषद द्वारा 24 घण्टे में राहत राशि वितरित की जाए। आग लगने से घर जल जाने पर प्रभावित लोगों को जिला प्रशासन 12 घण्टे में राहत धनराशि उपलब्ध कराये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए राहत आयुक्त कार्यालय पूरी सक्रियता से कार्यशील रहे। इसके लिए सम्बन्धित जिला प्रशासन से समन्वय व सम्पर्क बनाए रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा आग लगने तथा आंधी-तूफान की घटनाओं की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को नियमित तौर पर उपलब्ध करायी जाए।

# सभी कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क स्थापित की जाए: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि कोविड 19 पर नियंत्रण के लिए बचाव एवं रोकथाम की सटीक जानकारी एवं सरकार द्वारा इस हेतु उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की सूचना प्रत्येक स्तर पर पहुंचाए जाने हेतु सभी विभागों के समस्त स्तरों महानिदेशालय, निदेशालय, मण्डल एवं जनपदस्तरीय कार्यालय, ब्लाक स्तरीय के कार्यालयों, स बद्ध या सहयोगी संस्थाओं के कार्यालयों में जहां अधिक सं या में नागरिक नियमित सेवाओं के लिए आते हैं, कोविड हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं। उन्होंने बताया कि कोविड19 का संक्रमण पुनः तीव्र गति से बढ़ रहा है, इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि कोविड 19 संक्रमण से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था की जाये। अतः उक्त कार्यालयों में कोविड हेल्प डेस्क की स्थापना एवं क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके अनुसार प्रदेश सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों एवं उससे स बद्ध संस्थाओं के प्रत्येक स्तर के ऐसे कार्यालयों में, जहां काफी सं या में कर्मचारियों एवं जनता का आना जाना होता हो, कोविड हेल्प डेस्क स्थापित किया जाएगा तथा कोविड हेल्प डेस्क पर कोविड से बचाव हेतु अपनाये जाने वाले व्यवहार तथा हेल्पलाइन से स बन्धित पोस्टर लगाया जाएगा। कोविड हेल्प डेस्क पर एक कर्मचारी की रोस्टर के आधार पर दो सप्ताह के लिए तैनाती की जाएगी। दो सप्ताह की अवधि पूर्ण होने पर दूसरे कर्मचारी को तैनात किया जाएगा। हेल्प डेस्क पर तैनात किए जाने वाले कर्मचारियों को कोविड.19 के लिए अपेक्षित सामान्य जानकारी से भिज्ञ किया जाएगा। कोविड हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारी के द्वारा नियमित रूप से मॉस्क एवं ग्लब्स पहना जाएगा तथा आगंतुकों से सम्पर्क करते समय न्यूनतम 2 गज की दूरी बनाए रखने की व्यवस्था की जाएगी। कोविड हेल्प डेस्क पर सैनिटाइजर थर्मल स्कैनर एवं पल्स आक्सीमीटर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। लक्षणात्मक लोगों के ऑक्सीजन सेचुरेशन की जांच पल्स ऑक्सीमीटर से की जाएगी। इस हेतु संबंधित कर्मी को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी रीडिंग 94 प्रतिशत से कम आने पर प्रकरण मुख्य चिकित्साधिकारी, निकटस्थ सीएचसी, जिला चिकित्सालय को सन्दर्भित किया जाएगा। प्रत्येक प्रयोग के पश्चात पल्स आक्सीमीटर को हाइड्रोजन पराक्साइड से विसंक्रमित किया जाएगा। कोविड हेल्प डेस्क द्वारा सभी कर्मचारियों को आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करने एवं इसका सक्रिय उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। कार्यालयाध्यक्ष एवं कोविड हेल्प डेस्क द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्यालय परिक्षेत्र में तम्बाकू उत्पादों को प्रयोग न किया जाए। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि यदि कोई कर्मचारी खासी, बुखार, सांस लेने में परेशानी, गले में खराश से पीड़ित है तो ऐसा कर्मचारी डयूटी पर न आए। कोविड हेल्प डेस्क के द्वारा स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित खांसी, बुखार, सांस लेने में परेशानी, गले में खराश से पीड़ित व्यक्तियों की सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग के राज्य टोल फ्री न बर 18001805145 या जनपदीय नियंत्रण कक्ष को दिया जाएगा। मुख्य सचिव ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं समस्त मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी, समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज इटावा, कानपुर व प्रयागराज में

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह शनिवार 10 अप्रैल को इटावा, कानपुर, प्रयागराज व भदोही में प्रवास पर रहेंगे। श्री सिंह इटावा में भाजपा जिला कार्यालय पर सुबह 10 बजे पंचायत जिला चुनाव संचालन समिति की बैठक तथा सुबह 10:30 बजे वार्ड प्रभारियों की बैठक में पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे। वहीं रॉयल मंदाकिनीए साकेत नगर कानपुर में दोपहर 2 बजे पंचायत जिला चुनाव संचालन समिति की बैठक तथा दोपहर 2:30 बजे वार्ड प्रभारियों की बैठक में पंचायत चुनाव में विजय की रणनीति साझा करेंगें। श्री सिंह भाजपा कार्यालय सिविल लाइन प्रयागराज में सायं 7 बजे पंचायत जिला चुनाव संचालन समिति की बैठक तथा सायं 7:30 बजे वार्ड प्रभारियों की बैठक में मंत्रणा करेंगे। जबकि भाजपा कार्यालय जोरई भदोही में रात्रि 10 बजे पंचायत जिला चुनाव संचालन समिति बैठक तथा रात्रि 10:30 बजे वार्ड प्रभारियों की बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।

### `कृषि यंत्र निर्माता क पनियों को किया जाएगा सूचीबद्ध

**लखनऊ।** संयुक्त निदेशक कृषि टीएम त्रिपाठी ने बताया कि किसानों को सही मूल्य पर गुणवत्तापरक कृषि यंत्र उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से विभिन्न कृषि यंत्र निर्माता क पनियों का यंत्रवार इम्पैनेल्मेन्ट (सूचीबद्ध) किये जाने का निर्णय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया है। इस हेतु विभिन्न कृषि यंत्र निर्माता क पनियों को सूचित किया जाता है, जो भी निर्माता क पनियों अपने कृषि यंत्र का इम्पैनेल्मेन्ट कराना चाहते हैं तो वह यंत्र का नाम, विवरण, स्पेशीफिकेशन, कुल विक्रय मूल्य जिसमें सभी टैक्स व विक्रेता की दुकान तक का परिवहन भाडा आदि सम्मिलित होगे, फार्म मशीनरी ट्रेनिंग टेस्टिंग संस्थान से यंत्र की टेस्टिंग किये जाने की रिपोर्ट, यंत्र निर्माता फर्म के लेटर हेड पर संचालक का नाम, मोबाइल नम्बर व ई मेल तथा जमा की जाने वाली बैंक गारण्टी आदि समस्त सूचनायें कृषि निदेशालय के अभियंत्रण अनुभाग को 15 अप्रैल तक उपलब्ध करानी होंगे।

### प्रदेश में 167 नदी सेतुओं का कराया जा रहा निर्माण

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा 4694 करोड़ रुपए की लागत से प्रदेश में 167 दीर्घ नदी सेतुओं का निर्माण कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में जहां सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है वहीं सेतु निगम द्वारा नदी सेतुओं को बनाकर सड़कों को लिंक किया जा रहा है। सेतुओं के निर्माण से लोगों को अपने गंतव्य स्थलों तक पहुंचने में आसानी हो रही है और कई किलोमीटर की दूरी के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

# यूपी में करोना की दूसरी लहर नियंत्रण से हो चुकी है बाहर: कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** ने कहा है कि कोरोना की दूसरी लहर नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। संक्रमित मरीजों की संख्या एवं संक्रमण से हो रही मौतें उसकी व्यापक भयावहता का स्पष्ट संकेत देती है। इसके बावजूद फर्जी जांच व झूठे आंकड़ों के बल पर भाजपा की योगी सरकार उत्तर प्रदेश में ध्वस्त स्वास्थ्य सेवाओं पर पर्दा डालने का काम कर रही है। यह सीधे-सीधे प्रदेश की जनता के जीवन के साथ बड़ा विश्वासघात है। प्रचारजीवी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जले पर नमक छिड़कने जैसी कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. उमाशंकर पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में टेस्टिंग, ट्रेसिंग, ट्रैकिंग और टीकाकरण पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। वर्तमान आंकड़े स्वेच्छा से जांच कराने वालों का ही है। प्रदेश में टेस्टिंग और टीकाकरण के लिए कोई बड़ा सरकारी अभियान न चलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संक्रमितों और मौतों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है और सरकार कुम्भकर्णी नहीं सो रही है। स्थिति यह हो गई है कि शवदाह गृहों पर लम्बी लाइनें लगी हैं। जिससे परिजनों को अस्पताल की दुश्वारियों के बाद अंतिम संस्कार के लिए भी चालीस-चालीस घंटे तक प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। प्रवक्ता ने कहा कि टेस्टिंग और ट्रेसिंग पर उदासीन सरकार के लिए एक उदाहरण पर्याप्त है कि 6 अप्रैल को सत्तारूढ़ दल के पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के बाद उनके प्रदेश महासचिव संगठन संक्रमित पाए गए। उनके साथ मंच साझा करने वाले किसी भी नेता या मुख्यमंत्री सहित सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर बैठे किसी भी व्यक्ति ने न तो जांच कराना उचित समझा और न ही खुद को आइसोलेट किया।

# अखिलेश ने 'दलित दिवाली' मनाने की योजना बनाकर किया बाबा साहब का अपमान: बृजलाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के पूर्व डीजीपी और भाजपा से राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 'दलित दिवाली' मनाने की योजना बनाकर बाबा साहब का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर और दिवाली सब की है। बाबा साहब को दलितों तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए और अखिलेश यादव ने ऐसा करके दलितों के साथ-साथ सभी देशवासियों का भी अपमान किया है।

बृजलाल ने कहा कि बाबा साहब का अपमान करना समाजवादी पार्टी की आदत रही है। उन्होंने पुरानी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सितम्बर 2016 को जब अखिलेश यादव अपने प्रियमंत्री आजम खान के साथ गाजियाबाद में हज हाउस का उद्घाटन करने गए थे जब मंच से आजम खान ने बाबा साहब की प्रतिमा की तरफ उंगली उठाकर कहा था 'ये जो उंगली उठाए मूर्तियां खड़ी की गई हैं, इशारा कर रही है कि जिस जमीन पर मै खड़ा हूं वह तो मेरी है ही, सामने वाला प्लाट भी मेरा है। आज़म ने बाबा साहब को भूमाफि या कहा था और अखिलेश यादव मंच पर बैठे हंसते हुए आजम खान के लिए ताली बजा रहे थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश का यह मंत्री खुद सबसे बड़ा भूमाफि या निकला।

मौलाना जौहर विश्वविद्यालय के नाम पर सैकड़ों एकड़ जमीन हथिया ली, जिसमें दलित, मुसलमान सहित सभी की जमीनें थीं। अब जमीन हथिया कर बनाए गए निर्माण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हथौड़ा चल रहा है। बेलगाम आजम खान परिवार सहित 26 फरवरी 2020 से जेल की हवा खा रहे हैं और अपने पुत्र अब्दुल्ला आजम की विधायकी भी गवां चुके है, जिन्हें फ र्जी जन्म प्रमाण पत्र पर एमएलए बनवाया था।

# किसानों के आंदोलन व आक्रोश से डरी हुई है भाजपा सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि किसानों के आंदोलन और आक्रोश से डरी हुई भाजपा सरकार अब उनके प्रति बदले की भावना से काम कर रही है। किसानों को मुश्किल में डालकर भाजपा सरकार अपनी खीझ उतार रही है। खेती-किसानी में खाद, बीज और बिजली की जरूरत के बारे में सभी जानते हैं। भाजपा सरकार ने खाद के दामों में वृद्धि के साथ बिजली के रेट बढ़ाने की भी तैयारी कर ली है। बीज के दाम तो पहले से बढ़े हैं, उनकी अनुपलब्धता और खराब बीजों की सप्लाई की भी शिकायते आम हैं। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विद्युत नियामक आयोग किसानों और आम उपभोक्ता पर ज्यादा से ज्यादा विद्युत व्यय भार बढ़ाने में गतवर्ष से ही लगा है। पहले उसके जिस स्लैब परिवर्तन को खारिज कर दिया गया था उसे ही वह बिजली क पनियों के हित में लागू कराने की फिर साजिश कर रहा है। भाजपाई विद्युत नीति से बुनकर उद्योग चौपट हो गया है। विद्युत क्षेत्र में बढ़ती लाइन हानियों के अलावा उत्पादन और पारेषण के क्षेत्र में भी धांधलियां बढ़ती जा रही है। सरकार में शीर्ष पर बैठे लोग केवल जुबानी जमाखर्च करके रह जाते है। अखिलेश ने कहा कि सच पूछिए तो भाजपा राज में किसान को इतना पीड़ित किया जा रहा है कि वह खेती किसानी से ही तौबा कर ले। वैसे भी कृषि क्षेत्रफल घटता ही जा रहा है। क्रय केन्द्रों पर गेहूं का अ बार लगा है लेकिन उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य भी नहीं मिल रहा है।

### द्वितीय चरण में विभिन्न पदों के लिए 233616 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**लखनऊ।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के द्वितीय चरण में 20 जनपदों में विभिन्न पदों के लिए दो लाख तैंतीस हजार छः सौ सोलह उ मीदवारों द्वारा नामांकन किया गया है जिनमें 787 जिला पंचायत वार्ड सदस्य हेतु 8024 नामांकन, 19653 क्षेत्र पंचायत वार्ड सदस्य हेतु 56874 नामांकन किए गए हैं। 14897 ग्राम पंचायतों के प्रधान पद हेतु 99404 नामांकन तथा 187781 ग्राम पंचायत वार्ड सदस्यों के लिए 69314 नामांकन प्राप्त हुए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचनए 2021 के द्वितीय चरण में जिन 20 जनपदों में नामांकन हुए हैं उनमें क्रमशः अमरोहा, आजमगढ़, इटावा, एटा, कन्नौज, गोंडा, गौतमबुद्धनगर, चित्रकूट, प्रतापगढ़, बदायूँ, बागपत, बिजनौर, मुज्जफरनगर, मैनपुरी, महराजगंज, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, वाराणसी एवं सुलतानपुर हैं जिनमें आगामी 19 अप्रैल को मतदान कराया जाना प्रस्तावित है।

# योगी के सार्थक प्रयासों ने मुसहरों को दी खुशहाली की सौगात

- कुशीनगर जिले में 138 ग्राम सभाओं में रहते हैं 10414 मुसहर परिवार

## चार साल पहले उनके जीवन में अंधकार और भुखमरी के अलावा कुछ भी नहीं था। अब स्थिति यह है कि उन्हें न सिर्फ सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है बल्कि वह अब जीवन की ऊंचाइयों को छूते हुए फर्श से अर्श का सफर तय कर रहे हैं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/कुशीनगर।



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ अपने अथक प्रयासों से भूख, कुपोषण, बदहाली और उपेक्षा का दंश झेल रहे मुसहर समाज के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाए हैं। उनकी मुसहरों के प्रति संवेदनशीलता, आत्मीय लगाव, दूरदर्शी नीति और योजनाओं की वजह से अब वह समाज की मुख्यधारा से जुड़कर जीवन यापन कर रहे हैं। जबकि मात्र चार साल पहले उनके जीवन में अंधकार और भूखमरी के अलावा कुछ भी नहीं था। अब स्थिति यह है कि उन्हें न सिर्फ सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है बल्कि वह अब जीवन की ऊंचाइयों को छूते हुए फर्श से अर्श का सफर तय कर रहे हैं।

कुशीनगर जिले में 138 ग्राम सभाओं में 159 बस्तियों में मुसहर समाज के 10414 परिवार हैं। चार साल पहले तक राशन के अभाव में भूख, कुपोषण, बीमारी और मौत ही इन्हें सुर्खियों में लाते थे, लेकिन किसी सरकार ने इनकी सुध नहीं ली। बेबसी में जीवन से संघर्ष कर मुसहर भगवान को कोसने के अलावा कुछ कर भी नहीं पाते थे। समय बदला और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्ता में आते ही इनके लिए न सिर्फ नई योजनाओं की शुरुआत की, बल्कि धरातल पर योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों के भी पेंच कसे। अब इन परिवारों में से 9336 को अंत्योदय कार्ड और 1078 को पात्र गृहस्थी के तहत राशन कार्ड मिल चुका है। चूंकि सरकार की सख्ती राशन वितरण प्रणाली पर सतत रहती है, इसलिए इन मुसहरों को समय से चावल, गेहूं के साथ ही चना भी उपलब्ध कराया जाता है। मुसहर बाहुल्य कुशीनगर के 10 ब्लॉकों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 7894 और इससे छूटे मुसहरों के मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2572 घर बन चुके हैं। स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ 10159 परिवारों को शौचालय की भी सुविधा मिली है। मुसहरों के जीविकोपार्जन में कोई बाधा न आए उनके लिए कुशीनगर जिले में मनरेगा के तहत 10320 मुसहरों के जॉब कार्ड बनाए गए हैं और उन्हें समय से रोजगार मुहैया कराने को सीएम योगी ने स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं। पेंशन योजनाओं में पात्रों का चयन कर लाभान्वित करने का कार्य भी तेजी से किया गया। जिस कारण 1297 को वृद्धावस्था पेंशन और 180 को विकलांग पेंशन का लाभ मिल रहा है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप सभी पात्रों को योजनाओं का लाभ मिलेगा, इसके लिए आवास, शौचालय और पेंशन आदि योजनाओं के लिए लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया भी जारी है।

**मिल रहा योजनाओं का लाभ, बच्चे भी जा रहे स्कूल:** सही मायने में मुसहरों के लिए मकान और बच्चों की शिक्षा की बात सोचनी ही बेमानी थी, दो वक्त की रोटी के इंतजाम के लिए ही लाले थे। पर, 'दलितों में भी दलित' समझे जाने वाले मुसहर समाज के लिए अब यह बातें इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह गईं हैं। सीएम योगी ने मुसहर समाज के लोगों को तेजी से समाज और विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। मुसहर अब सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों में गिने जाते हैं। आवास, जमीन, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, पेयजल, राशन कार्ड, पेंशन योजनाओं का लाभ, मनरेगा के तहत रोजगार सब कुछ उनके लिए सुलभ हो चुका है। मुसहरों की आगे की पीढ़ी और तरक्की करे, इसके लिए उनके बच्चे स्कूल भी जाने लगे हैं।

मार्च 2017 में सूबे की सत्ता संभालने के बाद से ही योगी सरकार ने ऐसे वंचित तबकों को अभियान चलाकर योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। योगी सरकार की मंशा मुस (चूहा) पकड़ने वाले मुसहरों की वर्तमान और अगली पीढ़ी को कंप्यूटर का माउस पकड़ाने की है, ताकि वह बदलते दौर में किसी से भी पीछे न रहें। बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ सरकार मुसहरों की शिक्षा पर खासा ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री योगी जब भी वनवासियों आदिवासियों के बीच होते हैं, तो आत्मीयता से उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हैं। भेंडी जंगल के चंद्रिका मुसहर अपने समाज की बेहतरी के लिए योगी सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहते हैं, जोगी बाबा के सरकार में हम्मन के दुर्दशा दूर भइल। हमनी के मकान त मिलल ही, राशन पताई भी समय से मिली जाला। जीवन अइसन बदलि जाई, ई त कब्बो सोचले नाई गइल रहे। जिले में सर्वाधिक मुसहर परिवार दुदही ब्लॉक के 36 ग्राम सभाओं में हैं। इस ब्लॉक के घुरपट्टी बांसगांव के मुसहर राजेंद्र की बातें वाकई गौर करने लायक हैं। चार बरिस पहिले अउर आज के जिनगी में जमीन आसमान जइसन फरीक आइल बा। राशन कारड ते बनल ही, हर महीना समय से राशन भी मिल जाला, जबकि पहिले राशन के कउन कहे कर्डवे नाही बनल रहे। योगी सरकार से मिले आवास की सौगात से खुश विधवती देवी और नरेंदर मुसहर के मुताबिक ऐसा लगता है कि उजाले की पहली किरण ने दस्तक दी है। उनका मानना है कि बदलाव की शुरुआत करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी उन्हें बहुत कुछ देने वाले हैं। मुसहरों की बस्तियों में स्वच्छता और अन्य जागरूकता अभियान से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता राजेश मणि बताते हैं कि वाकई योगी आदित्यनाथ के सीएम बनने के बाद मुसहर समाज की दशा में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है।

# वोट मांगकर लोगों को बांटने की कोशिश कर रही हैं ममता : अब्बास सिद्दीकी

**भाषा।** भंगोरे (पश्चिम बंगाल)

**इंडियन** सेकुलर फ्रंट (आईएसएफ) के संस्थापक अब्बास सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुस्लिम मतदाताओं के वोट मांगकर जनता को विभाजित करने का प्रयास कर रही हैं और उनके इस तरीके से भाजपा को मदद मिल रही है। प्रभावशाली मुस्लिम मौलवी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री लोगों को हिंसा के लिए उकसा रही हैं क्योंकि यह बात साफ हो चुकी है कि वह चुनाव हार रही हैं। सिद्दीकी ने कहा, ममता बनर्जी मुस्लिम मतदाताओं के वोट मांगकर जनता को विभाजित करने की कोशिश कर रही हैं। यह अनुचित है।

वह ऐसा क्यों कह रही हैं कि हिंदू और मुस्लिम वोटों को विभाजित नहीं होना चाहिए? जनता जिसे चाहेगी वोट देगी। गौरतलब है कि ममता बनर्जी के इसी तरह के एक बयान पर चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा है। सिद्दीकी ने कहा, वह कह रही हैं कि 30 प्रतिशत वोट नहीं बंटने चाहिए, जिसका मतलब हुआ कि भाजपा को 70 प्रतिशत वोटों के लिए काम करना चाहिए। क्या उन्हें वो 70 प्रतिशत वोट नहीं चाहिए? उन्होंने कहा, लोगों में विभाजन की कोशिश संविधान के विरुद्ध है और लोकतंत्र के भी खिलाफ है। सिद्दीकी ने तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष बनर्जी पर मुसलमानों में वोटों के विभाजन की बात करके इस समुदाय के बीच अशांति पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर हिंसा जैसी कोई चीज होती है तो अंतत: मुस्लिमों को ही जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को निजी हमलों से बचना चाहिए और सच के साथ वोट मांगने चाहिए। हुगली जिले में राज्य के बांग्लाभाषी मुस्लिमों के पवित्र धर्मस्थल फुरफुरा शरीफ के पीरजादा, सिद्दीकी ने तृणमूल कांग्रेस के आरोपों पर कहा, मुझे पता है कि दीदी ही भाजपा हैं। उनसे जाकर पूछिए कि मुझे कितना पैसा मिला है, वह सही से बता सकती हैं। गौरतलब है कि बनर्जी ने तीन अप्रैल को हुगली जिले के ताड़केश्वर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से आग्रह किया था कि एक शैतान की बात सुनकर अल्पसंख्यक वोटों को बंटने नहीं दें। उन्होंने आरोप लगाया कि इस शैतान ने सांप्रदायिक बयान देने और हिंसा भड़काने के लिए भाजपा से पैसे लिए हैं। सिद्दीकी ने जनवरी में आईएसएफ पार्टी बनाई थी। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस और वाम मोर्चा के साथ हाथ मिलाकर संयुक्त मोर्चा बनाया था। उन्होंने दक्षिण 24 परगना जिले में प्रचार के दौरान कहा, पहले तीन चरणों के मतदान के बाद मैं कह सकता हूं कि संयुक्त मोर्चा आगे है।

## राहुल का पीएम को पत्र टीका खरीद में राज्यों की भूमिका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पीएम को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि कोरोना वायरस के टीके की खरीद एवं वितरण में राज्यों की भूमिका बढ़ाई जाए और टीके निर्यात पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने आठ अप्रैल की तिथि वाले इस पत्र में यह आरोप भी लगाया कि केंद्र सरकार की ओर से सही तरीके से क्रियान्वयन न किए जाने और उसमें लापरवाही के कारण टीकाकरण का प्रयास कमजोर पड़ता दिख रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से यह भी कहा कि टीके के आपूर्तिकर्ताओं को जरूरी संसाधन मुहैया कराए जाएं ताकि टीके तैयार करने की क्षमता में इजाफा हो सके। कांग्रेस नेता ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण की नई लहर आने और टीकाकरण की गति कथित तौर पर धीमी होने का भी उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि अगर मौजूदा गति से टीकाकरण चलता रहा तो देश की 75 फीसदी आबादी को टीका लगाने में कई साल लग जाएंगे। उन्होंने यह आग्रह किया।



कूच बिहार में बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए ईवीएम लेकर जाते कर्मी।

# भारत को बिन मांगी सलाह की जरूरत नहीं: उपराष्ट्रपति

**जम्मू।** उपराष्ट्रपति एम वैंकेया नायडू ने शुक्रवार को यहां कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और देश अपनी समस्याओं को खुद सुलझाने में सक्षम है। अन्य देशों को भारत को बिन मांगी सलाह देने के बजाय अपनी घरेलू समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से पहली बार जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर आए नायडू ने किसी देश या व्यक्ति का नाम लिए बना कहा कि पड़ोस के कुछ लोग हमेशा समस्याएं और बाधाएं पैदा करने के प्रयास करते रहते हैं, क्योंकि वे भारत को प्रगति करते नहीं देख सकते। नायडू ने यहां आईआईएम के तीसरे और चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, बीच-बीच में हमें बिन मांगी सलाह देने की कोशिश करने वाले कुछ मित्रों को मेरी सलाह है कि वे अपनी घरेलू समस्याओं पर ध्यान दें। हम अपनी समस्याओं का हल खुद निकालने में सक्षम हैं और उन्हें हमारी चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान एमबीए की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी करने वाले 148 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। उपराष्ट्रपति ने अपने आधे घंटे के संबोधन के दौरान कहा, हम सभी लोकतंत्र और सभ्यता में विश्वास करते हैं। यदि आप सचमुच सभ्य हैं तो आपसे किसी अन्य देश के मामलों में हस्तक्षेप की आशा नहीं की जाती। नायडू ने कहा, प्रगति के लिए शांति होना आवश्यक है। यदि आपको कोई चिंता है तो आप किसी चीज पर ध्यान नहीं लगा सकते। सभी को इस बात की समझ होनी चाहिए। शांति बेहद आवश्यक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पड़ोस के कुछ लोग हमेशा भारत के लिए समस्याएं और गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश करते हैं।

## न्यायालय जबरन धर्मांतरण रोकने के अनुरोध संबंधी याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने काला जादू और जबरन धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने के अनुरोध संबंधी याचिका पर सुनवाई से शुक्रवार को इनकार करते हुए कहा कि 18 वर्ष से अधिक उम्र का व्यक्ति अपना धर्म चुनने के लिए स्वतंत्र है। न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऋषिकेष रॉय की पीठ ने याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर नारायण से कहा, अनुच्छेद 32 के तहत यह किस तरह की याचिका है। हम आप पर भारी जुर्माना लगाएंगे। आप अपने जोखिम पर बहस करेंगे। पीठ ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु वाले किसी व्यक्ति को उसका धर्म चुनने की अनुमति नहीं देने का कोई कारण नहीं हैं। पीठ ने शंकरनारायण से कहा, संविधान में प्रचार शब्द को शामिल किए जाने के पीछे कारण है। शंकरनारायण ने याचिका वापस लेने और सरकार एवं विधि आयोग के समक्ष प्रतिवेदन दायर करने की अनुमति मांगी।

# उत्तरी बंगाल में बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच तृणमूल व भाजपा के बीच रोचक मुकाबला

**भाषा।** कोलकाता

**उत्तरी बंगाल** की 54 विधानसभा सीटों पर इस चुनाव में रोचक मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा जहां इस क्षेत्र में अपना गढ़ मजबूत करने का प्रयास कर रही है वहीं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस राजनीतिक रूप से बदल रहे समीकरणों के बीच अपने खोए हुए आधार को फिर से हासिल करने की कोशिश में लगी है। उत्तरी बंगाल की ए 54 सीटें सात जिलों के तहत आती हैं। एक समय कांग्रेस और वाम मोर्चा के गढ़ माने जाने वाले उत्तरी बंगाल के जिले - ज्यादातर आदिवासी और अल्पसंख्यक समुदायों के वर्चस्व वाले थे। सत्तारूढ़ खेमे ने उत्तरी बंगाल में 2016 के राज्य चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाबी हासिल की, जब उसने इस क्षेत्र में 25 सीटें हासिल कीं, लेकिन 2019 के आम चुनावों ने भाजपा के पक्ष में हवा का रुख बदल दिया, जिसने लोकसभा की आठ में से सात सीटें जीत लीं और 35 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रही। तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में मिले झटके के बाद यहां अपने आधार को मजबूत करना शुरू किया। हालांकि तृणमूल कम से कम 15 विधानसभा सीटों और 11 गोरखा समुदायों के बीच अपना खासा प्रभाव रखने वाले गोरखा जनमुक्ति मोर्चा (जीजेएम) नेता बिमल गुरुंग को वापस लाने में कामयाब रही है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष ने दावा किया है कि उनकी पार्टी को इस चुनाव में उत्तरी बंगाल में जीत का भरोसा है। वहीं दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस के नेता और राज्य के मंत्री गौतम देब ने दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी राज्य के उत्तरी हिस्से में जीत दर्ज करेगी। उत्तरी बंगाल के सात जिलों में कूच बिहार में नौ विधानसभा सीटें, जलपाईगुड़ी में सात, अलीपुरद्वार में पांच, दार्जिलिंग में छह, उत्तर दिनाजपुर में नौ, दक्षिण दिनाजपुर में छह और मालदा में 12 सीटें हैं। भाजपा ने इस क्षेत्र में घुसपैठ को लेकर मतदाताओं की नाराजगी को भांपकर 2019 के लोकसभा चुनाव में एनआरसी और सीएए को चुनावी मुद्दा बनाया था।गुरुंग की वापसी के साथ तृणमूल कांग्रेस को भाजपा का मुकाबला करने में मदद मिली है और सत्तारूढ़ पार्टी के पास बिनॉय तमांग के नेतृत्व वाले जीजेएम के अन्य गुट का समर्थन पहले से ही हासिल है। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने कहा, गुरुंग का समर्थन वास्तव में उत्तरी बंगाल क्षेत्र में हमारी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। हमने 2019 में भाजपा को मौका दे दिया था, लेकिन अब हम इससे उबरने की उम्मीद कर रहे हैं। उत्तरी बंगाल में इन सभी सात जिलों में विधानसभा चुनाव के शेष बचे पांच चरणों में 10 अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच मतदान होना है।

## क्विक न्यूज

### ममता पर हमले की जांच के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नंदीग्राम में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कथित हमले की सीबीआई जैसी किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच कराने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यन की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वकील से कहा, आप कलकत्ता उच्च न्यायालय जाएं। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील को उच्च न्यायालय जाने की छूट देते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। बनर्जी ने 10 मार्च को आरोप लगाया था कि नंदीग्राम में चार-पांच लोगों ने उनपर हमला किया जिसके कारण उनका पैर चोटिल हो गया। घटना से पहले उन्होंने नंदीग्राम सीट से नामांकन पत्र जमा किया था। इस सीट पर भाजपा ने शुभेंदु अधिकारी को मुकाबले में उतारा है। शुभम अवस्थी और दो अन्य ने शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल कर दावा किया था कि संवैधानिक पद वाले किसी व्यक्ति पर कथित हमले की सीबीआई जैसी किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच करानी चाहिए और वोटरों का विश्वास बढ़ाने के लिए इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए।

### मोदी ने गुरु हरिचंद ठाकुर की जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मतुआ समुदाय के गुरु हरिचंद ठाकुर की जयंती पर उन्हें नमन किया और कहा कि उनका जीवन और आदर्श अनेक लोगों को ताकत देता है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, श्री श्री हरिचंद ठाकुर की जयंती पर मै उन्हे नमन करता हूं। उनका जीवन और आदर्श अनेक लोगों को ताकत देता है। उन्होंने शिक्षा और सामाजिक सशक्तीकरण को बहुत महत्व दिया। उनके मूल्य विनम्र और दयालु मतुआ संप्रदाय के लोगों में प्रदर्शित होते हैं। हरिचंद ठाकुर के बारे में माना जाता है कि उन्होने ही मतुआ समुदाय की नीव रखी थी। उनका जन्म बांग्लादेश के गोपालगंज स्थित ओरकांडी में हुआ था। मतुआ लोग पारंपरिक हिंदू समुदाय के एक विशेष संप्रदाय है, जो हरिचंद ठाकुर को अपना देवता मानते हैं। हाल ही अपने बांग्लादेश दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ओरकांडी गए थे और वहां उन्होने मतुआ समुदाय के लोगो को संबोधित किया था। प्रधानमंत्री ने ट्वीट के साथ अपने भाषण का वीडियो भी साझा किया।

### टोपे ने महाराष्ट्र में टीके बर्बाद होने के केंद्र दावों को किया खारिज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने केंद्र के उस दावे को शुक्रवार को खारिज कर दिया कि कोविड-19 से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य में पांच लाख से अधिक टीके बर्बाद हो गए। टोपे ने केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर द्वारा रखे आंकड़ो को खारिज करते हुए कहा कि ए सही नही है। टोपे ने ट्वीट किया, टीके बर्बाद होने के जो आंकड़े पेश किए गए है वे असल मे टीके बर्बाद होने की राष्ट्रीय औसत है। राज्य में राष्ट्रीय औसत प्रतिशत से आधे से भी कम टीके बर्बाद हुए है। जावडेकर ने बृहस्पतिवार को कहा था कि महाराष्ट्र सरकार को टीकाकरण पर राजनीति नही करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि राज्य को अभी तक कोविड-19 के कुल 1,06,19,190 टीके मुहैया कराए गए। देश में कोविड-19 से सबसे अधिक प्रभावित महाराष्ट्र ने केंद्र से और टीके मुहैया कराने की मांग की है।

### गहलोत ने राजस्थान के लिए कोविड 30 लाख खुराक मांगी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कोरोना वायरस प्रतिरक्षण टीकाकरण के लिए राजस्थान को और 30 लाख खुराक उपलब्ध कराने की मांग की है। गहलोत ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि कोरोना टीकाकरण अभियान के तहत राजस्थान में सात अप्रैल तक 86,89,770 डोज लगाए जा चुके है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना की स्थिति व टीकाकरण को लेकर शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस की थी। इसके बाद गहलोत ने प्रधानमंत्री को यह पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है, राजस्थान में टीके का मौजूदा भंडार अगले दो दिन मे खत्म हो जाएगा। इसलिए आग्रह है कि टीके की कम से कम और 30 लाख खुराक उपलब्ध करवाई जाएं ताकि टीकाकरण को लेकर हमारी गति बनी रहे और ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को टीका लगे।

### उमर अब्दुल्ला कोरोना वायरस से संक्रमित, घर में पृथकवास में

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए है। उन्होंने स्वयं शुक्रवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।उमर ने ट्वीट कर कहा, मैने करीब एक साल तक इस वायरस से बचने की पूरी कोशिश की लेकिन आखिरकार इसकी चपेट में आ ही गया। मै आज दोपहर बाद कोविड-19 से संक्रमित हो गया हूं। मुझमें कोई लक्षण नही है। डॉक्टरो की सलाह पर मै घर मे पृथकवास में हूं तथा ऑक्सीजन स्तर आदि जैसे मापदंडो की निगरानी कर रहा हूं। उनके पिता फारूक अब्दुल्ला भी पिछले हफ्ते कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे और वह अब इससे उबर रहे है।उमर ने अपने ट्वीट में कहा कि वह उन लोगों के आभारी है जिन्होंने उनके स्वस्थ होने की कामना की।



पटना में कोविड-19 का सैम्पल लेते हेल्थ वर्कर।

# लालू यादव की जमानत याचिका पर जवाब के लिए सीबीआई ने समय मांगा

**रांची।** उच्च न्यायालय चारा घोटाले से जुड़े एक मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की जमानत याचिका पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने इस मामले में अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की जिसे स्वीकार करते हुए उच्च न्यायालय ने सीबीआई को जवाब दाखिल करने के लिए तीन दिनों का समय दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए लालू की नई जमानत याचिका पर शुक्रवार को बहस की। सीबीआई राजनीतिक कारणों से लालू को जेल में रखना चाहती है और इसीलिए वह वह मामले को जानबूझकर लटका रही है। सिब्बल की बहस के बाद सीबीआई की ओर से केन्द्र सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की जिसे झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह ने स्वीकार कर लिया। इसलिए अब जमानत याचिका पर 16 अप्रैल को सुनवाई होगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि सीबीआई इस मामले में तीन दिनों के अंदर अपना जवाब दाखिल करे।लालू प्रसाद ने दुमका कोषागार मामले में याचिका दाखिल कर जमानत की गुहार लगाई है जबकि चारा घोटाले के तीन अन्य मामलों में लालू को पहले ही जमानत मिल चुकी है। लालू प्रसाद की ओर से देवर्षि मंडल ने उच्च न्यायालय में जमानत याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि उन्होंने दुमका कोषागार मामले में सजा की आधी अवधि जेल में काट ली है, ऐसे में उन्हें जमानत दी जाए। गौरतलब है कि सीबीआई की विशेष अदालत ने लालू को दुमका कोषागार से अवैध निकासी मामले में आईपीसी एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सात-सात साल की सजा सुनाई है और दोनों सजाओं को एक के बाद एक चलाने का आदेश दिया था।

# देशमुख के खिलाफ आरोपों का मामला सीबीआई ने वाजे से पूछताछ की

**मुंबई।** सीबीआई ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह के भ्रष्टाचार के आरोपों के सिलसिले में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे से पूछताछ की। सीबीआई का एक दल आरोपों की प्रारंभिक जांच के लिए मुंबई में है। उसने शुक्रवार सुबह यहां राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के दफ्तर जाकर वाजे का बयान दर्ज किया। निलंबित सहायक पुलिस निरीक्षक (एपीआई) वाजे एनआईए की हिरासत में हैं। एजेंसी 25 फरवरी को दक्षिण मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के पास एक गाड़ी में विस्फोटक सामग्री मिलने के मामले में जांच कर रही है। वाजे ठाणे के कारोबारी मनसुख हिरन की कथित हत्या के मामले में भी जांच के दायरे में हैं। अंबानी के घर के बाहर जो एसयूवी गाड़ी मिली थी, वह हिरन के पास से ही चोरी हुई थी। सीबीआई यहां एक विशेष एनआईए अदालत का आदेश लेकर वाजे से पूछताछ कर रही है। बंबई उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद सीबीआई ने मंगलवार को देशमुख के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एक मामला दर्ज किया था। सिंह को 17 मार्च को मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से होमगार्ड विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया था। बाद में उन्होंने देशमुख के खिलाफ सीबीआई जांच का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। राकांपा नेता देशमुख ने वाजे और अन्य पुलिस अधिकारियों को मुंबई के रेस्तराओं तथा बारों से 100 करोड़ रुपए की वसूली करने को कहा था। सीबीआई ने आरोपों के सिलसिले में बृहस्पतिवार रात को पुलिस उपायुक्त (प्रवर्तन) राजू भुजबल के बयान दर्ज किए थे।

# क्रिकेटर से राजनेता बने प्रत्याशी मनोज तिवारी के लिए आसान नहीं है शिवपुर का मैदान

**हावड़ा ( पश्चिम बंगाल )।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नए चेहरे एवं टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज मनोज तिवारी को हावड़ा के शिबपुर निर्वाचन क्षेत्र में मुश्किल राजनीतिक मैदान का सामना करना होगा जहां उनके विरोधी और भाजपा उत्तीदवार भी शानदार खिलाड़ी रह चुके हैं और गुगली फेंकने में माहिर हैं। भाजपा ने इस सीट पर चुनाव से पहले टीएमसी छोड़ पार्टी में शामिल हुए डॉ रतिन चक्रवर्ती को उतारा है जो हावड़ा के महापौर भी रह चुके हैं जिनका आरोप है कि उन्हें औद्योगिक शहर को विकसित नहीं करने दिया गया।

वाम मोर्चे ने फॉरवर्ड ब्लॉक के अनुभवी नेता डॉ जगन्नाथ भट्टाचार्य को अपना प्रत्याशी बनाया है जो चौथी बार इस सीट से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। भारतीय टीम के लिए तीन टी20 और 12 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके दाहिने हाथ के बल्लेबाज तिवारी को अपने चुनावी सफर की शुरुआत में ही झटका लग चुका है क्योंकि इस सीट से तीन बार टीएमसी विधायक रहे जातू लाहिड़ी विधानसभा चुनावों में टिकट नहीं मिलने पर पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इस सीट पर मजबूत पकड़ बनाए रखने वाले 84 वर्षीय लाहिड़ी ने 1991 और 1996 में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर यहां से जीत हासिल की है।

टीएमसी के क्रिकेटर उम्मीदवार को पार्टी के सार्वजनिक हुए आंतरिक मतभेदों के कारण भी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है जहां जिले के कुछ वरिष्ठ नेताओं और पूर्व पार्षद ने उम्मीदवारों की सूची में नाम न होने की वजह से प्रदर्शन किए। लाहिड़ी ने टीएमसी की टिकट पर 2011 में फॉरवर्ड ब्लॉक प्रत्याशी, भट्टाचार्य को करीब 46,000 मतों से हराया था और पांच साल बाद फिर इस सीट से जीत हासिल की थी हालांकि जीत का अंतर 27,000 ही रह गया था।भाजपा उस वक्त इस सीट पर कहीं भी नजर नहीं आती थी।

पार्टी को 2011 एवं 2016 में क्रमश: 3967 एवं 13367 मत मिले थे। यहां 2019 के आम चुनाव में बड़ा फेरबदल देखने को मिला था जब भगवा लहर की मदद से भाजपा के हावड़ा सदर प्रत्याशी रंतीदेब सेनगुप्ता को इस विधानसभा में 66644 मत मिले और वह उस वक्त के टीएमसी सांसद एवं भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान प्रसून जोशी को मुख्य चुनौती देने वाले उम्मीदवार के तौर पर उभरे। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान टीएमसी को यहां 45335 मत मिले थे जबकि माकपा को 19933 मतों से संतोष करना पड़ा था। रतिन चक्रवर्ती के भाजपा में शामिल होने के बाद मध्य हावड़ा के कई स्थानों पर शहर के पूर्व महापौर के पोस्टर लगाकर उन्हें अवसरवादी और विश्वासघाती बताया गया।



नवी मुंबई में फेस मास्क पहने स्टेचू के सामने सेल्फी लेते लोग।

# कोलकाता पूरे पूर्वी भारत की प्रगति को दे सकता है नेतृत्वः मोदी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश का एक ऐसा स्वर्णिम इतिहास रहा है, जिसका नेतृत्व भारत के पूर्वी हिस्से ने किया था और केंद्र सरकार लंबे समय से उपेक्षित रहे इस क्षेत्र के तेज विकास के लिए काम कर रही है जिसमें कोलकाता अग्रणी भूमिका निभा सकता है। उत्कल केसरी हरे कृष्ण महताब द्वारा लिखित पुस्तक ओडिशा इतिहास के हिंदी संस्करण का यहां स्थित आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में विमोचन करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार का प्रयास एक वाइब्रेंट कोलकाता के निर्माण का है और रोडमैप पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा, आज मुंबई की चर्चा होती है...आजादी के पहले कराची और लाहौर की चर्चा होती थी... धीरे-धीरे बेंगलुरु और हैदराबाद की चर्चा होने लगी... चेन्नई की होने लगी ... लेकिन हिंदुस्तान की प्रगति और अर्थव्यवस्था में कोलकाता की चर्चा बहुत याद करने के बाद की जाती है। मोदी ने कहा, जबकि वाइब्रेंट कोलकाता ... भविष्य को लेकर सोचने वाला कोलकाता, सिर्फ बंगाल ही नहीं, पूरे पूर्वी भारत की प्रगति के लिए बहुत बड़ा नेतृत्व दे सकता है। हमारी कोशिश है कि कोलकाता फिर से एक बार वाइब्रेंट बने। एक प्रकार फिर से पूर्वी भारत के विकास के लिए कोलकाता एक शक्ति केंद्र बने। इस पूरे रोडमैप को लेकर हम काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम बंगाल में विधानसभा का चुनाव चल रहे हैं और वहां की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिल रही है। मोदी ने कहा कि ओडिशा के पास पहले से ही प्राकृतिक संसाधन, व्यापक समुद्री सीमा और मानव संसाधन उपलब्ध हैं और आज हमारे पास आधुनिक विज्ञान की ताकत भी है। उन्होंने कहा, अगर हम अपने इस प्राचीन अनुभव और इन आधुनिक संभावनाओं को एक साथ जोड़ दें तो ओडिशा विकास की नई ऊंचाइयों पर



पहुंच सकता है। आज इस दिशा में गंभीर प्रयास हो रहे हैं तथा और अधिक प्रयास करने की दिशा में भी सरकार सजग है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वी भारत, वह चाहे ओडिशा हो या बिहार, बंगाल और असम हो, अकेला यह इलाका ही विकसित हो जाए तो हिंदुस्तान कभी पीछे नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में संतुलित विकास हो, इसके लिए छह सालों के दौरान इन क्षेत्रों में संसाधनों पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया है। मोदी ने कहा, भारत का स्वर्णिम युग तब था जब भारत का पूर्वी हिस्सा देश का नेतृत्व कर रहा था। ओडिशा, बिहार, कोलकाता... यह सब भारत का नेतृत्व करने वाले केंद्र बिंदु थे। उस समय भारत का स्वर्णिम काल..., मतलब यहां आज भी बहुत संभावनाएं हैं। इसे लेकर आगे बढ़ते हैं तो हम फिर से उस ऊंचाई पर पहुंच सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर और पूर्वी क्षेत्र में बुनियादी ढांचा और उद्योगों के विकास के लिए विशेष परियोजनाएं शुरू की हैं। वहां आज राष्ट्रीय राजमार्ग, तटवर्ती जलमार्ग तथा तेल और गैस पाइपलाइन का व्यापक नेटवर्क उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में नई योजनाओं और परियोजनाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। मोदी ने कहा कि सरकार देश के तटवर्ती क्षेत्रों में रह रहे मछुआरों के हित में नीली क्रान्ति के लिए प्रतिबद्ध है। ओडिशा इतिहास पुस्तक का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा का व्यापक और विविधताओं से भरा इतिहास देश के लोगों तक पहुंचे, यह बहुत आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संगाम और उसके बाद ओडिशा के विकास में, इस किताब के रचनाकार उत्कल केसरी हरेकृष्ण महताब के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वह ऐसे बिरले नेताओं में से थे जो देश की आजादी के लिए तो जेल गए , आपातकाल का विरोध कर लोकतंत्र को बचाने के लिए भी जेल गए। उन्होंने कहा, यह बात आज के जनप्रतिनिधियों को हैरत में डाल सकती है कि जिस पार्टी से वह मु यमंत्री बने थे, आपातकाल में उसी पार्टी का विरोध करते हुए वह जेल गए थे। यानि वह ऐसे विरले नेता थे जो देश की आज़ादी के लिए भी जेल गए और देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए भी जेल गए थे। ज्ञात हो कि हरेकृष्ण महताब कांग्रेस के नेता और एक स्वतंत्रता सेनानी थे। वह ओडिशा के पहले मु यमंत्री भी थे। वह 1942 से 1945 तक लगभग दो साल अहमदनगर फोर्ट जेल में बंद रहे और उसी दौरान उन्होंने ओड़िशा इतिहास पुस्तक की रचना की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हरेकृष्ण माहताब वह व्यक्ति थे जिन्होंने इतिहास बनाया , उसे बनते हुए देखा और और फिर उसे लिखा। उन्होंने कहा वास्तव में ऐसे ऐतिहासिक व्यक्तित्व बहुत ही विरले होते हैं। ऐसे महापुरुष खुद भी इतिहास के महत्वपूर्ण अध्याय होते हैं। आजादी की लड़ाई में उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, युवावस्था जेल में काटी, समाज के लिए भी लड़े और जाति-पांति तथा छुआछूत के खिलाफ आंदोलन किए।

## जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी चुनौतियों पर भारत-नीदरलैंड का एक समान रुखः प्रधानमंत्री

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी चुनौतियों पर भारत और नीदरलैंड का रुख एकसमान है। उन्होंने यह बात नीदरलैंड के अपने समकक्ष मार्क रुटे से एक डिजीटल शिखर वार्ता के दौरान कही। मोदी ने अपने आरंभिक बयान में कहा कि दोनों देश हिंद-प्रशांत में लचीली आपूर्ति श्रृंखला और वैश्विक डिजीटल शासन जैसे क्षेत्रों में समन्वय विकसित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि निवेश प्रोत्साहन के लिए फास्ट ट्रैक प्रक्रिया विकसित होने से दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग को और गति मिलेगी। यह शिखर बैठक नीदरलैंड के संसदीय चुनावों में प्रधानमंत्री रुट की हाल की जीत के बाद हुई है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक भारत और नीदरलैंड के बीच सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं जिसका आधार में लोकतंत्र, स्वतंत्रता और कानून से चलने वाला शासन है। बयान के मुताबिक दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग है जिनमें जल प्रबंधन, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य देखभाल, स्मार्ट शहर और शहरी यातायात, विज्ञान और अंतरिक्ष शामिल हैं। भारत में निवेश के लिहाज से नीदरलैंड तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश है। मौजूदा समय में भारत में नीदरलैंड के 200 से अधिक कंपनियां कार्य कर रही है और लगभग इतनी ही भारतीय कंपनियां नीदरलैंड में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

## मृणाल सेन के लिखे पत्रों को उनके पुत्र ने शिकागो विवि को सौंपा

भाषा। कोलकाता

**प्रसिद्ध बांग्ला** फिल्मकार मृणाल सेन के इकलौते बेटे कुणाल सेन ने अपने पिता के लिखे पत्रों समेत उनकी यादगार कुछ चीजों को यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो को दान में दे दिया है। दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता मृणाल सेन के बेटे कुणाल सेन (66) अमेरिका के इलिनॉइस में रहते हैं। कुणाल ने बताया कि उन्होंने अपने पिता की कुछ तस्वीरें और पुरस्कार सहित उनकी स्मृतियों से जुड़ी कुछ चीजें अमेरिकी विश्वविद्यालय को दान में दे दी हैं क्योंकि अपनी बढ़ती उम्र के कारण उन्हें इन चीजों को अपने साथ रखना असुविधाजनक लगता है। मृणाल सेन का 30 दिसंबर 2018 को 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उन्हें रित्विक घटक और सत्यजीत रे के साथ बांग्ला सिनेमा को आकार प्रदान करने के लिए जाना जाता है। कुणाल ने शुक्रवार को फेसबुक पोस्ट पर यह जानकारी दी। इस घोषणा के बाद कोलकाता के सिने प्रेमियों की निराशा सामने आई जिन्होंने कहा कि मृणाल सेन का अपना शहर उनकी चीजों को सहेज नहीं पाया। कुणाल के एक मित्र ने उन्हें सुझाव दिया कि वह ए चीजें कोलकाता के किसी संग्रहालय को दे सकते थे, इस पर उन्होंने कहा कि वह कोलकाता में ऐसे किसी संस्थान का पता नहीं लगा पाए। कुणाल ने कहा कि उनके पिता ने भी इन चीजों का ध्यान नहीं रखा क्योंकि या तो वह इस तरह के नोस्टेलजिया में गहरा अविश्वास रखते थे या आलस्य के कारण उन्होंने ऐसा किया। कुणाल सेन ने कहा, उन्होंने अपने सभी पत्र, स्क्रीनप्ले और पांडुलिपियों को ऐसे ही छोड़ दिया था। सॉ टवेयर पेशेवर सेन ने कहा कि उन्हें संदेह था कि लोग आगे के सौ साल में मृणाल सेन के जीवन और कार्यों में दिलचस्पी लेंगे या नहीं।

## रविशंकर प्रसाद बोले, कहीं विदेशी दौरे पर तो टीका नहीं लगवा लिया राहुल ने

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व कांग्रेस** अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख देश में टीकों की कमी का आरोप लगाए जाने के चंद घंटों बाद ही केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने उन पर पलटवार करते हुए दावा किया कि कांग्रेस शासित राज्यों में टीकों की नहीं बल्कि प्रतिबद्धता की कमी है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर टीकों के निर्यात पर तत्काल रोक लगाने और हर जरूरतमंद के लिए टीकाकरण की मांग की थी। प्रसाद ने ट्वीट कर कहा, राहुल गांधी को यह पता होना चाहिए कि कांग्रेस शासित राज्यों में टीकों की कमी नहीं है बल्कि स्वास्थ्य देखभाल की बुनियादी प्रतिबद्धता में कमी है। उन्होंने कहा, उन्हें अपनी पार्टी की सरकारों को पत्र लिखकर वसूली रोकने को कहना चाहिए और उनके



### शायद नहीं करना चहते हों खुलासा

पास पड़े लाखों टीकों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि देश में टीकों की कोई कमी नहीं लेकिन राहुल गांधी की ओर ध्यान देने वाले लोगों की कमी है।

उन्होंने पूछा, राहुल गांधी ने अभी तक टीका क्यों नहीं लगवाया? क्या वह इसे लगवाना नहीं चाहते या फिर अपने किसी गुप्त विदेशी दौरों पर उन्होंने टीका लगवा लिया और उसके बारे में वह खुलासा नहीं करना चाहते? राहुल गांधी ने आठ अप्रैल को लिखे इस पत्र में यह आरोप भी लगाया कि केंद्र सरकार की ओर से सही तरीके से क्रियान्वयन न किए जाने और उसमें लापरवाही के कारण टीकाकरण का प्रयास कमजोर पड़ता दिख रहा है। कांग्रेस नेता ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण की नई लहर आने और टीकाकरण की गति कथित तौर पर धीमी होने का भी उल्लेख किया। प्रसाद ने कहा, पार्ट टाइम (अंशकालीन) राजनीतिज्ञ के रूप में असफल होने के बाद क्या राहुल गांधी फुल-टाइम (पूर्णकालिक) लॉबिंग करने लगे हैं। उन्होंने लड़ाकू विमान कंपनियों के लिए लॉबिंग कर भारत में इनके अधिग्रहण अभियान को पटरी से उतारने की कोशिश की और अब वह विदेशी टीकों को मनमाना अनुमति देने की बात कर फार्मा कंपनियों के लिए लॉबिंग कर रहे हैं।

### कांग्रेस ने राफेल सौदे में बिचौलिए संबंधी खबर को लेकर सरकार पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राफेल सौदे में एक बिचौलिए से संबंधित आरोपों को लेकर शुक्रवार को सरकार पर नए सिरे से निशाना साधा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब की मांग की। पार्टी के मु य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह आरोप भी लगाया कि इस विमान सौदे में भ्रष्टाचार हुआ है और सरकारी खजाने को 21,075 करोड़ रुपए की चपत लगी है। उन्होंने एक फ्रांसीसी समाचार पोर्टल की खबर का हवाला दिया, जिसमें दावा किया गया है कि राफेल सौदे में एक बिचौलिए की भूमिका थी। सुरजेवाला ने सवाल किया, एक बिचौलिया कैसे इतना शक्तिशाली हो सकता है कि वह सबसे बड़े रक्षा सौदे में मोदी सरकार के निर्णयों को प्रभावित कर दे? क्या इसकी गहन और स्वतंत्र जांच नहीं होनी चाहिए? उन्होंने कहा कि सरकार अब छिप नहीं सकती और उसे देश के लोगों को जवाब देना होगा। कांग्रेस के इस नए आरोप पर भाजपा या सरकार की तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## क्विक न्यूज

### भारत, कजाकिस्तान ने रक्षा औद्योगिक सहयोग की संभावनाएं तलाशीं

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कजाकिस्तान के अपने समकक्ष लेटिनेंट जनरल नूरलान एरमेकबाएव के साथ वार्ता की और इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को लेकर संभावनाए तलाशने पर ध्यान केंद्रित किया गया। वार्ता के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों ने सुरक्षा एवं रक्षा से जुड़े सभी क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने के लिए संभावनाएं तलाशी। एरमेकबाएव 7-10 अप्रैल के आधिकारिक दौरे पर भारत आए है। सिंह ने ट्वीट किया, हमने द्विपक्षीय रक्षा समझौतों की व्यापक समीक्षा की। साथ ही रक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित सभी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तौर-तरीकों पर विचार-विमर्श किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण के जरिए, सैन्य अ यास और क्षमता बढ़ाने समेत द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने को लेकर विचार साझा किए। मंत्रालय ने कहा कि कजाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल में भारतीय बटालियन के हिस्से के रूप में कजाकिस्तानी सैनिकों की तैनाती का अवसर देने के लिए राजनाथ सिंह का आभार जताया। इस प्रतिनिधि-स्तर की वार्ता में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह, रक्षा सचिव अजय कुमार समेत अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कोविड-19 की स्थिति पर शनिवार को करेंगे सर्वदलीय बैठक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे राज्य में कोविड-19 की स्थिति पर चर्चा के लिए 10 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक करेंगे। भाजपा के एक नेता ने शुक्रवार को इस बारे में बताया। विधान परिषद में विपक्ष के नेता प्रवीण दरेकर ने संवाददाताओं को बताया कि सर्वदलीय बैठक करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा, रविवार को निर्धारित एमपीएससी परीक्षा को टालने के लिए आज हुई बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया। शुक्रवार रात से लागू होने वाले सप्ताहांत लॉकडाउन के बारे में पूछे जाने पर दरेकर ने कहा कि राज्य सरकार को छोटे कारोबारियों की वित्तीय मदद करने का निर्णय करना चाहिए।

### महाराष्ट्र के मंत्री ने तीन हफ्ते का लॉकडाउन लगाने का आह्वान किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री विजय वडेट्टीवार ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना वायरस के तेजी से बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने के लिए राज्य में तीन सप्ताह के लॉकडाउन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संक्रमण के मामलों में तेज वृद्धि को देखते हुए सप्ताहांत लॉकडाउन से काम नही चलेगा। राहत और पुनर्वास मंत्री ने एक टीवी चैनल से कहा, संक्रमण रोकने के लिए हम हर मुमकिन कदम उठा रहे है लेकिन काफी मजबूत कार्यबल की भी जरूरत है। हम जल्द ही पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करने वाले छात्रों समेत पांच लाख डॉक्टर उपलब्ध करवाएंगे। वडेट्टीवार ने कहा कि सामुदायिक स्तर पर संक्रमण के प्रसार और लोगों की मौतें रोकने के लिए ट्रेनों की आवाजाही और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़भाड़ रोकने के लिए पाबंदी लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, राहत और पुनर्वास मंत्री होने के नाते मैं मांग करता हूं कि महज सप्ताहांत पर लॉकडाउन के बजाए हमें तीन सप्ताह तक लॉकडाउन लगाना चाहिए। सामुदायिक संक्रमण रोकने और लोगों की जान बचाने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि वह मु यमंत्री उद्धव ठाकरे के समक्ष यह मांग उठाएंगे। महाराष्ट्र में शुक्रवार को संक्रमण के 56,286 मामले आने से संक्रमितों की सं या 32,29,547 हो गई जबकि बुधवार को रिकॉर्ड 59,907 मामले आए थे।

### कोलकाता में पोस्टर फाड़े जाने को लेकर भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

**कोलकाता।** कोलकाता में राज्य के वरिष्ठ मंत्री फिरहद हकीम का गढ़ माने जाने वाले चेतला इलाके मे भाजपा उम्मीदवार स्द्रनिल घोष के पोस्टर फटे हुए मिलने के बाद भाजपा और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। घोष भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पोस्टर फाड़े जाने के संबंध शिकायत दर्ज कराने के लिए बृहस्पतिवार मध्यरात्रि चेतला थाने जा रहे थे। इस दौरान दोनो पक्षो ने एक दूसरे पर पथराव किया, जिसके चलते कुछ लोग घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि घटना के दौरान कई वाहनों में तोड़फोड़ की गई। घोष ने सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि तृणमूल के लगभग 250 सदस्यो ने उनपर और उनकी पार्टी के साथियो पर हमला किया, जब वे थाने जा रहे थे। भाजपा कार्यकर्ताओ ने चेतला थाने के बाहर प्रदर्शन करते हुए पोस्ट फाड़ने तथा उनपर हमला करने वालो को तत्काल गिर तार करने की मांग की। तृणमूल कार्यकर्ताओ ने भी प्रदर्शन करते हुए उनपर हमला करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओ को गिर तार करने की मांग की।



मुंबई में कोविड-19 टीकाकरण केंद्र के बाहर अवरोधक के पीछे खड़े लोग, टीके की आपूर्ति में कमी के कारण यहां शुक्रवार को टीकाकरण रोक दिया गया था।

## बढ रहा कोरोना का खौफ

भाषा। नई दिल्ली

### देश में कोविड-19 के एक दिन में 1,31,968 नए मामले सामने आए

**भारत** में एक दिन में कोविड-19 के 1,31,968 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या 1,30,60,542 हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार की सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, वायरस से 780 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,67,642 हो गई। 18 अक्टूबर के बाद सामने आए मौत के ये सबसे अधिक मामले हैं। आंकड़ों के अनुसार, देश में लगातार 30 दिनों से नए मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और इसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या भी बढ़कर 9,79,608 हो गई, जो कुल मामलों का 7.5 प्रतिशत है। देश में 12 फरवरी को सबसे कम 1,35,926 उपचाराधीन मरीज थे। यह संख्या उस समय के कुल मामलों का 1.25 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक 1,19,13,292 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। हालांकि मरीजों के ठीक होने की दर में गिरावट आई है और अब वह 91.22 प्रतिशत है। वहीं कोविड-19 से मृत्यु दर 1.28 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवम्बर को 90 लाख रहे और 19 दिसम्बर को ए मामले एक करोड़ के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, देश में अभी तक 25,40,41,584 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई। इनमें से 13,64,205 नमूनों की जांच बृहस्पतिवार को की गई थी।

## पेज 1 का शेष

### अमेरिकी नौसेना...

दक्षिण चीन सागर में चीन बढ़ती नौसैनिक गतिविधियों का लगातार विरोध करते रहे हैं। अमेरिकी प्रशासन के कार्यभार संभालने के बाद इस साल फरवरी में क्वॉड ग्रुप की बैठक हुई थी जिसमें सहयोगी देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र को खुला और मुक्त बनाने में सहयोग मजबूत करने समेत क्षेत्रीय अखंडता और परिवहन की स्वतंत्रता का समर्थन करने का संकल्प जताया था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश ने ट्वीटर पर कहा कि यह विडंबना ही है। भारत ने 1995 में समुद्र में संयुक्त राष्ट्र के कानूनों की पुष्टि कर दी थी और अमेरिका अभी तक ऐसा करने में विफल रहा है। सातवीं फ्लीट का भारतीय ईईजेड से गुजरना हमारे घरेलू कानून का उल्लंघन है।

### टीका लेने...

अवधारणा बन जाती है और वे अधिक जोखिम वाले फैसले लेने लगते हैं। कोरोना मामले में यही हो रहा है। टीका लगने के बाद लोग सोच रहे हैं कि वे अब सुरक्षित हो गए हैं और सुरक्षा उपाय जैसे मास्क, सोशल डिस्टैंसिंग और सेनिटाइजेशन को कम अपना रहे हैं। हालांकि यह एक तथ्य है कि कोरोना टीका तत्काल सुरक्षा प्रदान नहीं करता है और न ही यह मौत या संक्रमण से पूर्ण सुरक्षित करता है।

### असम में...

दरगाह भी घूमने जाएंगे। सूत्रों ने कहा कि उन्हें अलग-अलग मोबाइल फोन उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि दूसरे उनसे संपर्क न कर सकें। राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस के चीफ व्हिप महेश जोशी ने कहा कि यहां आने वाले लोगों की वे देखभाल करेंगे।

### नोटिसों से...

ने एक शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में में कहा कि मैंने किसी मुख्यमंत्री या राजनीतिक दल के अध्यक्ष को ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करते कभी नहीं देखा जैसा कि ममता बनर्जी केंद्रीय बलों के खिलाफ कर रही हैं। क्या वह अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रही हैं? क्या वह अव्यवस्था की स्थिति पैदा करना चाहती हैं? उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि वह थोड़ी समझदारी दिखाएं। उन्हें पता होना चाहिए कि केंद्रीय बल चुनावों के दौरान गृह मंत्रालय के अधीन काम नहीं करते। उनकी कमान निर्वाचन आयोग के पास होती है।

### दिल्ली में...

हैं। अगले आदेश तक पाबंदी जारी रहेगी। ऑनलाइन कक्षाओं के बारे में कुछ नहीं कहा गया। यानी वे जारी रहेगी दिल्ली के स्कूलों में बाकी कक्षाएं पहले ही बंद थी। लेकिन 9वीं से 12वीं के छात्रों को बोर्ड और सीबीएसई पाठ्यक्रम के चलते (अभिभावकों की लिखित सहमति के बाद) आ रहे थे।

### कोविड-19...

पाबंदियों के साथ काबू कर सकते हैं। हम सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं। टोपे ने कहा कि राज्य सरकार मामलों में बढ़ोतरी को लेकर चिंतित है और उसे केंद्र की मदद और सलाह की जरूरत है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से कुप्रबंधन के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संक्रमण के मामले इसलिए रहे हैं क्योंकि वह कुछ भी नहीं छिपा रही है। उन्होंने कहा, हमने सख्त जांच, संक्रमितों के सम्पर्क में आए व्यक्तियों का पता लगाने और उपचार के सिद्धांत का पालन किया है। उन्होंने कहा, सरकार द्वारा संक्रमण के मामलों को काबू में किए जाने के बाद चलता है रवैया आ गया और कई गतिविधियां शुरू हुई। हमने सोचा कि कोई दूसरी बढ़ोतरी नहीं आएगी। टोपे ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन द्वारा राज्य सरकार की आलोचना भी खारिज कर दी और कहा कि राज्य ने केंद्र द्वारा निर्धारित सभी प्रोटोकॉल का पालन किया है। उन्होंने दोहराया कि टीकों के आवंटन में राज्य के साथ भेदभाव है। उन्होंने कहा, हाल ही में हमें सात लाख खुराक दी गई थी और जब हमने और मांग की तो दस लाख अतिरिक्त खुराक दी गई। उन्होंने कहा कि अब तक महाराष्ट्र को 1.04 करोड़ टीके की खुराक मिली है और हमने प्रति सप्ताह 40 लाख की मांग की है ताकि हम प्रतिदिन टीकाकरण को बढ़ाकर छह लाख प्रतिदिन कर सकें। मंत्री ने कहा कि मुंबई में 120 केंद्रों में से, 70 बंद हैं क्योंकि टीका का कोई भंडार नहीं था और स्थिति शर्मनाक है। उन्होंने कहा, हमने 40 लाख टीकों का साप्ताहिक भंडार मांगा ताकि हमें राज्य के विभिन्न हिस्सों में परिवहन के लिए समय मिल सके। महाराष्ट्र में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 56,286 नए मामले सामने आए थे जिससे संक्रमण के मामले बढ़कर 32,29,547 हो गए। पिछले रविवार को, राज्य सरकार ने 30 अप्रैल तक सप्ताहांत लॉकडाउन और कई सख्त पाबंदियों की घोषणा की थी जिसमें वायरस के प्रसार को रोकने के लिए दिन के समय निषेधाज्ञा और रात का कर्फ्यू शामिल था।

### ब्रिटेन की...

के कारण लागू लॉकडाउन में प्रिंस फिलिप और महारानी ने अपना अधिकतर समय इंग्लैंड के विंडसर कैसल में कुछ कर्मचारियों के साथ बिताया था। दोनों की शादी 73 साल पहले हुई थी और उन्होंने जनवरी में एक साथ ही कोविड टीके की पहली खुराक ली थी। वर्ष 2011 में, प्रिंस फिलिप को उस समय सैंड्रिंघम से हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया था जब उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की थी। शाही परिवार उस समय क्रिसमस की तैयारियों में जुटा था। उस समय उनकी धमनियों में रूकावट का इलाज किया गया था और एक स्टेंट लगाया गया था। फिलिप को ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग भी कहा जाता था। उनकी 1947 में एलिजाबेथ से शादी हुई थी। उन्होंने 2017 में सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लिया था।

### जेवर एयरपोर्ट...

ग्रीन बेल्ट से गुजरेगा। नेटवर्क का पहला स्टेशन नॉलेज पार्क-2 और आखिरी स्टेशन नोएडा एयरपोर्ट टर्मिनल होगा। फि लहाल सेक्टर-18, सेक्टर-20 और सेक्टर-22 में भी स्टेशन बनाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बन जाने के बाद बनने वाले स्टेशनों के बारे में सही जानकारी मिलेगी। पहले तैयार की गई प्रोजेक्ट रिपोर्ट में आकलन किया गया है किए पहले दिन से ही 82242 यात्री प्रतिदिन सफर करेंगे। इस रूट पर प्रस्तावित अधिकतम गति सीमा 95 किलोमीटर प्रति घंटे रखी जाएगी। कम स्टेशन बनाने की योजना से प्रोजेक्ट को फायदा मिलेगा। इससे इस रूट पर आने वाली लागत कम हो जाएगी। ट्रैक को कम वक्त में ही तैयार कर लिया जाएगा। ज्यादा स्टेशन बनाने में अधिक समय लगता। इस सेवा के शुरू होने के बाद यात्री नोएडा-ग्रेटर नोएडा से कम समय में एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। एयरपोर्ट जाने वाले लोग इस मेट्रो सेवा का उपयोग करेंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर 25 स्टेशन बनाए जाते, तो यात्रा में वक्त ज्यादा लगता। इसके चलते एयरपोर्ट जाने वाले यात्री इसका उपयोग कम करते।

## केरल पुलिस की ओर से ईडी अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी को रद्द करने की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुरक्षित रखा जिसमें केरल पुलिस द्वारा एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। सोना तस्करी मामले में प्रमुख आरोपी स्वप्ना सुरेश पर कथित तौर पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के खिलाफ बयान देने का दबाव बनाने के लिए केरल पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। अदालत ने अपराध शाख को उसकी जांच करते रहने की अनुमति देते हुए निर्देश दिया कि मामले में ईडी अधिकारियों के खिलाफ कोई बलपूर्वक कार्वाई नहीं की जाए। ईडी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि भारी मात्रा में सोने की तस्करी के बड़े आर्थिक अपराध में धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत चल रही जांच को पटरी से उतारने के गुप्त मकसद के साथ अनाम अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एजेंसी ने अनुरोध किया कि प्राथमिकी को रद्द किया जाए या जांच को राज्य पुलिस से सीबीआई को हस्तांतरित किया जाए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके क्योंकि मामले में कुछ उच्च पदस्थ लोग शामिल हैं। केंद्रीय एजेंसी ने यह मांग भी की कि ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी के अनुरूप आगे समस्त कार्रवाई पर रोक लगाई जाए और प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के खिलाफ कोई बलपूर्वक कार्वाई नहीं की जाए जो पीएमएलए, 2002 के तहत अपनी आधिकारिक जि मेदारी निभा रहे हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 10 अप्रैल , 2021



## पुरूषों की एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी एक अक्टूबर से ढाका में

**कुआलालंपुर।** कोरोना महामारी के कारण कई बार टल चुका पुरूषों का एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट अब एक से नौ अक्टूबर तक ढाका में खेला जाएगा। एशियाई हॉकी महासंघ ने महामारी के कारण दो बार पुरूषो और महिलाओं का टूर्नामेंट स्थगित कर दिया था। एएचएफ के मुख्य कार्यकारी तैयब इकराम ने कहा , महामारी के कारण दुनिया भर में व्यवधान के बीच हॉकी की बहाली के हमारे मिशन के तहत मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि हीरो पुरूष एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी 2021 इस साल अक्टूबर में खेली जाएगी।

## टेनिस और डांसिंग के बाद नौकायन ने नेत्रा के सपने को पूरा किया

**चेन्नई।** नेत्रा कुमानन ने 12 साल की उम्र तक टेनिस, साइक्लिंग, बास्केटबॉल के साथ भारतनाट्यम में भी हाथ आजमा लिया था लेकिन नौकायन से जुड़ने के बाद उन्हे जिंदगी का असली मकसद मिला हुआ, जिसे उन्होंने ओलंपिक टिकट हासिल करने वाली पहली भारतीय नौकाचालक बन कर सार्थक किया। चेन्नई की 23 साल की इस खिलाड़ी ने ओमान से खास बातचीत की। उन्होंने ओमान में ही एशियाई क्वालीफायर की लेजर रेडियल स्पर्धा में शीर्ष स्थान पर रहकर ओलंपिक टिकट हासिल किया।

## भारतीय तैराकी टीम उज्बेकिस्तान रवाना

**बेंगलुरू।** सजन प्रकाश और श्रीहरि नटराजन सहित 13 सदस्ईय भारतीय टीम उज्बेकिस्तान ओपन तैराकी चैंपियनशिप में भाग लेगी, जो तोक्यो ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। उज्बेकिस्तान की राजधानी में 12 अप्रैल से शुरू होने वाली यह ओलंपिक क्वालीफायर से मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता है। ओलंपिक बी क्वालीफायर नटराजन और प्रकाश तोक्यो में होने वाले खेलो के लिए ए क्वालीफिकेशन हासिल करना चाहेंगे। टीम में माना पटेल, शिवानी कटारिया और टॉप्स के विकास समूह के कुछ तैराक भी है।

## तोक्यो ओलंपिक से पहले कोरोना महामारी से निपटने के उपाय कड़े करेगा जापान

**तोक्यो।** जापान ने शुक्रवार को घोषणा की कि ओलंपिक से पहले कोरोना वायरस के तेजी से फैलाव पर काबू पाने के लिए वह कड़े कदम उठाएगा। जापान में टीकाकरण की मुहिम भी धीमी है और अभी तक राजधानी मे अधिकांश लोगो को टीके नही लगे है जबकि संक्रमितो की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा द्वारा की गई इस घोषणा के बाद तोक्यो में बार और रेस्त्रां के खुलने के समय में कटौती की जाएगी। इसके साथ ही दिशा निर्देशो का पालन नही करने पर कड़े दंड का प्रावधान होगा। ए उपाय सोमवार से लागू होकर 11 मई तक प्रभावी होंगे। तोक्यो मे कोरोना संक्रमण के अधिकांश मामलो का संबंध नाइट लाइफ और बाहर खाने से है हालांकि हाल ही में दफ्तरों, वृद्धाश्रमों और स्कूलो मे भी संक्रमण फैला है।' सुगा ने

# हर्षल को पांच विकेट, मुंबई सहमा

## आईपीएल-14 : आरसीबी ने 159 रन पर रोका

भाषा। चेन्नई



हर्षल पटेल हैट्रिक से चूक गए लेकिन उनके पांच विकेट के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने शुक्रवार को यहां अच्छी वापसी करके मुंबई इंडियन्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन मैच में नौ विकेट पर 159 रन ही बनाने दिए।पटेल ने चार ओवर में 27 रन देकर पांच विकेट लिए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मुंबई के खिलाफ किसी भी गेंदबाज का यह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी विश्लेषण है। उनके अलावा मोहम्मद सिराज (चार ओवर 22 रन) और काइल जेमीसन (27 रन देकर एक) ने भी कसी गेंदबाजी की।

सलामी बल्लेबाज क्रिस लिन (35 गेंदों पर 49, चार चौके, तीन छक्के) तथा सूर्यकुमार यादव (23 गेंदों पर 31, चार चौके, एक छक्का) ने दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़कर मुंबई को बड़े स्कोर की तरफ अग्रसर किया, लेकिन आरसीबी के गेंदबाजों ने इसके बाद क्षेत्ररक्षकों से मदद न मिलने के बावजूद बल्लेबाजों को दबाव में रखा। आखिरी चार ओवरों में केवल 25 रन बने। पटेल ने पारी के अंतिम ओवर में केवल एक रन दिया और तीन विकेट लिए। मुंबई ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए सहज शुरुआत की। कप्तान रोहित शर्मा (15 गेंदों पर 19) ने चौथे ओवर में गेंद संभालने वाले युजवेंद्र चहल (चार ओवर में 41 रन) पर छक्का लगाया लेकिन इसके तुरंत बाद लिन के साथ असमंजस में रहने के कारण वह रन आउट हो गए। अब लिन पर जिम्मेदारी थी और उन्होंने सूर्यकुमार के साथ पारी संवारने का बीड़ा उठाया। चहल और शाहबाज अहमद पर छक्के जड़कर उन्होंने आरसीबी के स्पिन आक्रमण को कुंद करने का प्रयास किया। सूर्यकुमार का काइल जेमीसन की लेग स्टंप पर पिच कराई गई गेंद पर लगाया गया छक्का दर्शनीय था लेकिन गेंदबाज ने तुरंत ही उन्हें विकेटकीपर एबी डिविलियर्स के हाथों कैच करा दिया। अमूमन पावरप्ले में गेंदबाजी करने वाले वाशिंगटन सुंदर ने 13वें ओवर में गेंद संभाली और अपने पहले ओवर में लिन का हवा में लहराता कैच लेकर उन्हें अर्धशतक पूरा करने से रोका। लिन का लंबा शॉट बल्ले का किनारा लेकर हवा में तैरने लगा था। हार्दिक पंड्या (10 गेंदों पर 13) कुछ कमाल नहीं कर पाए। पटेल ने उन्हें नीची रहती फुलटॉस पर पगबाधा आउट किया। पटेल ने इसके बाद इशान किशन (19 गेंदों पर 28) को भी पगबाधा तथा क्रुणाल पंड्या (सात) और कीरेन पोलार्ड (सात) को सीमा रेखा पर कैच कराया। मार्को जेनसन ने पटेल की हैट्रिक नहीं बनने दी लेकिन उन्होंने अगली गेंद पर उन्हें बोल्ड कर दिया।

### स्कोरबोर्ड

**मुंबई इंडियन्स** : रोहित रन आउट 19, लिन का एवं बो सुंदर 49 ,सूर्यकुमार का डिविलियर्स बो जेमीसन 31, किशन पगबाधा बो हर्षल पटेल 28, पंड्या पगबाधा बो हर्षल पटेल 13,पोलार्ड का सुंदर बो हर्षल पटेल 07, पंड्या का क्रिस्टियन बो हर्षल पटेल 07, जेनसन बो हर्षल पटेल 00 ,चहर रन आउट 00, बुमराह नाबाद 01 ,**अतिरिक्त** (नोबॉल 02, वाइड 02) 04, **कुल** (20 ओवर में, नौ विकेट पर) 159, **विकेट पतन** :1-24, 2-94, 3-105, 4-135, 5-145, 6-158, 7-158, 8-158, 9-159, **गेंदबाजी** : सिराज 4-0-22-0, जेमीसन 4-0-27-1,चहल 4-0-41-0,शाहबाज 1-0-14-0, पटेल 4-0-27-1, क्रिस्टियन 2-0-21-0 ,सुंदर1-0-7-0

## न्यूजीलैंड में भारत से यात्रा प्रतिबंध से खिलाड़ियों को हो सक्ती है परेशानी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में रविवार से भारत से आने वाले यात्रियों के लिए प्रतिबंध लागू हो रहा है जिसके कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग ले रहे उनके खिलाड़ियों को मई-जून में इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला और फिर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए सीधे ब्रिटेन जाना पड़ सकता है। कप्तान केन विलियमसन, तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और काइल जैमीसन के अलवा न्यूजीलैंड के 10 खिलाड़ी आईपीएल में भाग ले रहे है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के सार्वजनिक मामलों के प्रबंधक रिचर्ड ब्रुक ने न्यूजीलैंड हेरल्ड ने कहा, हम स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और आईपीएल फ्रेंचाइजियों के संपर्क में हैं, क्योंकि टूर्नामेंट लंबा चलेगा।

## डेटा से क्रिकेट में अच्छी प्रतिस्पर्धा को मिलना चाहिए प्रोत्साहन : द्रविड़



**वाशिंगटन।** भारत के महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ ने कहा है कि क्रिकेट में रणनीति बनाने और खिलाड़ियों के चयन में मदद करने वाले डेटा (आंकड़ों) से अच्छी प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। द्रविड़ ने 15वीं एमआईटी स्लोन खेल विश्लेषण कांफ्रेंस में कहा , क्रिकेट में बेसबॉल की तरह ही डेटा का विशेष स्थान रहा है लेकिन पिछले 15 साल में हम औसत की तुलना करने की बजाय इसका इस्तेमाल रणनीति बनाने और खिलाड़ियों के चयन में कर रहे हैं। एमआईटी कांफ्रेंस में क्रिकेट पर पहली परिचर्चा का विषय , हाउजडाटा हाउ एनेलेटिक्स इज रिवोल्शनाइजिंग क्रिकेट (कैसे आंकड़ों के जरिए विश्लेषण में क्रिकेट में क्रांति आ रही है) में क्रिकेट की बेहतरी के लिए आंकड़ों के इस्तेमाल पर बात की गई।

## भुवनेश्वर की टीम में वापसी सुखद : वॉर्नर

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान डेविड वॉर्नर ने शुक्रवार को कहा कि सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की वापसी से उनकी टीम मजबूत होगी जो पहले ही से सभी विभाग में काफी संतुलित है। भुवनेश्वर पिछले साल आईपीएल में चार ही मैच खेल सके थे चूंकि उनके कूल्हे में चोट लग गई थी। इस समय वह बेहतरीन फॉर्म में हैं और इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। वॉर्नर ने ट्वीट किया , हमारी टीम काफी संतुलित है और चयन के लिए काफी दुविधा होने वाली है।

## हेजलवुड की जगह बेहरेन सीएसके से जुड़े

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जैसन बेहरेनडोर्फ चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में अपने देश के जोस हेजलवुड की जगह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14वें सत्र से जुड़ेंगे। आईपीएल आयोजकों ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। हेजलवुड ने कुछ दिन पहले टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेहरेनडोर्फ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 11 एकदिवसीय और सात टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले है। आईपीएल में यह उनका दूसरा सत्र होगा, इससे पहले वह 2019 में मुंबई इंडियन्स का प्रतिनिधित्व कर चुके है। उस सत्र में उन्होंने पांच मैचों में पांच विकेट झटके थे।

# चेले पंत और गुरू धोनी के बीच होगी टक्कर



## चेन्नई और दिल्ली के बीच मुकाबला

भाषा। मुंबई

ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स और महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स शनिवार को आईपीएल के मैच में जब आमने सामने होंगी तो यह मुकाबला एक युवा शार्गिद और उसके उस्ताद का भी होगा। दिल्ली की टीम यूएई में खेले गए पिछले सत्र में उपविजेता रही थी। इस बार खिताब जीतने के सपने को पूरा करने के लिए उसका लक्ष्य जीत के साथ शुरूआत करने का होगा।

तीन बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स पिछले साल आठ टीमों में सातवें स्थान पर रही। उस खराब प्रदर्शन को भुलाने के लिए आईपीएल की धुरंधर टीम जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। चोटिल श्रेयस अय्यर की गैर मौजूदगी में कप्तानी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज पंत ने हाल ही में कहा था कि वह पहले मैच में धोनी से अब तक मिली सारी सीख का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा था , बतौर कप्तान मेरा पहला मैच माही भाई के खिलाफ है।मेरे लिए यह अच्छा अनुभव होगा क्योंकि मैने उनसे बहुत कुछ सीखा है।मैं अपने अनुभव और उनसे मिली सीख का पूरा इस्तेमाल करूंगा। दिल्ली के पास शिखर धवन, पृथ्वी साव, अजिंक्य रहाणे, स्टीव स्मिथ और पंत जैसे बल्लेबाज हैं। धवन (618) पिछले आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में वनडे श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया। साव ने विजय हजारे ट्रॉफी में 827 रन बनाए और ऐसी संभावना है कि वह धवन के साथ पारी का आगाज करेंगे। कप्तान पंत शानदार फॉर्म में हैं और आस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के खिलाफ मैच विनर साबित हुए। दिल्ली के पास मार्कस स्टोइनिस, शिमरोन हेटमाएर और सैम बिलिंग्स जैसे हरफनमौला भी हैं लेकिन टीम संयोजन बड़ी चुनौती होगा क्योंकि अंतिम एकादश में चार विदेशी खिलाड़ी ही हो सकते हैं। गेंदबाजी में उनके पास ईशांत शर्मा , कैगिसो रबाडा, उमेश यादव, क्रिस वोक्स और एनरिच नोर्किया हैं।

# भारत के ग्रीको रोमन पहलवान ओलंपिक क्वालीफिकेशन से चूके

भाषा। अलमाटी



देश के शीर्ष ग्रीको पहलवान सुनील कुमार से काफी उम्मीदें थीं लेकिन वह शुक्रवार को यहां एशियाई क्वालीफायर के सेमीफाइनल में हारकर अन्य चार भारतीयों के साथ तोक्यो ओलंपिक के लिए कट हासिल नहीं कर पाए। इस प्रतियोगिता में केवल फाइनल में पहुंचने वाले पहलवान को ही तोक्यो ओलंपिक का कोटा मिलता और पांचों भारतीय अंतिम चार चरण में हारकर टूर्नामेंट के शुरूआती दिन ही यह मौका चूक गए। एशियाई चैम्पियन सुनील ने 87 किग्रा वजन वर्ग में किर्गिस्तान के सुखरोब अब्दुल्खाएव पर 7-0 से जीत हासिल कर अभियान शुरू किया लेकिन सेमीफाइनल में स्थानीय खिलाड़ी नूरसुल्तान तुर्सनोव से 5-9 से हार गए। भारत का कोई भी ग्रीको रोमन पहलवान 2020 तोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका है लेकिन तीन फ्रीस्टाइल पहलवान (पुरूष) बजरंग पूनिया (65 किग्रा), रवि दहिया (57 किग्रा) और दीपक पूनिया (86 किग्रा) विश्व चैम्पियनशिप के जरिए कट हासिल कर चुके हैं। विनेश फोगाट एकमात्र भारतीय महिला पहलवान हैं जिन्होंने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। ज्ञानेंद्र (60 किग्रा), आशू (67 किग्रा), गुरप्रीत सिंह (77 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) अपने अपने सेमीफाइनल हार गए लेकिन अब ए कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगे।

## रिचर्डसन मुस्कान के साथ दबाव से निपटेंगे

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप (टी20) में गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां काफी मुश्किल और चुनौतीपूर्ण हो सकती है लेकिन पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग ले रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन ने इस तनाव से निपटने का नायाब तरीका खोजा है जिसमें वह गेंदबाजी के लिए दौड़ने से पहले मुस्कुराएंगे। इस 24 साल के क्रिकेटर के लिए बिग बैश लीग में यह तरीका कारगर रहा था जहां वह सत्र में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। रिचर्डसन का मानना है कि छक्का लगाने के बाद भी अगर उनके चेहरे पर मुस्कान रहती है तो दुनिया के सबसे बड़े टी20 लीग में खेलने के दबाव से निपटने में यह उनके लिए मददगार होगा।

## इंग्लैंड की राजधानी में आईपीएल मैचों को कराना चाहते है लंदन के मेयर

**लंदन।** अगले महीने होने वाले चुनाव में एक बार फिर से लंदन के मेयर पद के लिए उम्मीदवारी पेश करने की तैयारी कर रहे सादिक खान ने वादा किया कि कोरोना वायरस के असर के कम होने के बाद वह इंग्लैंड की इस राजधानी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों के आयोजन के लिए अधिकारियों के साथ मिलकर काम करेंगे।

## वित्त वर्ष 2020-21 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.45 लाख करोड़ रुपए रहा



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2020-21 में कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.45 लाख करोड़ रुपए रहा, जो बजट में संशोधित अनुमान से पांच प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष पी सी मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2020-21 में पर्याप्त रिफंड जारी करने के बावजूद संशोधित अनुमानों से अधिक कर संग्रह किया है। वित्त वर्ष के दौरान शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 4.57 लाख करोड़ रुपए था, जबकि शुद्ध व्यक्तिगत आयकर 4.71 लाख करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा 16,927 करोड़ रुपए प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) से मिले। आम बजट के संशोधित अनुमानों के अनुसार 2020-21 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के रूप में 9.05 लाख करोड़ रुपए का लक्ष्य तय किया गया था। इस तरह कर संग्रह संशोधित अनुमानों से पांच प्रतिशत अधिक रहा, लेकिन 2019-20 में तय किए गए लक्ष्य से 10 प्रतिशत कम रहा।

## नए अवतार में पुनः प्रस्तुत हुआ रिवाह

**मुंबई।** भारत के सबसे भरोसेमंद और सबसे पसंदीदा ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने शादी के खास आभूषणों के अपने उपब्रांड रिवाह को नए अवतार में पुन: प्रस्तुत किया है। शादी में रस्मों का बड़ा महत्व होता है और शादी में परिधान किए जाने वाले आभूषण इन रस्मों के प्रतीक माने जाते हैं। इस भावना को मद्देनज़र रखते हुए तनिष्क ने ज्वेल फॉर एवरी ट्रेडिशन अर्थात हर परंपरा के लिए आभूषण यह नया ब्रांड कथन खास तौर पर मिलेनियल दुल्हन के लिए प्रस्तुत किया है। शादी में दुल्हन जो आभूषण परिधान करती है, जिन रस्मों को निभाती है उनका अर्थ और महत्व रिवाह बाय तनिष्क के नए ब्रांड कथन में दर्शाया गया है। प्रतीकात्मकता और भावनाओं से भरी एक खूबसूरत कहानी के जरिए इस नए ब्रांड कथन को पेश किया गया है। नयी कैम्पेन फिल्म में पंजाबी, बिहारी,मराठी, बंगाली, तेलुगु और तमिल इन छह भारतीय क्षेत्रों की नववधू दिखाई गयी हैं। भारतीय शादियों में पायी जाने वाली सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हुए यह कहानियां एक खास सन्देश लेकर आती हैं दृ हमारी समृद्ध परंपरा ही भारतीय शादी की नींव है। टाइटन कंपनी लिमिटेड की जीएम मार्केटिंग तनिष्क रंजनी कृष्णस्वामी ने बताया कि विवाह हर व्यक्ति के जीवन में सबसे बड़ा, सबसे ज़्यादा खुशी का दिन और विवाह के आभूषण दिल में संजोकर रखे जाते हैं।

## 300 शेयरों में कारोबार करते समय सावधानी बरतें

**नई दिल्ली।** शेयर एक्सचेंजों बीएसई और एनएसई ने निवेशकों से 300 से अधिक गतिहीन शेयरों में कारोबार करते समय सावधानी बरतने को कहा है। इलिक्विड (गतिहीन) शेयर ऐसे शेयर होते हैं, जिनका कारोबार सीमित होता है जिसकी वजह से उन्हें आसानी से बेचा नहीं जा सकता। निवेशकों के लिए ऐसे शेयरों में कारोबार जोखिम भरा होता है क्योंकि इनके लिए खरीदार मिलना मुश्किल होता है। बीएसई और एनएसई दोनों ने इस बारे में एक जैसा सर्कुलर जारी करते हुए सदस्यों से कहा है कि ऐसे शेयरों में अपने लिए या अपने ग्राहकों की ओर से कारोबार करते समय अतिरिक्त जांच-पड़ताल करें।

# शेयर बाजारों में तीन दिन की तेजी पर ब्रेक



## साप्ताहिक आधार पर भी नुक्सान में

भाषा। मुंबई

शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी का सिलसिला शुक्रवार को थम गया। कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच स्थानीय स्तर पर लॉकडाउन के चलते निवेशकों ने बैंकिंग, वित्तीय और ढांचागत कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की, जिससे बाजार नीचे आ गया। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में लगातार गिरावट से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव के बीच 154.89 अंक या 0.31 प्रतिशत के नुकसान से 49,591.32 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 38.95 अंक या 0.26 प्रतिशत टूटकर 14,850 अंक से नीचे 14,834.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 3.12 प्रतिशत टूट गया।

अल्ट्राटेक , एनटीपीसी,एक्सिस, आईसीआईसीआई , इंडसइंड बैंक, रिलायंस एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

## देश का विदेशीमुद्रा भंडार 2.415 अरब डॉलर घटकर 576.869 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो अप्रैल को समाप्त सप्ताह मे 2.415 अरब डॉलर घटकर 576.869 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक(आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ो में यह जानकारी दी गई है। इससे पहले के 26 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.986 अरब डॉलर घटकर 579.285 अरब डॉलर रह गया था। इससे पूर्व 29 जनवरी 2021 को समाप्त सप्ताह मे विदेशी मुद्रा भंडार 590.185 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ो के अनुसार दो अप्रैल 2021 को समाप्त समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) मे गिरावट की वजह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियो मे गिरावट की वजह से आई है। विदेशीमुद्रा परिसंपत्तियां, कुल विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा होती है।

### ईंधन खपत 9.1 प्रतिशत घटी, 21 साल में पहली बार घटी खपत

**नई दिल्ली।** देश मे ईंधन खपत मे पिछले वित्त वर्ष के दौरान 9.1 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। दो दशक से अधिक समय मे पहली बार ऐसा हुआ है जब वार्षिक आधार पर ईंधन की खपत गिरी है। पिछले साल कोरोना वायरस महामारी पर अंकुश पाने के लिए कड़ा लॉकडाउन लगाया गया था। वर्ष 2019- 20 मे देश मे 21.41 करोड़ टन पेट्रोलियम पदार्थो की खपत हुई। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2020- 21 मे 19 करोड़ 46 लाख टन खपत हुई।

## सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी से 32,853 करोड़ जुटाए

**मुंबई।** सरकार ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए प्रतिभूतियो (जी-सेक) की नीलामी शुरू की और पहली नीलामी मे 32,853 करोड़ रुपए जुटाए। यह मई, 2020 के बाद बाजार से साप्ताहिक आधार पर जुटाया गया सबसे ऊंचा कर्ज है। केयर रेटिंग्स ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह राशि सरकार ने 2020-21 की आखिरी नीलामी से कम की दर पर जुटाई है।

## पांचवें सत्र में रुपए में गिरावट

**मुंबई।** कोविड-19 के बढ़ते मामलो की वजह से आर्थिक मोर्चे पर दिक्कतो की वजह से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र मे गिरावट आई और शुक्रवार को यह 15 पैसे और हल्का हो 74.73 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ गत चार नवंबर के बाद रुपए का न्यूनतम स्तर है। महामारी के फिर से फैलने, घरेलू शेयर बाजार की गिरावट और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने जैसे कारणो से निवेशको की धारणा प्रभावित हुई।

## अस्थाई चेयरमैन नियुक्त

**नई दिल्ली।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने राज विकास वर्मा को पुनः दो साल के लिए बैंक का अस्थाई चेयरमैन नियुक्त किया है। रिजर्व बैंक ने वर्मा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने शेयर बाजारो को भेजी सूचना मे कहा, हम सूचित करना चाहते हैं कि रिजर्व बैंक ने आठ अप्रैल, 2021 को राज विकास वर्मा को दो साल के लिए और बैंक का अस्थाई चेयरमैन नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति आठ अप्रैल, 2021 से प्रभावी है।

## वोडाफोन आइडिया को दूरसंचार विभाग का नोटिस

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के लिए कुछ सर्किलों में लाइसेंस शुल्क का भुगतान नही करने के लिए वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। विभाग की ओर सात अप्रैल को जारी नोटिस में कहा गया है कि कंपनी ने 2020-21 की चौथी तिमाही के लिए बिहार, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, केरल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश (पूर्व), ओड़िशा के साथ राष्ट्रीय लंबी दूरी के लाइसेंस शुल्क का 25 मार्च तक भुगतान नही किया है।

## केन्द्र ने कंपनियों को गैर-यूरिया उर्वरकों को पुराने दाम पर ही बेचने को कहा



**नई दिल्ली।** केंद्र ने शुक्रवार को उर्वरक कंपनियों को डीएपी जैसे गैर-यूरिया उर्वरकों की अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) नहीं बढ़ाने का निर्देश दिया और उन्हें पुराने दाम पर ही बेचने को कहा है। वैश्विक बाजारों में वृद्धि के अनुरूप गैर-यूरिया उर्वरकों की घरेलू खुदरा कीमतों में वृद्धि के मद्देनजर बृहस्पतिवार को उच्च स्तरीय बैठक में उर्वरक कंपनियों को इस संबंध में एक निर्देश जारी किया गया। डी-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी), म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी) और एनपीके जैसे गैर-यूरिया उर्वरकों की खुदरा कीमतें नियंत्रण मुक्त हैं और इनके दाम विनिर्माताओं द्वारा निर्धारित किए जाते हैं, जबकि केंद्र उन्हें हर साल निश्चित मात्रा में सब्सिडी देता है। रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने पीटीआई-भाषा से कहा, भारत सरकार ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई और उर्वरक कंपनियों को डीएपी, एमओपी और एनपीके जैसे उर्वरकों की कीमत में वृद्धि नहीं करने को कहा। उर्वरक कंपनियां इस बात से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि उर्वरक कंपनियों को जटिल उर्वरकों को पुरानी दरों पर बेचने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा, किसानों को पुरानी दरों पर डीएपी, एमओपी और एनपीके जैसे पोषक तत्व (उर्वरक) मिलते रहेंगे। मंत्री ने अलग से ट्वीट किया कि किसान समुदाय के हित को प्राथमिकता देते हुए, उर्वरकों की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं होगी।

## वित्त मंत्री ने मंत्रालय के कर्मचारियों के टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** वित्त एवं कार्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को मंत्रालय के कर्मचारियों के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की और अधिकारियों से खुद और अपने परिवार को टीका लगाने का आग्रह किया। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने मंत्रालय और कार्पोरेट कार्य मंत्रालय के सभी विभागों के सेक्शन आफीसर से लेकर सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बातचीत की और इस दौरान पात्र अधिकारियों के बीच टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने 11 से 14 अप्रैल के बीच राष्ट्रव्यापी टीकाकरण उत्सव के पीएम के आह्वान को दोहराया और पूरी सख्ती के साथ सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा।

## टीकाकरण की रफ्तार काफी धीमी, अगले कुछ माह भारत के लिए महत्वपूर्ण होंगे : ऑक्सफोर्ड इक्नॉमिक्स




**नई दिल्ली।** भारत के लिए अगले कुछ महीने अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि कोविड-19 संक्रमण के मामलों उछाल से अपरिपक्व आर्थिक पुनरुद्धार के रास्ते में चुनौतियां आएंगी। वैश्विक पूर्वानुमान कंपनी ऑक्सफोर्ड इकनॉमिक्स ने शुक्रवार को यह राय जताई। ऑक्सफोर्ड इकनॉमिक्स ने कहा कि अभी इसका असर काफी सीमित है और अर्थव्यवस्था जुझारू क्षमता दिखा रही है, लेकिन नीति-निर्माताओं के समक्ष अब जरा भी कोताही की गुंजाइश नहीं बची है। ऑक्सफोर्ड इकनॉमिक्स ने कहा कि राज्य सरकारें इस बार सख्त लॉकडाउन से बच रही हैं। ऐसे में इस बार इसका आर्थिक प्रभाव पिछले साल की दूसरी तिमाही की तुलना में कम रहेगा। कंपनी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अनुभव के आधार पर देखा जाए, तो भारत में टीकाकरण की रफ्तार काफी धीमी है और संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए यह पर्याप्त नहीं है। ऑक्सफोर्ड इकनॉमिक्स ने कहा, यदि स्वास्थ्य की स्थिति उल्लेखनीय रूप से खराब होती है और व्यापक रूप से सख्त अंकुश लगाए जाते हैं, तो 2021 की पहली छमाही के लिए हमारा अनुमान प्रभावित हो सकता है। वैश्विक पूर्वानुमान कंपनी ने कहा कि दूसरी लहर अधिक व्यापक हो रही है।

**PUBLIC NOTICE**

I, Vivek Tandon son of Late Shri J.K. Tandon resident of MIG flat no. 312,1st floor, Prasad Nagar, New Delhi hereby informed to all that I am the bonafide ALLOTTEE/lessee/GPA holder of property no. MIG flat no. 312,1st floor, Prasad Nagar,New Delhi vide file no. F.27(253)77/LAB(H)/MIG has applied for Mutation and conversion from lease hold to free hold in DDA and the original demand letter, Possession letter, site possession and NOC for water and electric connection of the above said property/flat have been lost / misplaced. An NCR/FIR to this effect has been lost in Delhi vide no.288603 dated 02.04.2021. If any one found same may please contact to me within 15 days from the date of publication of this notice, the person/ institution / government/ Authority claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write of Dy. Director (MIG), 3rd floor, D-Block, Vikas Sadan, INA, New Delhi 110023

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Dharmender Kumar Sharma and Mr. Pardeep Kumar Sharma are the owners and in possession of Entire Third Floor with roof rights built on Property bearing No. C/88, measuring 140 sq. yards,, Rect. No.17, Killa No. 7, Village Asaltpur, Khader Delhi colony known as Jeewan Park, Pankha Road, Uttam Nagar, Delhi: " Said Property" by virtue of Relinquishment Deed dated 17.05.2018, duly registered as Document No.12424, All persons are hereby informed that above mentioned owners intend to take loan from our client i.e. Aditya Birla Finance Ltd. by mortgaging the said property to our client, if anybody has any objection/s upon said property /its ownership & Title/ its Sale and Mortgage, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

# संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने दुनिया भर में आईईडी का प्रयोग बढ़ने को लेकर आगाह किया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने आगाह किया है कि सशस्त्र समूहों के अधिक शहरीकृत होने और तेजी से बढ़ने के साथ ही विस्फोटक उपकरणों (आईईडी) का प्रयोग बढ़ रहा है। उन्होंने राष्ट्रों से इन हथियारों के साथ ही बारूदी सुरंगों और युद्ध के अन्य अवशेषों से उत्पन्न खतरों को रोकने के लिए साथ में मिलकर काम करने का आग्रह किया है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सुरक्षा परिषद को बृहस्पतिवार को बताया कि पिछले तीन वर्षों में संयुक्त राष्ट्र की ओर से दी गई निधि से अफगानिस्तान और इराक से लेकर कंबोडिया और कोलंबिया में प्रमुख केंद्रों के 560 वर्ग किलोमीटर इलाकों को आईईडी से सुरक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि यह इलाका मैनहैटन के क्षेत्रफल से 10 गुणा ज्यादा है जिनका इस्तेमाल अब इमारतों, खेती, स्कूलों और सड़कों में किया जा सकता है। लेकिन उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों द्वारा की गई प्रगति के बावजूद चुनौतियां बढ़ी हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण बारूदी सुरंगों को हटाने के अभियानों की पहुंच सीमित होना भी इसमें शामिल है। गुतारेस ने कहा कि आईईडी सोमालिया और माली दोनों में मौजूद अफ्रीकी संघ के शांतिरक्षकों के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

## परमाणु समझौते को बहाल करने की कोशिश का जायजा लेने के लिए ईरान व पांच महाशक्तियों की हुई बैठक

**विएना।** अमेरिका के 2015 के परमाणु समझौते में वापस आने और इस समझौते को बहाल करने के प्रयासों का जायजा लेने के लिए ईरान और विश्व की पांच महाशक्तियों (पी5) के बीच शुक्रवार को सप्ताह की दूसरी औपचारिक बैठक आयोजित होने वाली है।

मंगलवार को वियना में शुरू हुए महत्त्वपूर्ण राजनयिक संवाद में वाशिंगटन और तेहरान, दोनों की चिंताओं को दूर करने और परस्पर हितों को संतुलित करने की आवश्यकता है। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, चीन और रूस अब भी ईरान के साथ इस समझौते के पक्षकार हैं, जिसे संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के रूप में जाना जाता है। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब तीन दिन पहले रूस के प्रतिनिधि ने कहा था कि वे प्रतिबंधों को हटाने और परमाणु मुद्दों को लेकर विशेषज्ञ स्तर के समूहों को स्थापित करने के लिए सहमत हुए हैं। ए समूह ईरान और अमेरिका दोनों द्वारा समझौते को पूरी तरह से बहाल करने के उपायों की पहचान करेंगे।

रूसी प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने शुक्रवार को ट्विटर पर लिखा, इसकी अधिक संभावना है कि बैठक लंबे समय तक नहीं चलेगी। बैठक में इस सप्ताह किए गए कार्य का जायजा लिया जाएगा और अगले चरणों को लेकर निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि अमेरिका जेसीपीओए में वापस आना चाहता है।




क्विटो में पूर्व राष्ट्रपति राफेल कॉरी के चित्र के साथ अलियांजा यूनियन के एंड्रेस अरुज़ के समर्थक पो ला ला हरमनज़ा, यूएनईएस और पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

## 'ईरान के साथ परोक्ष वार्ता रचनात्मक और व्यावहारिक'

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** ने कहा कि ईरान के साथ विएना में पिछले कुछ दिनों से रचनात्मक और व्यावहारिक परोक्ष वार्ता हो रही है। विशेष राजदूत रॉब माले के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ईरान के साथ परोक्ष वार्ता कर रहा है। यह वार्ता यूरोपीय संघ की तरफ से कराई जा रही है।

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में बृहस्पतिवार को कहा कि विएना में जिन प्राथमिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी वह दो भागों में बंटे हैं, पहला ईरान परमाणु समझौते (जेसीपीओए) में अमेरिका के लौटने के लिए ईरान को अपने परमाणु कार्यक्रम के संदर्भ में कदम उठाने होंगे और दूसरा, प्रतिबंधों से राहत देने की दिशा में हमें उठाने होंगे।

उन्होंने कहा कि ईरान के साथ रचनात्मक और व्यावहारिक वार्ता हो रही है। प्राइस ने कहा, यह सच है कि, हम इसे इस तरह से भी चिह्नित करेंगे। हालांकि, हम अपेक्षाओं को आगे बढ़ाने की जल्दबाजी नहीं करेंगे और जैसा कि हमने कहा है कि यह प्रक्रिया कठिन होगी।

उन्होंने कहा, यह इसलिए कठिन होगी क्योंकि यह परोक्ष वार्ता है और यकीनन इसे करने के तरीके बोझिल होंगे। यह इसलिए भी कठिन होगी क्योंकि जिस विषय पर बात की जा रही है वह बेहद तकनीकी तथा बेहद जटिल है और यह इसलिए तकनीकी एवं जटिल है, क्योंकि हम इसके रणनीतिक सूत्रीकरण की प्रक्रिया पर पहुंच गए हैं, जिसके अनुपालन पर राष्ट्रपति जो बाइडन जोर देते रहे हैं। प्राइस ने कहा कि उन्हें इस स्तर पर व्यापक, रणनीतिक वार्ता करने की आवश्यकता नहीं है और वे अभी तकनीकी चर्चा में लगे हुए हैं।

## चीन ने अमेरिका को मानवीय त्रासदियों का जिम्मेदार बताया

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका पर दूसरे देशों में सैन्य हस्तक्षेप के जरिए मानवीय त्रासदियां खड़ी करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को चीन की ओर से जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार सरकार द्वारा समर्थित चाइना सोसाइटी फॉर ह्यूमन राइट्स स्टडीज़ की रिपोर्ट में कहा गया है मानवीय हस्तक्षेप के नाम पर दूसरे देशों में छेड़े गए युद्धों के चलते बड़े पैमाने पर मौतें हुई हैं। गतिरोध, शरणार्थी संकट, सामाजिक अशांति और पारिस्थितिक संकट पैदा हुआ है। साथ ही इनके चलते लोगों को मनोवैज्ञानिक आघात और अन्य सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ा है। शिन्हुआ ने रिपोर्ट के हवाले से कहा, सैन्य कार्वाई से पैदा हुआ मानवीय संकट अमेरिका की वर्चस्ववादी मानसिकता की उपज है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि अमेरिका अपने स्वार्थों से प्रेरित वर्चस्ववादी मानसिकता को त्याग देता तो इन त्रासदियों से बचा जा सकता था।

## चीन से मुकाबला और भारत के साथ संबंध मजबूत करने के लिए अमेरिकी संसद में द्विदलीय विधेयक किया गया पेश

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के दो प्रभावशाली सांसदों ने एक प्रमुख द्विदलीय व्यापक विधेयक पेश किया है जिसमें चीन से प्रतिस्पर्धा के लिए देश की क्षमता को बढ़ाने, क्वाड की पहलों को बढ़ावा देने और भारत समेत अमेरिका की द्विपक्षीय एवं क्षेत्रीय भागीदारी को प्रगाढ़ करने की बात कही गई है।

सांसद एवं सीनेट की प्रभावशाली विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष रॉबर्ट मेनेंडेज ने कहा कि विधेयक स्ट्रैटजिक कॉम्पिटिशन एक्ट ऑफ 2021 अमेरिका की राष्ट्रीय एवं आर्थिक सुरक्षा को लेकर चीन द्वारा पैदा की गई चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए हिंद-प्रशांत रणनीति के वास्ते देश के सभी सामरिक, आर्थिक और राजनयिक नीति को समाहित करेगा। मेनेंडेज ने रैंकिंग सदस्य जिम रिस्च के साथ 280 पृष्ठों वाले अधिनियम को पेश किया है। सीनेट की विदेश मामलों की समिति इस विधेयक पर चर्चा करने वाली है और 14 अप्रैल को मतदान होगा जिसके बाद इसे सीनेट भेज दिया जाएगा। मेनेंडेज ने कहा, विधेयक स्ट्रैटजिक कॉम्पिटिशन एक्ट ऑफ 2021 इस बात को स्वीकारता है कि यह वक्त एक एकीकृत, सामरिक प्रतिक्रिया देने का है जिससे कि अमेरिका के नेतृत्व को फिर से उभारा जाए, चीन से प्रतिस्पर्धा के लिए निवेश किया जाए।

### अमेरिकी नौसेना ने भारत की पूर्वानुमति के बिना भारतीय जलक्षेत्र में नौपरिवहन अभियान शुरू किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना ने भारत की पूर्वानुमति के बिना बुधवार को लक्षद्वीप द्वीपसमूह के निकट भारतीय जलक्षेत्र में नौपरिवहन स्वतंत्रता अभियान शुरू कर दिया। अमेरिकी नौसेना की सातवीं फ्लीट के कमांडर की ओर से जारी बायन में कहा गया है कि मिसाइल नाशक यूएसएस जॉन पॉल जोन्स के जरिए सात अप्रैल को यह अभियान शुरू किया गया। बयान में कहा गया है, सात अप्रैल, 2021 को यूएसएस जॉन पॉल जोन्स (डीडीजी 53) ने भारत की अनुमति के बिना, अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप उसके विशेष आर्थिक क्षेत्र लक्षद्वीप द्वीपसमूह के पश्चिम से लगभग 130 समुद्री मील दूर नौपरिवहन अधिकार एवं स्वतंत्रता अभियान शुरू किया। भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र या उपमहाद्वीपीय इलाके में सैन्य अभ्यास या अभियान के लिए उससे पूर्वानुमति लेनी होती है। बयान में दावा किया गया है कि यह अभियान अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप शुरू किया गया है। बयान के अनुसार, नौपरिवहन स्वतंत्रता अभियान के तहत भारत के अत्यधिक समुद्री दावों को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता कानूनों के जरिए चुनौती देकर समुद्र के कानून संगत इस्तेमाल का अधिकार और स्वतंत्रता है।

## ईरान ने बंधक बनाए गए दक्षिण कोरियाई पोत छोड़ा

**दुबई।** ईरान ने कई महीनों तक बंधक बनाकर रखे गए दक्षिण कोरियाई पोत को शुक्रवार को आजाद कर दिया और वह अपने देश के लिए रवाना हो गया। सियोल द्वारा अरबों डॉलर जब्त किए जाने के विवाद के बीच इस पोत को बंधक बनाया गया था। ईरान की ओर से यह कदम उसके कमजोर पड़े परमाणु समझौते पर वैश्विक शक्तियों और तेहरान के बीच आगे की वार्ता से कुछ घंटे पहले उठाया गया है। मरीन ट्रैफिक डॉट कॉम के डेटा में एमटी हनकुक चेमी को आज तड़के बंदर अब्बास से रवाना होते दिखाया गया। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान ने जनवरी में जब्त किए गए टैंकर और उसके कैप्टन को रिहा कर दिया है। मंत्रालय ने कहा कि प्रशासनिक कार्वाई पूरी करने के बाद हनकूक चेमी स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे ईरानी बंदरगाह से रवाना हुआ। ईरान ने तत्काल यह नहीं स्वीकार किया था कि पोत को आजाद कर दिया गया है। पोत के स्वामी, दक्षिण कोरिया के बूसन के डीएम शिपिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड से इस मामले में जानकारी के लिए संपर्क नहीं किया जा सका। हनकूक चेमी सऊद्दी अरब के जुबैल में पेट्रोकेमिकल्स फैक्टरी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा जा रहा था जब रेवोल्यूशनरी गार्ड के सैनिकों ने जनवरी में पोत पर कब्जा कर लिया था और जहाज को मार्ग बदलने पर मजबूर कर ईरान की तरफ ले गए थे।



रूसी.अमेरिका अंतरिक्ष यात्रियों की तिकड़ी ने सोयूज़. रॉकेट बूस्टर को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

## ब्रिटेन ने कोविड-प्रतिबंधित विदेशी यात्रा को फिर से शुरू करने के लिए यातायात बत्ती प्रणाली शुरू की

**भाषा।** लंदन

**कोविड-19** के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए अनावश्यक विदेशी यात्रा पर लगे वर्तमान प्रतिबंधों को हटाने की योजना के तहत ब्रिटेन सरकार ने शुक्रवार को एक यातायात बत्ती प्रणाली की शुरुआत की, जो यात्रा के लिए आवश्यक प्रतिबंधों के साथ जोखिम के आधार पर देशों को वर्गीकृत करेगा। इस प्रणाली के तहत देशों को लाल, अम्बर और हरे श्रेणी में वर्गीकृत किया जाएगा, जिससे यह निर्धारित किया जाएगा कि किस देश के यात्रियों के लिए किस व्यवस्था की आवश्यकता है, जिसमें उन्हें पृथकवास में रखने और जांच की व्यवस्था शामिल हैं। इस त्रिकोणीय प्रणाली के तहत देशों के पूर्ण वर्गीकरण की सूची बाद में जारी की जाएगी। 17 मई को लॉकडाउन में ढील दिए जाने के अगले चरण के समय इस प्रणाली के तहत यात्रा संचालन शुरू होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के परिवहन मंत्री ग्रांट शैप्स ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा महत्वपूर्ण है-यह व्यापार और ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है, बल्कि इससे भी अधिक, यह लोगों को एक साथ लाती है। उन्होंने कहा, आज घोषित रूपरेखा हमें सुरक्षित और निरंतर रूप से यात्रा को फिर से शुरू करने में मदद करेगी। यह सुनिश्चित करेगी कि हम टीकाकरण के जरिए इस महामारी के खिलाफ अपनी कड़ी मेहनत से हासिल की गई उपलब्धियों की रक्षा कर पाएंगे। यह यात्रियों और उद्योग दोनों को राहत प्रदान करेगी क्योंकि हम एक बार फिर से विदेश यात्राएं शुरू करने वाले हैं।

## भारत में संरा का दल स्कूलों को फिर से खोलने में मदद कर रहा हैः प्रवक्ता

**संयुक्त राष्ट।** संयुक्त राष्ट्र का दल भारत में वैश्विक महामारी के बीच स्कूलों को सुरक्षित तरीके से दोबारा खोलने और कुछ इलाकों में दूरस्थ (ऑनलाइन) शिक्षा जारी रखने में मदद कर रहा है। इसके तहत हाशिए पर मौजूद तथा वंचित समुदायों के बच्चों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में बृहस्पतिवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) भारत में 17 राज्यों में ई-लर्निंग और अन्य कार्यक्रमों पर काम कर रहा है, जिसके तहत छह करोड़ बच्चों तक पहुंचा जा रहा है। इनमें से आधी छात्राएं हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने 3,400 से अधिक शरणार्थी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद की और लगभग 3,000 शिक्षा किट प्रदान की।

## जलवायु परिवर्तन पर ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में पहुंचे जॉन केरी

**भाषा।** ढाका

**जलवायु** परिवर्तन पर अमेरिका के विशेष दूत जॉन केरी शुक्रवार को बांग्लादेश पहुंचे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस महीने जलवायु परिवर्तन पर एक ऑनलाइन शिखर सम्मेलन आयोजित करने वाले हैं। उक्त शिखर सम्मेलन से पहले केरी यह जानने के लिए बांग्लादेश आए हैं कि उसने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क्या कदम उठाए हैं।

विदेश विभाग के अनुसार केरी इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात का दौरा कर चुके हैं जहां के प्रशासन ने कहा है कि गर्म मौसम, कम बारिश, सूखा, अधिक तूफान से बुनियादी ढांचा, मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने भारत की यात्रा भी की, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इन चुनौतियों पर चर्चा की। कुछ विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि समुद्र का बढ़ता स्तर बांग्लादेश के विशाल तटीय क्षेत्र को निगल सकता है, और चक्रवात एवं ज्वार-भाटा से कृषि को नुकसान हो सकता है जो लाखों लोगों की आजीविका है। इससे दुनिया का सबसे बड़ा मैंग्रोव वन सुंदरबन और इसमें रहने वाले बाघों को खतरा है। विदेश विभाग ने कहा कि केरी और मोदी ने अपनी चर्चा के दौरान स्वच्छ ऊर्जा, नवाचार पर सहयोग और नई उभरती प्रौद्योगिकी जैसे ऊर्जा भंडारण, ग्रीन हाइड्रोजन, स्वच्छ औद्योगिक प्रक्रिया और कृषि को बढ़ाने के लिए वित्त जुटाने पर ध्यान केंद्रित किया। बाइडन ने प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित विश्व के 40 नेताओं को 22-23 अप्रैल को आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है।बांग्लादेश के विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन ने कहा, हमें अपनी प्राथमिकता के मुद्दों को बताने में प्रसन्नता होगी।

## कोवैक्स 2021 में करीब दो अरब टीके मुहैया करा सकता हैः डब्ल्यूएचओ

**भाषा।** संयुक्त

**विश्व स्वास्थ्य** संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया कि कोवैक्स कोविड-19 रोधी टीकों की उपलब्धतता कम होने और भारत में इसकी मांग बढ़ने के बावजूद सभी देशों को टीके मुहैया करा सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कोवैक्स 2021 में कम से कम दो अरब टीकों की आपूर्ति कर सकता है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कोवैक्स टीका निर्माताओं के साथ नए समझौतों की घोषणा करेगा।

दुनिया भर में कोविड-19 रोधी टीके उपलब्ध कराने की वैश्विक पहल कोवैक्स अब तक 100 से अधिक देशों में जीवनरक्षक टीके उपलब्ध करा चुका है। इसने सबसे पहले 24 फरवरी 2021 को घाना को टीकों की आपूर्ति की थी।

अभी तक तीन टीका निर्माताओं एस्ट्राजेनेका, फाइजर-बायोएनटेक और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने छह महाद्वीपों पर 3.8 करोड़ से अधिक टीकों की आपूर्ति की है। जिन 100 देशों को टीके दिए गए हैं उनमें से 61 देश, 92 कम आय वर्ग वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं।

डब्ल्यूएचओ ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोवैक्स का उद्देश्य उन सभी देशों को टीके उपलब्ध कराने का है जिन्होंने 2021 की पहली तिमाही में उससे टीकों की आपूर्ति करने का अनुरोध किया था। हालांकि मार्च और अप्रैल में टीकों की आपूर्ति में थोड़ी देर हुई।

### तोक्यो में कोविड-19 रोधी उपायों को तेज करेगा जापान

**तोक्यो।** जापान की राजधानी तोक्यो में ओलंपिक खेल शुरू होने से महज तीन महीने पहले तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों पर लगाम लगाने के लिए शुक्रवार को देश में वायरस से बचाव संबंधी उपायों को और तेज करने की घोषणा हो सकती है। एक सरकारी समिति के विशेषज्ञों ने आपात कदमों को प्रारंभिक मंजूरी दे दी है जिसमें तोक्यो, पश्चिम जापान में क्योतो और ओकीनावा में सख्ती बढ़ाना शामिल है। प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा शुक्रवार को इन कदमों का ऐलान कर सकते हैं जो सोमवार से लागू होंगे और मई की शुरुआत तक जारी रहेंगे। सुगा सरकार की कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए खास काम न करने के लिए आलोचना की जा रही है। तोक्यो की गवर्नर युरिको कोइके ने कहा कि वह संक्रमण के मामले बढ़ने और कोरोना वायरस की नई लहर को लेकर चिंतित हैं। कोइके ने बृस्पतिवार को लोगों से अपील की कि वे गैर जरूरी यात्रा न करें, सामाजिक दूरी तथा अन्य आवश्यक नियमों का पालन करें। वह बार तथा रेस्तरा को रात आठ बजे तक बंद करने का आदेश भी जारी कर सकती हैं। जापान में टीकाकरण अभियान अभी शुरुआती चरण में है और कुल आबादी के एक प्रतिशत से भी कम लोगों ने अभी टीके की पहली खुराक ली है। कोविड-19 के मामले बढ़ने के कारण ओलंपिक खेल से संबंधित कार्यक्रम रद्द किए जा सकते हैं।

## सीरम इंस्टीट्यूट ने दक्षिण अफ्रीका को टीकों के लिए दी गई पूरी रकम लौटाई

**जोहानिसबर्ग।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने टीके की 5,00,000 खुराकों के लिए दक्षिण अफ्रीका की ओर से दी गई पूरी रकम उसे वापस कर दी है। वायरस के नए स्वरूप पर टीके के कथित रूप से असरदार नहीं होने के कारण दक्षिण अफ्रीका ने इसका इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया था जिसके बाद कंपनी ने इन खुराकों की आपूर्ति नहीं की थी। सीरम इंस्टीट्यूट से मिली टीके की लाखों खुराकों को अफ्रीकी संघ के अन्य देशों को बेच दिया गया है।स्वास्थ्य मंत्री ज्वेली मिखिजे ने बृहस्पतिवार को टेलीविजन पर पत्रकारों से कहा, वित्त विभाग ने इस बात की पुष्टि की है कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने टीके की 500,000 खुराकों के लिए हमारे द्वारा दी गई पूरी रकम हमें लौटा दी है और पैसा हमारे बैंक खाते में आ गया है। उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अब से एस्ट्राजेनेका टीके का मामला बंद हो गया और बिना किसी बेकार या फिजूल खर्च के इसे बंद किया जाता है। मिखिजे ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के लोगों में इसे लेकर बहुत चिंता थी कि टीका अब बेकार हो जाएगा। उन्होंने कहा, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि एस्ट्राजेनेका के सभी टीकों को नुकसान होने से बचा लिया गया है। उन्होंने कहा, जो 10 लाख खुराकें हमें मिली थीं उसे हमने अफ्रीकी संघ के मंच को बेच दिया है और उन्हें कई अफ्रीकी देशों में वितरित कर दिया गया है।



सेंट-रेमी-सुर-अव्रेरू। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने शुक्रवार को डेलपार्म प्लांट का दौरा किया।

## ट्रेंड ब्लेजर



### फरहान को मिला मार्वेल फिल्म में अवसर

**अभिनेता** फरहान अख्तर को मार्वेल स्टूडियो का एक नया प्रोजेक्ट मिला है अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि फरहान ने बैंकॉक में इस प्रोजेक्ट पर शूटिंग भी करना प्रारंभ कर दिया है। लेकिन जब डिज़्नी, जो मार्वेल के स्वामित्वधारी हैं, से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से मना कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, 'फरहान अभी बैंकॉक में है और वहां उनके साथ मार्वेल स्टूडियो के इस प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए अंतराष्ट्रीय कलाकारों की एक पूरी टीम उपस्थित थी।'

लेकिन सूत्रों ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अधिक बताने से इंकार कर दिया।

### सत्य-वचन

पंकज त्रिपाठी



'**मुझे** लगता है कि माता-पिता अपनी बेटी के सही विकास के लिए अपनी सारी ऊर्जा व्यय कर देते हैं लेकिन जब हम बेटों की बात करते हैं तो संभवत: इस कार्य के लिए लड़कों को उतना महत्व नहीं दिया जाता। मुझे लगता है कि स्त्रीवाद के प्रति हर लड़के को संवेदनशील और जागरूक बनाया जाना चाहिये। उन्हें बताया जाना चाहिये कि लड़का या लड़की में से कोई भी किसी से ऊंचा या नीचा नहीं होता। एक ऐसा भी समय था जब मैं अपनी पत्नी के वेतन पर ही निर्भर था और मुझे ऐसा करने में जरा भी बुराई नहीं है।

### दिन-प्रतिदिन

इमरान हाशमी



'हर फिल्म में मेरा ये प्रयास रहता है कि मैं चरित्र को सही ढंग से परदे पर जियूं। हर चरित्र को निभाने से पहले हमें प्रारंभ से ही सीखना पड़ता है और लगता है जैसे मुझे कुछ भी नहीं आता। शूटिंग के पहले दिन मैं आज भी घबरा जाता हूं। लेकिन बाद में शूटिंग जारी रहने पर सबकुछ सरल और स्वाभाविक हो जाता है। कई सालों से फिल्मों के चयन के लिए मेरी प्रक्रिया एक जैसी ही रही है। यदि मुझे अच्छी कहानी ऑफर की जाती है तो मैं उसे स्वीकार कर ही लेता हूं।'

### मार्गट रॉबी को है चाय की लत

**हॉलिवुड** अभिनेत्री मार्गट रॉबी ने बताया है कि वो चाय के लिए उन्माद की सीमा तक जा सकती हैं। उन्होंने आगे बताया कि ऑस्टेऊेलिया से लंदन आने के बाद उन्हें ये लत लग गई थी।

उन्होंने बताया, 'मैं वैसे दलिया खाती थी और सबेरे मैं रोगप्रतिरोधक पेय लेती थी। लंच में मैं चिकेन सलाद लेती हूं और डिनर में टूना और शकरकंद। दिन भर मैं चाय ही पीती रहती हूं और ये आदत मुझे लंदन आने के बाद ही लग गई थी।'



# सकारात्मकता की प्रतीक हैं उनकी मां : अलाया एफ



**जी** हां, बात यदि पूजा बेदी की होगी तो ये बात तय थी कि वो बेबाक और सीधी बात करना पसंद करती थीं। लेकिन उदीयमान अभिनेत्री अलाया एफ का कहना है कि जब मैं अपनी मां से किसी जानकारी या फिल्म इंडस्ट्री के अनुभवों के बारे में बात करते हैं तो हम दोनों ही सकारात्मक रहते हैं। अलाया का कहना था, 'एक अद्भुत बात ये है कि वो अत्यधिक सकारात्मक व्यक्ति हैं उनका पूरा ध्यान मुझे सकारात्मक बनाने पर ही केन्द्रित रहा है। यदि में उनसे कुछ भी पूछती हूं तो वो मुझे पूरी जानकारी देती हैं। इस इंडस्ट्री से जुड़ी अधिकांश बातों में वो सदैव सकारात्मक रही हैं।'

उन्होंने बताया कि उनकी मां ने कभी भी फिल्म अभिनेत्री बनने के बारे में नहीं सोचा था, 'मेरी मां कभी अभनेत्री नहीं बनना चाहती थीं। ये उनका सपना नहीं था। वो तो बस बन गई थीं। मुझे नहीं लगता उनके बारे में कभी भी किसी ने भी कुछ बुरा कहा या सोचा होगा।'

हाल ही में उन्हें फिल्म 'जवानी जानेमन' में देखा गया था। इसके बाद अब वो एक वीडियो 'आज सजेया...' में दिखाई दी हैं। इसे गोल्डी सोहेल ने लिखा और गाया है।

अलाया ने आगे बताया, 'मेरी फिल्म रिलीज़ होते ही दुनिया में लॉकडाउन लग गया था। इससे मेरा कॅरियर प्रारंभ होते ही एक साल आगे बढ़ गया। चलो कोई बात नहीं। मुझे पता चल गया था कि अब मेरी दूसरी रिलीज़ विलंब से ही होगी।

लेकिन जब पुनीत मल्होत्रा मेरे पास आए तो मेरे पास उन्हें मना करने का कोई कारण नहीं था। मनीष मल्होत्रा मेरे परिधान बनाने वाले थे मिकी सर मेरा मेकअप करने वाले थे और पुनीत इसे निर्देशित कर रहे थे। इसमें हर कोई अत्यंत रुचिपूर्वक काम कर रहा था। मुझे इसे पूरा करने की जल्दी थी।'

अलाया इस संगीतमय वीडियो में एक दुल्हन बनी हैं वो बताती हैं, 'इसकी पूरी संकल्पना आनंददायक, ऊर्जा से भरी, नई और आधुनिक वधू का है। ये आनंददायक इसलिये है क्योंकि जब भी में किसी वैवाहिक समारोह में जाती हूं तो मुझे हाई हील्स के स्थान पर बूट अधिक प्रिय हैं क्योंकि वे आरामदायक होते हैं और आपको सहज अनुभव कराते हैं। व्यक्तिगत स्तर पर भी मुझे ये प्रिय था। मुझे इसकी भावना भी अच्छी प्रतीत हुई। फिल्म जवानी दीवानी में मेरे चरित्र में ऐसी कोई बात नहीं थी। फिल्म में तो मैं गर्भवती हो गई थी लेकिन मेरा विवाह नहीं हुआ। कम से कम इसमें मेरा विवाह तो हुआ!'



# सर्वकालीन कर्णप्रिय संगीत

## टीम पायनियर के साथ लोकप्रिय गायिका श्वेता शेट्टी ने साझा किये अपने सर्वकालीन प्रिय पांच गीत

स्वतंत्र संगीत परिदृश्य भारत में भी अपने पांव पसारता जा रहा है। इसका कारण यद्यपि कोविड19 से जुड़े बदलावों को दिया जा सकता है क्योंकि इस बीच तकनीक में भी कई अप्रत्याशित परिवर्तन देखने में आए हैं। अब ऐसा प्रतीत होने लगा है कि संगीतकारों को अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए फिल्म उद्योग की अधिक आवश्यकता नहीं है। इसी बिंदु पर बता दें कि लोकप्रिय गायिका श्वेता शेट्टी ने अपना नवीनतम सिंगल 'जीने में है मज़ा, रिलीज़ किया है और वो हमसे साझा कर रही हैं अपने सर्वकालीन प्रिय पांच स्वतंत्र गाने–

**❒ कोलोनियल कज़िन्स का गाना 'कृष्णा...**

इसमें हरिहरन और लेस्ली लूइस के स्वर जादुई प्रतीत होते हैं। इसमें हिंदी और अंग्रेजी के शब्दों को इतने सटीक ढंग से पिरोया गया है कि आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। मेरे लिए इसमें राग और पॉप दोनों का आनंद है। इसे मैं पूरे 10 अंक दूंगी। ये अतुलनीय है!

**❒ अलीशा चिनाय का 'मेड इन इंडिया'**

मुझे इसमें बिड्डू की डिस्को बीट अच्छी लगती हैं। उनके जैसा डिस्को कोई नहीं बना सकता। लोगों ने नकल का प्रयास किया है लेकिन वे बुरी तरह से असफल रहे। बात चाहे जॉनी जोकर की हो या मेड इन इंडिया की, जब आप इसका मुखड़ा सुनते हैं तो ये देर तक कान में गूंजता रहता है। अलीशा और उसके स्वर अद्भुत हैं।

**❒ दलेर मेहंदी का 'तुनक तुनक तुन'**

इसकी बीट्स, इनर्जी और दलेर के दबंग स्वर हर डिस्को में जान डाल देते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हर व्यक्ति इसे पसंद करता होगा। इस गाने के प्रारंभ होते ही हर व्यक्ति के लिए अपने पैर स्थिर रखना कठिन हो जाता है।



**❒ शान, बाबुल सुप्रियो और सागरिका तथा मेरा गाना क्यू फंक**

90 के दशक का ये पहला रिमिक्स गाना था और क्या गाना था। हर लोकप्रिय गायक अपनी विशेषता लिये इसमें आया था। स्टेज पर ये गाना तूफान ले आता था। इसी गाने से रिमिक्स का बोलबाला और बढ़ गया था।

**❒ यो यो हनी सिंह और नेहा कक्कड़ का 'सैयां जी...'**

हनी सिंह एक मात्र ऐसे रैपर हैं जो प्रतिभा के संबंध में मेरे लिए कई प्रतिभाशाली गायकों से आगे हैं। उनके गाने में ऐसा कुछ होता ही नहीं है जो आपको अच्छा न लगे फिर बात चाहे उनके रवैये, प्रोडक्शन या फिर वीडियो या किसी और की ही क्यों न हो। ये गाना तो अविश्वसनीय कहा जा सकता है।

# अच्छी और हृदयस्पर्शी कहानी



**कंक्रीट काउ ब्वॉय**

**नेटफ्लिक्स**

**कलाकार: इदरीश एल्बा, कैलेब मैकलॉग्लिन, झैरेल जेरोम, बायरन बॉवर्स, लॉरेन टोसेंट**

**रेटिंग 6/10**

**इ**सका निर्देशन किया है रिकी स्टॉब ने और ये ग्रेग नेरी द्वारा लिखित उपन्यास 'घेटो काउब्वॉय की कहानी पर आधारित है। ये फिलाडेल्फिया पेसिंलवेनिया में फ्लेचर स्ट्रीट अर्बन राइडिंग क्लब तथा अफ्रीकन अमेरिकन हॉर्सराइडिंग कल्चर से जुड़ी है।

हालांकि इसकी कहानी औसत भारतीय के गले नहीं उतरेगी लेकिन ये दिलीप कुमार और वैज्यंतीमाला की फिल्म नया दौर से कुछ समानता तो रखती है। जिसमें तांगेवालों की जीविका बस वाले छीन लेते हैं।

अच्छी बात ये है कि इन काउब्वॉय के इतिहास के बारे में पता न होने पर भी इदरीस एल्बा और दूसरे कलाकार अपने अभिनय के बल पर दर्शकों को प्रभावित करने में सफल रहते हैं जबकि अंत के बारे में तो लोगों को पता ही चल जाता है।

फिल्म की कहानी पश्चिमी न भी हो लेकिन इससे हमें अतीत के क्लब कल्चर आदि के बारे में पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराती है जो नगरीकरण की दौड़ में समाप्त होते चले गए। फिल्म के चरमोत्कर्ष में इन लोगों द्वारा अपने काम के प्रति गर्व की भावना परिलक्षित करने के दृश्य अच्छे बन पड़े हैं।

> फिल्म के चरमोत्कर्ष में इन लोगों द्वारा अपने काम के प्रति गर्व की भावना परिलक्षित करने के दृश्य अच्छे बन पड़े हैं।

संभवत: यही कारण था कि निर्माताओं ने इसे वृत्तचित्र के माध्यम से कहने की बजाय फिल्म बनाकर प्रस्तुत किया है।

# प्रियंका चोपड़ा जोनस 2021 के बाफ्टा पुरस्कारों के प्रस्तुतकर्ताओं में शामिल

**लंदन।** फिल्म अभिनेत्री एवं निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनस को 74वें ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलिविजन आर्ट्स (बाफ्टा) पुरस्कारों के लिए एक प्रस्तुतकर्ता के तौर पर चुने जाने की घोषणा की गई है।

कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण फरवरी में स्थगित हुए वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन यहां रॉबर्ट अल्बर्ट हॉल में 10 और 11 अप्रैल को होगा।

बाफ्टा ने बृहस्पितवार को घोषणा की कि प्रियंका चोपड़ा जोनस के अलावा प्रस्तुतकर्ताओं में फोएब डिनेवोर, चिवेटल एजियोफोर, सिंथिया एरिवो, ह्यूग ग्रांट, रिचर्ड ई ग्रांट, टॉम हिडलस्टन, फेलिसिटी



जोन्स, गुगु एम्बाथा रॉ, जेम्स मैकएवोय, डेविड ओयलोवो और पेड्रो पास्कल शामिल हैं।

फिल्म क्वांटिको की अभिनेत्री ने हाल ही में अपने पति एवं पॉप स्टार निक जोनस के साथ ऑस्कर में नामित होने की घोषणा की थी।

प्रियंका चोपड़ा जोनस और लंदन के अन्य कलाकार प्रस्तुतकर्ताओं के अलावा लॉस एंजिलिस से रोज बायर्न, आंद्रा डे, अन्ना केंड्रिक और रेनी जेलवेगर अतिरिक्त प्रस्तुतकर्ताओं के तौर पर शामिल होंगे।

अभिनेत्री की आखिरी फिल्म द व्हाइट टाइगर बाफ्टा में दो श्रेणियों में नामित है। इसमें सर्वश्रेष्ठ मुख्य कलाकार की श्रेणी में आदर्श गौरव का नाम और निर्देशक श्रेणी में रूपांतरित पटकथा के लिए रमीन बहरानी का नाम शामिल है।

# मीका सिंह ने कहा कि दिवंगत वाजिद ने उन्हें विशेष रूप से अक्षय कुमार के लिए गाना सिखाया!

**पिछले** तीन दशकों से टेलिविजन कॉन्टेन्ट को आकार देने में ज़ी टीवी सबसे आगे और एक ट्रेंड सेटर रहा है और फिर एक बार वे अपनी नॉन फिक्शन प्रॉपर्टी 'इंडियन प्रो म्युज़िक लीग' (आईपीएमएल) के साथ म्युज़िक रिॲलिटी शो का चेहरा बदलने के लिए तैय्यार है। खेलजगत में कई लीग प्रतियोगिता देखने मिलती हैं लेकिन इस खास म्युज़िक लीग में 6 टीम्स भारत के विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व करते हुए म्युज़िकल चैम्पियनशिप में लड़ेंगी। इस हर टीम को बॉलीवूड और स्पोर्ट्स सेलेब्रिटी का नेतृत्व मिला है और टॉप पार्श्वगायक उनके कप्तान हैं। एक रिॲलिटी शो स्टार, एक ऑल राऊंडर और एक नये गायक का इन टीम में समावेश होगा। तीन रोमांचक इनिंग्स के बाद इस वीकेन्ड को सभी छ: टीम्स के सुपर मैच के साथ चौथे इनिंग की शुरूआत हो रही है। जहां सभी टीमें 'इंडियन प्रो म्युज़िक' के आगामी एपिसोड में अपना



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं, वहीं सभी सितारे वाजिद खान की कुछ विशेष यादें साझा करेंगे जो आज हमारे साथ नहीं हैं। मीका ने वाजिद के साथ भी ऐसी ही एक याद साझा की। वाजिद ने उसे अक्षय कुमार की 'चिंता ता चिता चिता' पर नृत्य और गायन करना कैसे सिखाया इस बारे में पंजाब लायंस के कप्तान मीका सिंह ने कहा, हम 'चिंता ता चिता चिता' की रिकॉर्डिंग कर रहे थे और वाजिद की अपनी एक शैली थी। इसमें एक अंतरा है और मैं 'अरे क्या रंग रूप है, क्या चाल ढाल है' ठीक से गा नहीं पा रहा था। कम ही लोग जानते हैं लेकिन वाजिद एक बेहतरीन डांसर थे। उन्होंने उस धुन पर नृत्य किया और मुझे धुन और शब्दों को पकड़ने में मदद की। साजिद वाजिद के गीतों पर सभी टीमों ने अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। आप गुजरात रॉकर्स, बंगाल टाइगर्स, दिल्ली जैमर्स, मुंबई वारियर्स, यूपी दबंग और पंजाब लायंस के बीच की लड़ाई तो बिलकुल मिस नहीं कर सकते। हर कोई चौथा सुपर मैच जीतने की पूरी कोशिश करेगा।